राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़



10 एलआईसी ने घरेलू संस्थानों की...

नियाभर में मुसलमान हिंसा का शिकार... 12

वर्ष : 12 | अंक : 352 | नई दिल्ली, बुधवार, 04 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 39.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

मौसम विभाग के अनुसार कुछ राज्यों में गर्मी से राहत मिलने की संभावना हैं।

पोल

तिहाड़ जेल के असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट को गिरफ्तार करना क्या यह सरकार का सही फैसला है?



बाजार

सोना 52,605

चांदी 62,300

सेंसेक्स 56,975

निफ्टी 17,069

संक्षिप्त खबर

रूसी आकाश में नजर आया महाविनाश का प्लेन परमाणु युद्ध में पुतिन की बचा सकता है जान

मास्को। यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का महाविनाश का प्लेन हाल के दिनों में मास्को के आकाश में उड़ता नजर आया है। यह खास प्लेन पुतिन को परमाणु युद्ध की स्थिति में हवा में लेकर उड़ सकता है। इल्यूशिन आईएल-80 को मास्को शहर के बाहर बहुत नीचे से उड़ान भरते देखा गया है। यह विमान ऐसे समय पर देखा गया है जब यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने परमाणु हमले की भी धमकी दी है। इस बीच रूसी अधिकारियों ने दावा किया है कि यह विमान सोमवार को होने वाले वार्षिक विक्ट्री डे परेड में रेड स्क्वायर पर नजर आएगा। इस कार्यक्रम के लिए यह विमान अभ्यास कर रहा है।

पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद

नई दिल्ली। पूरे देश में मंगलवार को ईद का त्योहार पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर देश में अमन-चैन और आपसी भाईचारा बने रहने की दुआ की तथा बाद में एक-दूसरे से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी। राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उप-राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं तथा विभिन्न राज्यों के राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और अन्य लोगों ने ईद के मौके पर लोगों को बधाई दी। राष्ट्रीय राजधानी की जामा मस्जिद और फतेहपुरी मस्जिद, लखनऊ के ईदगाह तथा पूरे देश भर में मस्जिदों में आज सुबह मुसलमान भाइयों ने नमाज अदा की।

कभी रामनवमी तो कभी ईद, पर्वो पर झुलस रहा राजस्थान

जोधपुर में ईद पर हिंसा

धारा 144 के बावजूद जुटे उपद्रवी, पुलिस का लाठीचार्ज, पत्थरबाजी व आगजनी

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के जोधपुर में ईद के मौके पर जमकर बवाल हुआ। जोधपुर के जालोरी गेट इलाके में सोमवार रात हुई हिंसा के बाद मंगलवार को भी पत्थरबाजी और आगजनी की घटनाएं हुईं। उपद्रव के बाद प्रशासन ने जोधपुर के 10 इलाकों में बुधवार तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया है। हर के दस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू की घोषणा की गई है। साथ ही इंटरनेट सेवा भी बंद है। सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को भी तैनात किया गया है। एक महीने में ऐसा दूसरी बार है कि प्रदेश के किसे जिले में हिंसा भड़की हो। इससे पहले दो अप्रैल को ही करौली में हिंदू नववर्ष पर हिंसा भड़की थी। इस दौरान कई दुकानों और मकानों को आग के हवाले कर दिया गया था। वहीं बीते चार साल की बात करें तो प्रदेश में अब तक हिंसा ही छह बड़ी घटनाएं हुईं हैं। आइए आपको बताते हैं कि प्रदेश में कब-कब हालात बिगड़े?

झंडे को लेकर शुरू हुआ था विवाद।

जोधपुर में शनिवार-रविवार को परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में रैली निकाली गई थी। इस दौरान जालोरी गेट चौराहे पर झंडे लगाए गए। दो मई की देर रात ईद को लेकर समाज के लोगों ने इसी चौराहे पर झंडे लगाने की कोशिश की। लोग वहां पहले से लगे झंडों को हटाकर अपने धर्म के झंडे लगाने लगे, दूसरे समाज के लोगों ने इसका विरोध किया। इस दौरान एक युवक के साथ विशेष समुदाय के लोगों ने मारपीट कर दी। इसके बाद मौके पर जुटी भीड़ ने नमाज के लिए लगाए गए लाउडस्पीकरों को पोल से हदा दिया। दोनों समुदाय के लोग आमने-सामने आ गए और पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागकर कर हालात काबू में किए। पथराव में डीसीपी भुवन भूषण यादव, एसएचओ अमित सिहाग सहित चार पुलिसकर्मी और कुछ मीडियाकर्मी भी घायल हो गए हैं। मंगलवार सुबह से सरकार सहित जिला प्रशासन हालातों पर कड़ी नजर बनाए हुए है। शहर के दस थाना इलाकों में चार मई रात 12 बजे तक कर्फ्यू लागू कर दिया गया है।

धरने पर बैठे गजेंद्र सिंह शेखावत

हिंसा को लेकर भाजपा मुख्यमंत्री गहलोत पर हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत धरने पर बैठ गए हैं। वहीं सतीश पूनिया ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। गहलोत सरकार के राज में तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। मामले को लेकर पूनिया ने कहा कि इस तरह के घटना कांग्रेस के संरक्षण में किया जाता है। पूनिया ने कहा कि इस तरह के मामले बहुसंख्यक समुदाय पर चोट है। प्रदेश के शांति, लोगों की सुरक्षा के लिए वोट की राजनीति छोड़कर गहलोत जी को जनसुरक्षा की चिंता करनी चाहिए।

दोषी को छोड़ेंगे नहीं : गहलोत

मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि अपराधी किसी भी धर्म, जाति या समुदाय का ही क्यों ना उसे बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई कर कड़ी सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी धर्म अपने त्योहारों को बड़े प्रेम से बनाते आए हैं। जोधपुर में यह अपनापन और भी खास है, यह परंपरा बने रहने की आवश्यकता है।

10 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू

जोधपुर जिला प्रशासन ने तनाव को देखते हुए सुबह करीब 12 बजे जोधपुर के उदयमंदिर, सदर कोतवाली, सदर बाजार, नागोरी गेट, देव नगर, खांडाफलसा, प्रताप नगर, प्रताप नगर सदर, सूरसागर और सरदारपुरा थाना क्षेत्र में कल रात कर्फ्यू लगाया गया है।

कासगंज हादसे में 10 की मौत, 11 घायल

कासगंज। कासगंज के पटियाली में बदायूं-मैनपुरी हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सत्संगियों से भरे ऑटो व बोलेरो की आमने-सामने भिड़ंत में मरने वालों की संख्या दस हो गई है। इनमें कई बच्चे और महिलाए हैं। 11 लोग घायल हैं। हादसे की वजह बोलेरो ड्राइवर को झपकी लगना बताया है। हादसे पर मुख्यमंत्री योगी ने दुख जताया है। शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पटियाली के पास बहादुरपुर में भोले बाबा का आश्रम है। यहां सत्संग चल रहा है। मंगलवार को यहां फरुर्खाबाद के घसिया चिलौली से महिलाएं व बच्चे टेम्पो से लौट रहे थे। सुबह साढ़े नौ बजे टेम्पो अशोकपुर पहुंचा तभी अचानक बेकाबू बोलेरो सामने से उसमें घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए। टेम्पो सवार दो बच्चों व महिलाओं समेत छह की मौके पर मौत हो गई। जबकि टेम्पो चालक व तीन महिलाओं ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं हादसे के बाद बोलेरो सड़क किनारे झाड़ियों में जा घुसी। बोलेरो में सवार 11 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

विस्तृत खबर पृष्ठ 8 पर

कई सालों के बाद खत्म हुआ इंतजार

पहाड़ी पर पैदल चढ़कर मां से मिलने पहुंचे सीएम योगी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

और खत्म हुआ इंतजार.. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ आखिरकार कई सालों के बाद अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे। बीते सवा पांच साल से वो शख्स देश-दुनिया में छाया रहा, लेकिन बुजुर्ग मां की आंखें पल-पल बेटे की राह निहारती रही। एक लंबे इंतजार के बाद ही सही मंगलवार को आखिरकार वो भावुक क्षण आ गया। पहाड़ के एक आम गांव में बैठी बजुर्ग मां ने दुनिया के लिए बड़ा नाम हो चुके अपने लाल को गले से लगाकर जी भर कर लाड़ दिया। भावुक योगी एक पल मां को निहारते रहे। योगी इससे पहले 2017 में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अपने घर आए थे। यमकेश्वर में भाजपा प्रत्याशी ऋतु खंडूडी के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद 11 फरवरी 2017 को योगी ने रात अपने घर पर बिताई थी। तब वो सिर्फ गोरखपुर के एक सांसद थे। इसके कुछ माह बाद ही वह यूपी के सीएम बन गए। बड़ी जिम्मेदारी मिलने के कारण योगी अपने गांव नहीं आ पाए थे। इस बीच 2020 में उनके पिता आनंद सिंह बिष्ट का भी निधन हो गया। योगी फिर भी अपने गांव नहीं आ पाए। हालांकि उनके परिवारी लोग योगी से मिलने लखनऊ जाते रहे हैं, लेकिन मां से मिलने की उसकी इच्छा हमेशा बनी रही। बतौर सीएम पहले कार्यकाल में 84 वर्षीय मां सावित्री देवी भी लखनऊ सीएम आवास में गई थीं। लेकिन इसके बाद मां और बेटे का मिलन नहीं हो पाया।

संबंधित समाचार पृष्ठ 8 पर

नाइट क्लब में दिखे राहुल गांधी, बीजेपी ने पूछे तीखे सवाल

काठमांडू, एजेंसी

राहुल गांधी काठमांडु के एक नाइट क्लब में नजर आए। राहुल गांधी की इस नाइट क्लब विजिट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राहुल गांधी इस वक्त नेपाल के दौरे पर हैं। बताया जा रहा है कि वो अपनी एक दोस्त की शादी में शामिल होने के लिए नेपाल गए हैं। इस बीच, उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वो काठमांडू के एक मशहूर पब में नजर आ रहे हैं। इसको लेकर बीजेपी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है। इस बीच, बीजेपी नेता कपिल मिश्रा ने ट्वीट कर राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'ये राहुल गांधी की निजी जिंदगी का मामला नहीं है। राहुल गांधी किसके साथ हैं? क्या चाइना के एजेंटों के साथ हैं? क्या राहुल गांधी जो ट्वीट करते हैं सेना के खिलाफ वो चाइना के दबाव में करते हैं? सवाल तो पूछे जाएंगे? सवाल राहुल गांधी का नहीं, देश का है।' वहीं, बीजेपी नेता अमित मालवीय ने ट्वीट किया कि राहुल गांधी एक नाइट क्लब में थे जब मुंबई सीज थी। वह ऐसे समय में एक नाइट क्लब में हैं जब उनकी पार्टी खत्म हो रही है।

तिहाड़ जेल का सहायक अधीक्षक गिरफ्तार महाठग सुकेश की मदद का लगा आरोप

82 जेल अधिकारियों से मांगी थी पूछताछ की अनुमति

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तिहाड़ जेल के एक 57 वर्षीय असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट प्रकाश चंद को गिरफ्तार किया है। उन पर जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर को पैसों के बदले सुविधाएं प्रदान करने का आरोप है। तिहाड़ जेल परिसर के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाले आरोपी प्रकाश चंद बीते माह 29 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ पिछले साल अगस्त 2021 में आईपीसी की धाराओं 170, 384, 386, 388, 406, 409, 419, 420, 468, 471, 506, 186, 353, 120बी, 66-डी आईटी एक्ट और 3,4 मकोका के तहत थाना स्पेशल सेल (एडह) दिल्ली में एफआईआर दर्ज की गई थी।

वह 2019 से मई 2021 तक रोहिणी जेल में असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट के रूप में तैनात रहे थे। आरोप है कि रोहिणी जेल में अपनी पोस्टिंग और महाठग सुकेश चंद्रशेखर के वार्ड में ड्यूटी के दौरान उन्होंने आरोपी को अपराध करने में मदद की थी। वह वर्तमान में तिहाड़ जेल की जेल नंबर 2 में असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट के पद पर तैनात हैं। बता दें कि, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) भी 200 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी मामले में आरोपी शातिर महाठग सुकेश चंद्रशेखर के मामले की जांच कर रही है। ईओडब्ल्यू ने हाल ही में 82 जेल अधिकारियों से पूछताछ की अनुमति मांगी थी, जिन्होंने कथित तौर पर सुकेश को जेल के अंदर विशेष सुविधाएं दिलाई थी। इस तथ्य के सामने आने के बाद जेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया था और उन्होंने धरना भी दिया था।

सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ धोखाधड़ी और उगाही के आरोप में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एफआईआर दर्ज की थी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। एफआईआर में सुकेश पर धोखाधड़ी और रेलीगेयर इंटरप्राइज के पूर्व प्रमोटर शिवेन्दर मोहन सिंह की पत्नी अदिति सिंह से उगाही का आरोप लगाया गया था। उन्हें रेलीगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड के धन के गबन के आरोप में दर्ज एक मामले में अक्टूबर 2019 में गिरफ्तार किया गया था। चंद्रशेखर ओर उसके साथियों ने खुद को सरकारी अधिकारी बताते हुए अदिति सिंह से उनके पति को जमानत दिलाने में मदद का वादा कर उससे कथित तौर पर धन लिया। जेल में रहते हुए चंद्रशेखर ने खुद को केंद्र सरकार का अधिकारी बताते हुए अदिति सिंह को फोन कर उससे अपने खाते में ट्रांसफर करने को कहा था।

सम्बोधन पीएम बोले– भारत कोरोना की सस्ती और प्रभावी वैक्सीन नहीं देता तो दुनिया का क्या होता

स्वागत : डेनमार्क में गूंजा मोदी-मोदी

कोपेनहेगन, एजेंसी

डेनमार्क की यात्रा के दौरान मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन भी मौजूद थीं। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन का यहां होना इस बात का प्रमाण है कि भारतीयों के प्रति उनके दिल में कितना सम्मान और प्यार है, मैं उन्हें इस कार्यक्रम के लिए समय निकालने और यहां आने के लिए बहुत धन्यवाद करता हूं।

हमारी हरित रणनीतिक साझेदारी प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन की व्यक्तिगत प्राथमिकताओं, उनकी मूल्यों से गाइडेड है। आज उनके साथ मेरी जो चर्चा हुई है उससे दोनों देशों के संबंधों को नई ताकत मिलेगी, नई ऊर्जा मिलेगी। कोरोना के कारण

बहुत समय तक सभी की लाइफ एक तरह से वर्चुअल मोड में ही चल रही थी। पिछले साल जैसे ही आवाजाही मुमकिन हुई तो प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पहली हेड ऑफ गवर्नमेंट थीं जिनका हमें भारत में स्वागत करने का अवसर मिला।

ये भारत और डेनमार्क के मजबूत होते संबंधों को दिखाता है। एक भारतीय दुनिया में कहीं भी जाए, वो अपनी कर्मभूमि और उस देश के लिए पूरी ईमानदारी से कंट्रीब्यूट करता है। अनेक बार जब मेरी विश्व नेता से मुलाकात होती है तो वे अपने देशों में बसे भारतीय समुदाय की उपलब्धियों के बारे में मुझे गर्व से बताते हैं। भाषा अनेक लेकिन भाव एक, भाषा कोई भी हो, लेकिन हम सभी के संस्कार भारतीय ही हैं। हमारी खाने की थाली बदल जाती है, स्वाद बदल जाता है। लेकिन स्नेह से बार-बार आग्रह करने का भारतीय तरीका नहीं बदलता। हम राष्ट्ररक्षा के लिए मिलकर खड़े होते हैं, राष्ट्रनिर्माण में मिलकर जुटते हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत जो कुछ भी हासिल कर रहा है, वो उपलब्धि सिर्फ भारत की नहीं है, बल्कि वो करीब वन-फिफ्थ ह्यूमेनिटी की उपलब्धि है। कल्पना कीजिए कि अगर भारत में हम वैक्सीनेशन को हर परिवार तक नहीं पहुंचा पाते, तो उसका दुनिया पर क्या असर होता?। अगर भारत मेड इन इंडिया, सस्ती और प्रभावी वैक्सीन पर काम ना करता, बड़े स्केल पर प्रोडक्शन ना करता, तो दुनिया के अनेक देशों की क्या स्थिति होती? भारत जब अपने नागरिकों को गरीबी से बाहर निकालता है तो दुनिया से गरीबी कम होती है।

लगभग 75 महीने पहले हमने

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

सीएम शिवराज ने भगवान परशुराम की 21 फीट की प्रतिमा का किया अनावरण

भोपाल, एजेंसी

अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर गुफा मंदिर प्रांगण में सीएम शिवराज ने भगवान परशुराम जी की 21 फीट की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में 5100 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली।

इसमें जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि, गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेशदास महाराज, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ऐलान किया कि पुजारियों को मानदेय दिया जाएगा। कर्मकांडी संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि संस्कृत शिक्षकों के 1900 पद भरे गए हैं। जब तक दूसरे पदों की भर्ती नहीं होती है, तब तक शिक्षक रखे जाएंगे। पुजारियों को 5000 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इतना ही नहीं मंदिरों की समितियों के पास हैं, वो जमीन नहीं बेची जाएंगी। पुजारियों को अधिकार दिए जाएंगे। कर्मकांडी संस्कृत छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। साथ ही संभल योजना का लाभ भी दिया जाएगा। 1000 ब्राह्मण समाज के युवा शामिल होंगे। 1100 वैदिक ब्राह्मण स्तुति वाचन करेंगे। 500 युवाओं की टोली आखड़ों के साथ नृत्य करते हुए शोभा यात्रा में शामिल रहेंगे। ब्राह्मण समाज के 20 अलग-अलग संगठनों से जुड़े लोग शामिल होंगे। स्कलों में भगवान परशुराम के चरित्र को पढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बीमारू राज्य से अच्छा बना दिया : अवधेशानंद गिरि

भगवान परशुराम की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मप्र बीमारू राज्य हुआ करता था, जो अब सबसे अच्छा राज्य बन गया है। यह श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ही जाता है। मुख्यमंत्री के बारे में कहा कि देश के बहुत बड़े नेता हैं, जो देश का भविष्य हैं। हम पहले हिन्दू हैं, इसके बाद जाति है। हम लोग यदि जातियों में नहीं बंटे होते तो आक्रमणकारी हमको बंधक नहीं बनाते।

कार्यक्रम

● कर्मकांडी संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी: मुख्यमंत्री

परशुराम के बारे में कहा जाता है कि त्रेता में शिव धनुष पर प्रपंचा साधने पर राम-लक्ष्मण पर क्रोधित हुए। पर राम का स्वरूप जान वह सीधे तप करने के लिए महेंद्रगिरी पर्वत को गमन कर गए। तो द्वापर में वह भीष्म, द्रोण और कर्ण के गुरू बने। पर वर्ण छिपाने पर कर्ण को भी उनके कोपभाजन का शिकार होना पड़ा। और परशुराम का यह कोप ही कर्ण की मृत्यु की वजह बना। तो अंबा का हरण करने पर भीष्म से युद्ध किया और इच्छामृत्यु के वरदान ने ही भीष्म की रक्षा की। पिता जमदग्नि की आज्ञा से मां रेणुका का सिर काटने वाले परशुराम का बुद्धिचातुर्य ही था कि पिता ने वरदान दिया तो फिर मां और भाईयों का जीवनदान मांग लिया। इस महान ऋषि की कहानियां बहुत हैं और इनकी वीरता सभी को ओज से भर देती है। वर्णन मिलता है कि परशुराम त्रेता में थे, द्वापर में थे और कलियुग में कल्कि अवतार के रूप में जन्म लेकर कलियुग का अंत करेंगे। तो शिव प्रदत्त परशु यानि कुल्हाड़ी जिनका अस्त्र है, ऐसे परशुराम को बारंबार प्रणाम। गुफा मंदिर में उनका नया धाम आस्थावान श्रद्धालुओं की आस्था का परमधाम अवश्य बनेगा।

खरगोन हिंसा नहीं रोक पाना शासन प्रशासन की असफलता: दिग्विजय सिंह

इंदौर, एजेंसी

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि खरगोन हिंसा को नहीं रोक पाना शासन व प्रशासन की असफलता है। दिग्विजय सिंह ईद के मौके पर शहर में थे। दिग्विजय ने सुबह सदर बाजार मस्जिद में शहर काजी की अगवानी की और ईद की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की।

दिग्विजय सिंह ने कहा है कि त्योहार मिलाप का है, सौहार्द बढ़ाता है। प्रेम और भाईचारा बढ़ाते हैं। सभी को मिलकर इसे मनाना चाहिए। खरगोन दंगों को लेकर उन्होंने कहा कि खरगोन में वाकये के दो सप्ताह बाद भी कर्फ्यू लगा हुआ है। ईद के दिन ईदगाह में नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं दी गई। यह शासन प्रशासन की असफलता है। लोगों में प्रेम, सद्भाव का भाव जो बिगड़ा हुआ है, प्रशासन वह नहीं सुधार पा रहा है। रामनवमी के दिन सुबह जूलुस निकला, जिसमें मुस्लिमों ने पानी पिलाया। वह प्रेम और सद्भाव के साथ खत्म हो गया था।

फिर दूसरी बार जूलुस क्यों निकाला गया। इनके बाद नियमों को तोड़ा गया। इसकी जांच होनी चाहिए। जिन लोगों ने शहर का माहौल बिगाड़ने का काम किया है, जिन्होंने पत्थर फेंकें, जिन्होंने आग लगाई, जिन्होंने तलवारें मारी, उन्हें सजा दी जानी चाहिए। चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम हो, जिसने शांति का माहौल खराब किया है, उसे सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि मेरे मुख्यमंत्री काल में जब बाबरी मस्जिद ढांचा ढहाया गया था, तो पूरे प्रदेश में कुछ घटनाएं हुई थी। लेकिन दंगा नहीं हुआ था। इसे हमारी सरकार ने संभाल लिया था। लाउड स्पिकर को लेकर चल रहे विवाद के बारे में दिग्विजय ने कहा कि यह सब बकवास है। यह सभी जनता का ध्यान मूल मुद्दों से हटाकर दूसरी ओर करने के लिए किया जा रहा है। हर चीज के दाम आसमान छू रहे हैं। जनता महंगाई को लेकर त्रस्त है। इंदौर की सदर बाजार ईदगाह पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शहर काजी इशरत अली की अगुवाई की और स्वागत किया। उन्होंने सभी को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद के मौके पर वह संयोग से इंदौर में थे और वह जहां भी रहते हैं, ईद मनाने के लिए ईदगाह में जाते हैं। दिग्विजय सिंह के बयान पर बीजेपी प्रवक्ता उमेश शर्मा ने इंटरनेट मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने लिखा- परशुराम जयंती और ईद के दिन भी जहरखुरानी की आदत से मजबूर आदमी शुभकामना और मुबारकबाद देने से ज्यादा खरगोन दंगों के जख्म कुरेद रहे हैं। एक बार फिर हिंदुओं पर आरोप लगा रहे हैं कि दंगा रामनवमी का जुलूस निकालने वालों की करतूत है। ये कांग्रेस के नेता से ज्यादा देवबंदी धड़े के मौलाना जैसा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं।

संक्षिप्त खबरें

दो इनामी लुटेरो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संभल। थाना बहजोई के अंतर्गत एसओजी तथा सर्व लाइंस की संयुक्त टीम ने दो 25 25 हजार के लुटेरों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जिसमें या यूं ही थाने के अंतर्गत दो बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं 2525 के इनामी मित्रों को गिरफ्तार किया गया है यह दोनों अभियुक्त जिनका नाम चरण सिंह और प्रमोद है यह अभियुक्त थाना किन्नौर और जुनावई के क्षेत्र के रहने वाले हैं और इनके पास से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और एक अवैध शस्त्र और दो जिंदा कारतूस तथा दो पीली धातु के जेवर बरामद किए गए हैं और उनके साथी अभी दो फरार हैं और इनके विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है फरार चल रहे दो अभियुक्तों के खिलाफ छानबीन जारी है।

भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में माटी पूजन महाभियान की शुरूआत की

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया के अवसर पर मंगलवार को अक्ती तिहार और माटी पूजन दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां सीएम भूपेश ने विश्वविद्यालय के खेत में ठाकुरदेवता की पूजा अर्चना कर खेती-किसानी के नये कामों की शुरूआत की और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री भूपेश ने माटी पूजन के दौरान सबसे पहले कोठी से अन्न लेकर ठाकुर देव को अर्पित किया। यहां परंपरागत तौर पर उन्होंने अन्न के दोने को बैगा को सौंपा। इस अन्न को ठाकुर देव के सामने रखकर अन्न पूजा की। इसके बाद मुख्यमंत्री बघेल ने खेत में हल और ट्रैक्टर चलाकर लौकी, कुम्हड़ा और तरोई के बीज बोए। धरती और प्रकृति की रक्षा करने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में माटी पूजन महाभियान की शुरूआत की। इसके अंतर्गत राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा। बतादें कि अक्षय तृतीया का दिन बहुत शुभ माना गया है। इस दिन जिस काम की शुरूआत होती है, उसकी पूर्णता निश्चित मानी जाती है।

इस मौके पर भूपेश बघेल ने कहा, माटी पूजन महाभियान का लक्ष्य रासायनिक खेती की जगह जैविक खेती की पुनर्स्थापना है। हमारी कृषि परम्परा में यह दिन विशेष महत्व रखता है। अक्षय तृतीया से नई फसल के लिए तैयारी शुरू होती है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही राज्यभर में कार्यक्रम आयोजित कर धरती माता की रक्षा की शपथ ली गई। साथ ही जैविक खेती का संकल्प लिया गया। बता दें कि अक्षय तृतीया को छत्तीसगढ़ में अक्ती के नाम से भी जाना जाता है। प्रदेश में सरकार जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस कड़ी में मिट्टी की उर्वरा शक्ति के पुनर्जीवन के लिए रासायनिक खादों व कीटनाशकों के स्थान पर वर्मी कंपोस्ट के उपयोग के साथ ही गोमूत्र और अन्य जैविक पदार्थों के उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम किया जा रहा है। इसी उद्देश्य को ही आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष अक्षय तृतीया पर राज्य में माटी पूजन दिवस मनाने का महा अभियान शुरू किया गया है। राजधानी रायपुर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं सभी ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर परंपरागत रूप से माटी पूजन किया गया।

महाराष्ट्र अल्टीमेटम पर नहीं चलता: राउत

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे द्वारा मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने के लिए दी गई तीन मई की समय सीमा को लेकर सत्तारूढ़ शिवसेना ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र अल्टीमेटम पर नहीं चलता है और राज्य में कानून का शासन है। राज ठाकरे को रविवार को औरंगाबाद में कथित रूप से भड़काऊ भाषण देने के लिए संभावित पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने की अपनी मांग दोहराई थी। शिवसेना सांसद एवं पार्टी के मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने यहां पत्रकारों से कहा कि अगर कोई भड़काऊ भाषण देता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, सरकार किसी अल्टीमेटम पर नहीं चलती। राज्य में कानून का शासन है। ऐसी अटकले हैं कि दंगा भड़काने के लिए असामाजिक तत्वों को राज्य में लाया जाएगा। यह पूछे जाने पर कि राज्य में असामाजिक तत्वों को कथित रूप से लाने के पीछे कौन हैं, राउत ने कहा, जिनके पास ताकत नहीं है, ऐसे लोग। राज्य पुलिस स्थिति से निपटने में सक्षम है। मुख्यमंत्री स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा, किसी को भी अगर यह लगता है कि वो सरकार को अस्थिर कर सकता है, तो वो बहुत बड़ी गलती कर रहा हैं और उसका पदार्फाश हो जाएगा।

लोनी में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

लोनी, प्रात: किरण संवाददाता

मंगलवार को लोनी के कई मंदिरों के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। इस कड़ी में लोनी स्थित परशुराम नगर मंदिर में आयोजित प्रोग्राम के दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष (किसान मोर्चा) पं0 ललित शर्मा ने यज्ञ में भाग लेकरकर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया।

वहीं दूसरी ओर राष्ट्रवादी ब्राह्मण संघ के जवाहर नगर कार्यालय पर भी परशुराम जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर भाजपा नेता ललित शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, धर्म, शास्त्र, शक्ति के प्रतीक है । परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की महर्षि वेदव्यास, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कंडेय सहित उन आठ अमर व्यक्तित्व में गिनती होती है, जिन्हें कलियुग तक अमर माना गया है। भगवान परशुराम जी के द्वारा सत्य, न्याय और ज्ञान से संबंधित मार्ग को आज हम सभी को अनुसरण करना चाहिए।

समाज को एकजुट कर आपस में एक दूसरे के सुख-दुख का साथी बनना चाहिए क्योंकि संगठित समाज किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति कर सकता है। उन्होंने कहा जरूरी है कि सभी लोग एकजुट होकर भगवान परशुराम जी द्वारा दिखाए गए मानव कल्याण के गुणों को आत्मसात करें।

चम्पावत में सीएम धामी की ऐतिहासिक जीत होगी: शर्मा

अल्मोड़ा। चम्पावत में होने वाले उप चुनाव के चुनाव संचालन समिति के प्रभारी कैलाश शर्मा ने कहा कि चम्पावत में सीएम पुष्कर सिंह धामी की ऐतिहासिक जीत होगी। उन्होंने कहा कि वह अपनी अल्मोड़ा विधानसभा में रहकर विधायक से ज्यादा काम करेंगे। मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में चम्पावत चुनाव संचालन समिति के प्रभारी कैलाश शर्मा ने कहा कि अल्मोड़ा में विधानसभा चुनाव में भीतरघात के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में न तो कुछ जानता हूं ना ही कुछ कह सकता हूं। इसके लिए अनुसाशन समिति बनाई गई है। वह इस पर काम कर रही होगी। चम्पावत उप चुनाव को लेकर शर्मा ने कहा कि बीजेपी भारी मतों से चुनाव में जीत दर्ज करेगी। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए मैं संगठन का आभारी हूँ। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने मुझे प्रत्याशी बनाया। इसके लिए वह सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हैं। मैंने 12 दिन में चुनाव लड़ा। इसमें चार दिन बर्फबारी भी रही। इसके बाद भी मुझे लोगों का बहुत आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत लगी रहती है।

लोनी में हर्षोल्लास के साथ मना ईद का त्यौहार

शिव कुमार बिंदल, प्रात: किरण संवाददाता

लोनी। सोमवार देर शाम चांद की तस्दीक के बाद ईद के त्यौहार की इंतजार खत्म हुई। मंगलवार के दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समाज के अमन चैन की दुआ के साथ ईद का त्यौहार उत्साह पूर्वक मनाया, इस दौरान सभी ने सरकारी गाइडलाइंस का भी पूरी तरह ध्यान रखा। सुबह ईद की नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर हिंदू भाइयों ने भी बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे।

मुख्य रूप से लोनी ईदगाह पर बड़ी संख्या में ईद की नमाज अता होने के कारण सुबह 7 बजे से ही नवाजियो ने वहां पहुंचकर अपना-अपना स्थान सुनिश्चित करना शुरू कर दिया था। जहां देखते ही देखते नवाज का समय होने तक ईदगाह प्रांगण खचाखच भर चुका था। जबकि इसके अलावा नमाजियों द्वारा क्षेत्र में स्थित विभिन्न मस्जिदों व मदरसों में भी ईद की नमाज अता की

गई। निर्धारित समय अनुसार 8:45 पर मौलाना शाही इमाम ने सभी को नमाज अता कराने के बाद उन्हें आपसी भाईचारे व प्रेम की सीख देते हुए बताया कि खुदा ने ईद का त्यौहार रोजो के बाद हमे एक तोहफे के रुप में बख्शा है जिसके लिए हमें खुदा का शुक्रिया मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं ईद का यह मौका देश में अमन चैन व खुशहाली को और बढ़ावा देने वाला। साबित हो। नवाज अता होने के बाद बच्चे हो या बड़े, सभी का एक दूसरे को गले मिलकर बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान हिंदू समुदाय के लोगो व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके उपरांत सभी ने ईद उल फितर (मीठी ईद) के इस त्यौहार पर खासतौर से बनने वाली विभिन्न मेवायुक्त सीमई आदि का वितरण किया तो अनेक सगे संबंधियों को अपने घर पर बुलाकर भी उनकी दावत की जिसमें अनेक हिंदू समुदाय के लोगो ने भी अपने मुस्लिम भाइयों के घर पहुंचकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी और वहां सीमई व अन्य व्यंजनों का स्वाद लेते हुए उनके ईद त्यौहार की खुशिया साझा की।

सुरक्षा व्यवस्था के रहे इंतजामात: ईद की नमाज पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पहले से तैयारियों में जुटे पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजामात किए गए थे। मुख्य रूप से ईदगाह के अलावा अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए थे। इसके लिए जहां सर्किल क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को लगाया गया था वही अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। जबकि थाना प्रभारियों के अलावा पुलिस प्रशासन के अन्य शीर्ष अधिकारी भी चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए थे ताकि कोई भी असामाजिक तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सके।

गुजरात एटीएस की बड़ी कार्रवाई 775 करोड़ की हेरोइन जब्त की

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में रविवार को यूपी के मुजफ्फरनगर में एक घर से 775 करोड़ रुपये मूल्य की 155 किलोग्राम हेरोइन और 55 किलोग्राम रसायन जब्त किया। एटीएस के अनुसार यह घर राजी हैदर जैदी के एक रिश्तेदार का है जिसे 25 अप्रैल को गुजरात में समुद्र के बीच में पर एक अभियान के बाद 280 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं की बरामदगी के कुछ दिनों बाद गिरफ्तार किया गया था। भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस ने एक पाकिस्तानी को पकड़ा था। तब 280 करोड़ रुपये के बलावा 56 किलोग्राम हेरोइन के साथ नौ लोगों को पकड़ा गया था। गुजरात एटीएस के डीएसपी भावेश रोजिया को एक इनपुट मिला कि जैदी ने मुजफ्फरनगर में अपनी बहन के घर पर बड़ी मात्रा में ड्रग्स छिपाए थे। सूचना के आधार पर गुजरात एटीएस पुलिस सब-इंस्पेक्टर, सिटी क्राइम ब्रांच के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) के पुलिस इंस्पेक्टर, दिल्ली स्पेशल सेल की टीम और मुजफ्फरनगर के एसओजी ने जैदी की बहन के घर पर छापेमारी की। एटीएस एसपी सुनील जोशी ने शहर में संवाददाता सम्मेलन में कहा। उन्होंने आगे कहा की अब तक गुजरात एटीएस ने यूपी के मुजफ्फरनगर से 35 किलोग्राम अतिरिक्त हेरोइन, दिल्ली के जामिया नगर और शाहीन बाग से 50 किलोग्राम हेरोइन और मुजफ्फरनगर के एक घर से 155 किलोग्राम हेरोइन और 55 किलोग्राम रसायन जब्त किया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, गुजरात एटीएस ने देश के विभिन्न हिस्सों से 296 किलोग्राम ड्रग्स और रसायन जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत 1,500 करोड़ रुपये है।

ताजमहल में जाने की अनुमति नहीं दी तो जारी रहेगा अनशन: संत परमहंस

आगरा, एजेंसी

ताजमहल में प्रवेश को लेकर अयोध्या के संत परमहंस जिद पर अड़े हुए हैं। उन्होंने अन्न जल का त्याग कर अनशन शुरू कर दिया है। वहीं एक वीडियो जारी कर एलान किया है कि अगर उन्हें तेजोमहल यानि ताजमहल में प्रवेश नहीं दिया गया तो वे लौटकर नहीं जायेंगे और अन्नजल का त्याग कर आगरा में ही धरना देंगे।

अयोध्या के संत परमहंस आचार्य को आगरा पुलिस ने सिकंदरा स्थित कीठम झील के गेस्ट हाउस में रखा है। वे मंगलवार सुबह भगवा धारण कर ताजमहल में प्रवेश करने आये थे। ईद के मौके पर शहर की फिजा ना बिगड़े इसलिए पुलिस व प्रशासन ने उन्हें ताजमहल पहुंचने से पहले ही हिरासत में ले लिया। उन्हें कीठम स्थित सुरकुटी के गेस्ट हाउस में नजर बंद कर किया गया है। सूत्रों के

मुताबिक वे पांच मई तक कीठम के गेस्ट हाउस में नजर बंद रह सकते हैं। हालांकि किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इसकी जानकारी नहीं दी है।

संत परमहंस का का कहना है कि उन्हें एएसआई के सुपरिटेंडेंट ने निमंत्रण देकर आगरा बुलाया था। उनके बुलावे के बाद ही वह ताजमहल देखने के लिए आए थे। लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें ताजमहल में जाने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह ताजमहल नहीं तेजोमहल है। यहां पर भगवान शिव की पिंडी है। जिसका दर्शन करने के लिए वे यहां आए हैं। अयोध्या छावनी जगद्गुरु परमहंस आचार्य का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें वह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि आगरा पुलिस व प्रशासन ने उन्हें तेजो महल में भगवान शिव के प्राचीन मंदिर के दर्शन नहीं करने दिए। क्योकि मैं भगवा पहना हूं। जबकि टोपी वालों को ताज में जाने की इजाजत है। उन्होंने बताया कि पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तीन-चार घंटे तक उन्हें शहर में ही घुमाते रहे। इसके बाद उन्हें लाकर डल झील के गेस्ट हाउस में छोड़ दिया।

शादी करने की नियत से लड़की का किया अपहरण, केस दर्ज

मधुबनी। जिले के सहारघाट थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी की नियत से एक लड़की का अपहरण कर लिया जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर लड़की की मां ने सहारघाट थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर अपहरण करने का आरोप लगाते 6 लोगो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें उत्तरा गांव निवासी इंद्रजीत मंडल, बैजनाथ मंडल, गोलिया देवी, अनिल मंडल, रोना देवी, बिल्टू मंडल को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दिए गए आवेदन में लिखा है की 25 अप्रैल को उनकी लड़की की शादी निर्धारित थी, जिसकी सभी तैयारी हो चुकी थी। सभी तैयारी पूरी हो चुकी थी, लेकिन 16 अप्रैल की रात से लड़की लापता हो गई। वही शादी के लिए घर में है रखें तीन लाख रुपए भी गायब है। परिवार वालों ने काफी खोजबीन की, तो जानकारी मिली की आरोपी इंद्रजीत मंडल शादी मैं झांसा देखकर लड़की का अपहरण कर लिया है। जब उस के घर जाकर लड़की और रुपए वापस करने से लिए कहा गया, तो आरोपियों ने मारपीट की थी।

हिंदी नहीं है राष्ट्र भाषा : सोनू निगम

नई दिल्ली, एजेंसी

● मुझे नहीं लगता कि संविधान में कहीं भी यह लिखा है कि हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है: गायक

गायक सोनू निगम ने कहा है कि हिंदी राष्ट्र भाषा नहीं है तथा इसे गैर-हिंदी भाषी लोगों पर थोपने की कोशिश से देश के लोगों में आपसी मनमुटाव और दरार ही पैदा होगी। उनका यह बयान ऐसे समय आया है जब कुछ दिन पहले ही हिंदी के राष्ट्रभाषा होने को लेकर बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और कन्नड़ अभिनेता किच्छा सुदीप के बीच ट्विटर पर बहस हो गयी थी।

अजय देवगन ने ट्वीट किया था कि, हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा थी, है, और हमेशा रहेगी। दरअसल, सुदीप ने ट्वीट कर कहा था कि हिंदी अब राष्ट्रभाषा नहीं है। इसी के जवाब में अजय देवगन ने ट्वीट किया था। देवगन ने ट्विटर पर लिखा था, किच्छा सुदीप, मेरे भाई, आपके अनुसार अगर हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा नहीं है तो आप अपनी मातृभाषा की फिल्मों को हिंदी में डब करके क्यों रिलीज करते हैं? हिंदी हमारी मातृभाषा और राष्ट्र भाषा थी, है, और हमेशा रहेगी। जन गण मन। सोमवार को यहां एक कार्यक्रम में जब सोनू निगम से हिंदी भाषा को लेकर हो रही इस बहस पर उनके रुख के बारे में पूछा गया, तो गायक ने कहा कि वह हैरान हैं कि यह चर्चा का विषय है। गायक ने कहा, मुझे नहीं लगता कि संविधान में कहीं भी यह लिखा है कि हिंदी हमारी राष्ट्र भाषा है।

यह सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा हो सकती है, मैं इसे समझता हूं, लेकिन यह राष्ट्रभाषा नहीं है। उन्होंने वेबसाइट सिनेमा बीस्ट से कहा, ह्यऐसा कहकर, क्या हम जानते हैं कि तमिल दुनिया की सबसे पुरानी भाषा है? संस्कृत और तमिल के बीच विवाद है। लेकिन, लोग कहते हैं कि तमिल पूरी दुनिया में सबसे पुरानी भाषा है। भारत की कोई राष्ट्र भाषा नहीं है और हिंदी तथा कन्नड़ संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध 22 भाषाओं में से हैं। हिंदी और अंग्रेजी दोनों आधिकारिक भाषाएं हैं। तमिल, कन्नड़, तेलुगु, गुजराती, मलयालम और बंगाली जैसी कई भारतीय भाषाओं में गाने गा चुके सोनू निगम ने कहा कि किसी को भी दूसरों पर हिंदी नहीं थोपनी चाहिए। गायक ने कहा, म ऐसा क्यों कर रहे हैं? यह चर्चा क्यों हो रही है? अपने पड़ोस (देशों) को देखो और आप यह कहकर हमारे देश के भीतर दरार पैदा कर रहे हैं कि आप भी हिंदी बोलते हैं। लेकिन, उन्हें क्यों बोलनी चाहिए? लोगों को वही बोलने दीजिए जो वे चाहते हैं, आप उनके पीछे यह कहकर क्यों पड़े हैं कि देश में केवल एक ही भाषा बोली जाएगी।

उन्होंने कहा, पंजाब के लोग पंजाबी में बोल सकते हैं, तमिल लोग तमिल में बात कर सकते हैं और अगर वे सहज हैं तो वे अंग्रेजी में बात कर सकते हैं। हमारे सभी अदालती फैसले अंग्रेजी में दिए जाते हैं। यह क्या है? हमें हिंदी बोलनी चाहिए। हमारे देश में ऐसा कुछ थोपना या यह कहना कि हम श्रेष्ठ हैं, आप हमारी भाषा सीखें, वे ऐसा कैसे कर सकते हैं? गायक ने कहा, आइए देश में लोगों को और विभाजित न करें। बहुत झमेले पहले से ही चल रहे हैं, एक और मुद्दा नहीं बनाते हैं।

मुम्बई जा रही समस्तीपुर स्पेशल ट्रेन के जनरेटर में लगी आग

जबलपुर। समस्तीपुर से चलकर मुम्बई जा रही स्पेशल ट्रेन 01044 के जनरेटर कोच में आग लग गई । घटना जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन के रैक में सबसे पीछे लगे जनरेटर कोच (जिससे कोच में बिजली सप्लाई की जाती है) अधिक गर्म होने से उसमें धुंआ उठने लगा और फिर देखते ही देखते कोच के कुछ भाग में शार्ट सर्किट होते ही आग लग गई। प्लेटफार्म पर खड़े लोगों की जैसे ही कोच पर नजर पड़ी, वह घबराकर वहां से भागने लगे। इधर मौके पर मौजूद स्टेशन के कर्मचारियों ने तत्काल फायर यंत्रस्टूमेंट की मदद से उसे बुझा दिया गया। इसके बाद ट्रेन में पानी की सप्लाई करने वाले पाइप की मदद से बौझार कर जनरेटर कोच को ठंडा किया गया। समस्तीपुर से मुम्बई के लिए स्पेशल ट्रेन सोमवार रात लगभग साढ़े 11 बजे समस्तीपुर से रवाना हुई। यह ट्रेन आज दोपहर 3.25 पर जबलपुर आनी थी, लेकिन दो घंटे देरी से आई। ट्रेन लगभग 6.22 पर यहां पहुंची। इसे प्लेटफार्म एक पर लिया गया। 10 मिनट तक यहां ट्रेन खड़ी रही।

विनय कुमार बने केंद्र सरकार में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य

रांची, प्रात: किरण संवाददाता

केंद्र सरकार ने बिहार तथा झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनीवार्ता, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के रांची स्थित विशेष संवाददाता विनय कुमार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री हैं। मंत्रालय के संयुक्त सचिव कर्मा जिंपा भुटिया द्वारा जारी संकल्प के अनुसार मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया गया है।

इस समिति में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह पदेन अध्यक्ष हैं जबकि दोनों केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री समिति के उपाध्यक्ष हैं। इस समिति में लोकसभा और राज्यसभा के कई सदस्यों के अलावा भारतीय प्रशासनिक सेवा के सचिव स्तर के अधिकारी भी बतौर सदस्य शामिल हैं। वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार इस समिति

में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से नामित होने वाले बिहार और झारखंड के एकमात्र सदस्य हैं । गौरतलब है कि करीब साढे तीन दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी के ब्यूरो प्रमुख व विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके कुमार इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के कई मंत्रालयों के विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । इन्होंने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन को भी एक पत्रकार के रूप में कवर किया था। इसके अलावा ये कई हिंदी संगठनों से जुड़े रहने के साथ-साथ हिंदी की प्रगति और बेहतरी के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। इससे पहले श्री कुमार केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का भी सदस्य बनाया गया था।

कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है उस पर वह पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हिंदी सलाहकार समिति संविधान के राजभाषा संबंधी प्रावधानों, राजभाषा अधिनियम , नियमों के उपबंधों , केंद्रीय हिंदी समिति के निर्णयों, गृह मंत्रालय की ओर से जारी दिशा - निदेर्शों के कार्यान्वयन तथा मंत्रालय के कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के मामले में समुचित सलाह देने का उनका प्रयास होगा।

सत्येंद्र जैन ने ड्रा. संजीव कुमार के परिजनों को सौंपा एक करोड़ सहायता राशि का चेक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य मंत्री ने हर संभव मदद करने का दिया आश्वासन

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन आज कोरोना योद्धा स्वर्गीय डॉ. संजीव कुमार के परिवार से मिलने पश्चिम विहार उनके घर पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने स्वर्गीय डॉ. संजीव कुमार के परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में पीडियाट्रिशियन रहे डॉ. संजीव कुमार की मौत कोरोना संक्रमित होने के चलते 3 मई 2021 को हुई थी। उनकी जान की कीमत नहीं लगाई जा सकती है लेकिन दिल्ली सरकार की ओर से दी गई यह राशि उनके परिवार की कुछ जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। केजरीवाल सरकार की तरफ से हम उनके परिवार को आर्थिक मदद दे रहे हैं, ताकि उनके परिजनों को अपने जीवन यापन और भविष्य को संवारने में मदद मिल सके। दिल्ली सरकार की ये योजना कोरोना योद्धाओं के परिवार को आत्मविश्वास देती है कि सरकार और समाज हमेशा उनके साथ है।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को कोविड-19 की ड्यूटी के दौरान कोरोना की चपेट में आने से अपनी जान गंवाने वाले डॉक्टर संजीव कुमार के परिजनों से मुलाकात की और दिल्ली सरकार की तरफ से एक करोड़ रुपए की सहायता राशि का चेक सौंपा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि स्वर्गीय डॉ. संजीव कुमार महर्षि बाल्मीकि अस्पताल में पीडियाट्रिशियन के पद पर कार्यरत थें। अस्पताल में लोगों की सेवा करते हुए वे भी कोरोना से संक्रमित हो गए थे और 10 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद जिंदगी से जंग हार गए। उन्होंने कहा कि भले ही अनुग्रह राशि परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पाए, लेकिन मुझे उम्मीद है कि परिजनों को इस आर्थिक मदद से अपना भविष्य संवारने एवं जीवन यापन में थोड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कई कोरोना योद्धाओं ने मानवता और समाज की सेवा करते हुए अपने जिंदगी गंवा दी। हम दिल से उनकी मेहनत और महामारी से जंग लड़ने के उनके जज्बे को सलाम करते हैं। केजरीवाल सरकार कोविड के दौरान लोगों की सेवा करते हुए, कोरोना संक्रमित होने पर अपनी जान गंवाने वाले कई कोरोना योद्धाओं के परिजनों को अब तक एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि दे चुकी है। कोरोना योद्धाओं की मदद को केजरीवाल सरकार हमेशा तैयार स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच जनता की सेवा के लिए डॉक्टरों, नर्सों और कर्मचारियों ने परिजनों से दूरियां बनाते हुए मरीजों के इलाज के लिए 24 घंटे सेवाएं दी। इस बीच कई कोरोना योद्धा खुद कोरोना संक्रमित हुए और अपनी जान तक गवां दी। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले। महामारी में जान गंवाने वाले कोरोना योद्धाओं के परिजनों को आश्वासन दिया है कि उनकी मदद के लिए दिल्ली सरकार हमेशा उनके साथ है। हम अपने सभी कोरोना वारियर्स का आभार व्यक्त करना चाहते हैं, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की सेवा की है। कोरोना योद्धा स्वर्गीय डॉ. संजीव कुमार के बारे में दिल्ली के पश्चिम विहार निवासी डॉ. संजीव कुमार महर्षि वाल्मीकि अस्पताल में पीडियाट्रिशियन थें। उन्होंने कोरोना काल के दौरान पूरी जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी की। लॉकडाउन के दौरान भी कंटेनमेंट जोन और होम क्वारंटीन में रह रहे लोगों तक अपनी सेवाएं पहुंचाई। इस बीच वह कोरोना संक्रमित हो गए। अचानक तबियत बिगड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब 10 दिनों तक अस्पताल में रहने के बावजूद भी डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा पाए। सांस लेने में परेशानी होने और लगातार फीवर रहने के चलते 3 मई अप्रैल 2021 को उनकी सांसे थम गई। उनके परिवार में उनकी पत्नि और दो बच्चें हैं।

दिल्ली में कोरोना अब नहीं देगा टेंशन

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के मामले बढ़ने के साथ ही लोगों की टेंशन भी बढ़ गई है। शहर में रोजाना 1000 से ज्यादा नए कोविड मरीज मिल रहे हैं। फिर भी हेल्थ एक्सपर्ट ज्यादा चिंतित नहीं हैं। सोमवार को दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,076 नए मामले सामने आए। राहत की बात यह है कि महामारी से मौत का नया मामला दर्ज नहीं किया गया। 24 घंटे में टेस्ट बहुत ज्यादा नहीं हो रहे और संक्रमण दर बढ़कर 6.42 प्रतिशत हो गई है। दिल्ली में कोरोना बढ़ा तो कोरोना की अगली लहर की चचाएं शुरू हो गईं। हालांकि एक्सपर्ट का कहना है कि अचानक केस बढ़ना शहर में अगली कोरोना वेव का संकेत नहीं है। सफदरजंग अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रमुख डॉ. जुगल किशोर का अनुमान है कि एक हफ्ते तक और कोरोना के नए केस बढ़ सकते हैं और उसके बाद कम होने लगेंगे। कोरोना वायरस का इनक्यूबेशन पीरियड और इस नए वेरिएंट से क्लिनिकल रिकवरी की अवधि महज 4-5 दिन की है। ऐसे समय में जब आवाजाही पर कोई प्रतिबंध नहीं है, एक व्यक्ति 200 लोगों को संक्रमित कर सकता है। जितनी तेजी से संक्रमण होता है, उतनी तेजी से केस नीचे भी आएंगे।

थक कर ट्रक के नीचे सोया, ड्राइवर ने बढ़ाया तो सिर पर चढ़ा चक्का, मौत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

गीता कालोनी इलाके में ट्रक से कुचलकर किशोर की मौत हो गई। किशोर खेलने के बाद थक कर ट्रक के नीचे सो गया था। जाने के लिए चालक ने ट्रक को आगे बढ़ाया तो पहिया उसके सिर पर चढ़ गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मृतक की पहचान रवि साहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने किशोर के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। मृतक रवि साहनी (13) गीता कालोनी थाना क्षेत्र की सफेदा झुग्गियों में पिता कमलेश्री साहनी और भाई राजा के साथ रहता था। मृतक के पिता कमलेश्री साहनी ने बताया कि रविवार शाम को वह घर से बिना बताए निकल गया था। ढूंढने पर भी नहीं मिला। सोमवार सुबह 5.11 बजे वह शौच के लिए निकले तो देखा कि राधा स्वामी सत्संग पार्क के पास भीड़ जुटी है। पूछने पर किसी ने कुछ नहीं बताया। करीब जाकर देखा तो उनका बेटा रवि घायल पड़ा था। उसका सिर कुचला हुआ था। उसे स्वामी दयानंद अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना से थोड़ी देर पहले घटनास्थल पर एक ट्रक खड़ा था। आसपास के लोगों ने बताया कि किशोर ट्रक के नीचे सो रहा था। इससे लगता है कि ट्रक से दुर्घटना होने पर चालक फरार हो गया। मृतक के पिता कमलेश्री साहनी मजदूरी करते हैं। वह मूल रूप से बिहार के बेगूसराय जिले के गांव नारायण पीपर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि रवि गांव में मां अनीता व बहनों के साथ रह रहा था। वहां उसके कान में परेशानी होने लगी। एक साल पहले वह उसे इलाज के लिए दिल्ली लेकर आए थे। इलाज के बाद उसका कान ठीक हो गया था। साथ ही बताया कि वह स्कूल नहीं जाता था। उसकी पढ़ाई छूटी हुई थी। दुर्घटना से गुस्साए सफेदा झुग्गी के लोगों ने हंगामा किया। थोड़ी देर तक लोग सड़क पर नारेबाजी करते रहे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो लोग आरोपित ट्रक चालक को पकड़ने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने जल्द आरोपित को पकड़ने का आश्वासन देकर शांत कराया।

संक्षिप्त खबरें

शटर तोड़ कर दुकान में रखे गल्ले से उड़ाए 70 हजार रुपये, पुलिस जांच में जुटी

नई दिल्ली। गांधी नगर मार्केट में कपड़े की दुकान का ताला तोड़ कर चोर नकदी उड़ा ले गए। व्यवसायी शकील की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल कर आरोपित की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। शकील बवाना स्थित जेजे कालोनी में रहते हैं। गांधी नगर की सुभाष रोड पर उनकी रेडीमेड कपड़े की दुकान है। रविवार को वह अपनी दुकान पर पहुंचे तो शटर टूटा हुआ मिला। अंदर गए तो गल्ला खुला था, उसमें रखे 70 हजार रुपये भी गायब थे। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने दुकान का मुआयना किया, लेकिन वहां से आरोपितों के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपितों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। वहीं, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट पर तैनात सीआइएसएफ के जवानों ने फर्जी तरीके से पासपोर्ट लेकर विदेश जा रहे एक यात्री को गिरफ्तार किया है। उसके पास नेपाल की नागरिकता वाले दस्तावेज मिले हैं। इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने पूछताछ के बाद आरोपित को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। सीआइएसएफ अधिकारी ने बताया कि रविवार देर रात करीब डेढ़ बजे चेक इन इलाके में एक यात्री को संदिग्ध परिस्थिति में घूमते हुए देखा गया। शक होने पर उससे पूछताछ की गई। उसने अपना नाम प्रदीप छेत्री बताया। वह दुबई के रास्ते जाग्रेब जा रहा था। जब सीआइएसएफ के जवानों ने उसके मोबाइल की जांच की तो उसमें नेपाली नागरिक होने के कागजात मिले। कागजात के मुताबिक उसका असली नाम प्रदीप बनिया है। छानबीन में पता चला कि उसने फर्जी तरीके से पासपोर्ट का इंतजाम किया था। आइजीआइ एयरपोर्ट पुलिस फजीर्वाड़ा का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

फोन छीन रहे बदमाश मोटरसाइकिल समेत गिरे, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। आनंद विहार इलाके में फोन छीनने के चक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश संतुलन खोने के कारण नीचे गिर गए। लोगों ने पकड़ कर पहले उनकी धुनाई कर दी। बाद में दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपितों की पहचान मुहम्मद आरिश और मुहम्मद वसीम के रूप में हुई है। दोनों चौहान बांगर हाजी ग्राम चौक के रहने वाले हैं। पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा पुलिस ने पीड़ित संजय सिंह की शिकायत पर दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित संजय सिंह कड़कड़डूमा गांव में रहते हैं। उनका बिल्डिंग मेटेरियल का व्यवसाय है। वह सोमवार को शांति विहार के सामने टैक्सी स्टैंड पर खड़े होकर किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रहे थे। इतने में ऋषभ विहार की तरफ से मोटरसाइकिल पर दो लड़के उनके करीब आए। मोटरसाइकिल के पीछे बैठे लड़के ने उनका मोबाइल छीनने की कोशिश की। संजय ने मोबाइल काफी मजबूती से पड़ा हुआ था। छीनने के चक्कर में बदमाशों की मोटरसाइकिल असंतुलित हो गई, जिससे वह नीचे गिर गए। पीड़ित के साथ वहां मौजूद लोगों ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया और उनकी धुनाई कर दी। इतने में सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंच गई।

दिल्ली के गांधी नगर इलाके में सट्टे के अड्डे पर पुलिस ने मारा छापा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के गांधी नगर इलाके के एक मकान में चल रहे सट्टे के अड्डे पर छापा मार कर शाहदरा स्पेशल स्टाफ और गांधी नगर थाना पुलिस ने 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 32 हजार 590 रुपये, सट्टे की पर्चियां व अन्य सामान बरामद किया है। इन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शाहदरा डीसीपी आर सत्यसुंदरम ने बताया कि सोमवार को गांधी नगर इलाके के अजीत नगर में गली नंबर-16 स्थित एक मकान में सलीम नामक व्यक्ति द्वारा सट्टे का अवैध कारोबार संचालित करने की सूचना मिली थी। इस पर इंस्पेक्टर विकास कुमार के नेतृत्व में एसआइ विनीत प्रताप, विकास, प्रशांत व अन्य पुलिस कर्मियों को शामिल कर टीम गठित की गई। इस टीम ने सूचना में बताए गए पते पर छापा मारा। वहां से टीम ने सट्टे में शामिल 19 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें तीन मुंशी और 16 सट्टा लगाने वाले थे। डीसीपी ने बताया कि सट्टा लगा रहे ज्यादातर लोगों में टेलर और मजदूर शामिल हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि सलीम सट्टे के अड्डे का संचालक है, जो छापेमारी के दौरान वहां पर नहीं मिला। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नंद नगरी में सट्टा लगा रहे 13 गिरफ्तार नंद नगरी बी-तीन ब्लाक के पार्क में मंगलवार को सट्टा लगा रहे 13 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें पास से 17 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने इन सभी आरोपितों के खिलाफ गैम्बच्लग एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

50 कैमरे, 300 सीसीटीवी फुटेज, हाई प्रोफाइल मर्डर फिर भी दिल्ली पुलिस के हाथ अब तक खाली

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सिविल लाइंस इलाके में बिल्डर की हत्या के बाद लूटपाट किए जाने के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ कोई खास सुबूत नहीं लगे हैं। फिलहाल पुलिस अंधेरे में हाथ पैर मार रही है। दूसरी तरफ मामला हाई प्रोफाइल होने की वजह से पुलिस पर हत्याकांड का जल्द पदार्फाश किए जाने को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा है। यही वजह है पुलिस ने स्पेशल सेल के साथ ही क्राइम ब्रांच व अन्य यूनिटों के तेज-तर्रार अफसरों की टीमों को मामले की जांच में लगाया है। एक दर्जन से अधिक टीमों ने जांच के दौरान घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर करीब 300 सीसीटवी फुटेज जुटाए हैं। इनके आधार पर पुलिस जल्द ही बदमाशों की पहचान कर घटना का पदार्फाश किए जाने का दावा कर रही है। रविवार की सुबह बिल्डर राम किशोर अग्रवाल की उनके घर के अंदर घुसकर हत्या कर करोड़ों रुपये की नकदी लूट ली गई थी। वह सिविल लाइंस इलाके में राम किशोर मार्ग स्थित कोठी नंबर-एक में रहते थे। उनके परिवार में बेटा विशाल अग्रवाल, बेटी, बहू और एक पोती है। ये सभी लोग कोठी की पहली मंजिल पर रहते हैं, जबकि किशोर ग्राउंड फ्लोर पर रहते थे। इनके अलावा कोठी में दो गार्ड और घरेलू सहायक भी रहते हैं। सोमवार को जांच अधिकारियों के अलावा पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी राम किशोर के घर पहुंचे और परिवार के सदस्यों से घटना को लेकर विस्तार से जांच पड़ताल की। इस बीच गार्ड व घरेलू सहायकों से भी पुलिस ने लगातार दूसरे दिन गहन पूछताछ की है। पुलिस सूत्रों की मानें तो अभी तक पुलिस को इस मामले में कोई ऐसी जानकारी नहीं मिली है, जिसके आधार पर हत्यारोपितों की पहचान की जा सके। लूट की रकम भी बनी पहली हत्याकांड को अंजाम देने के बाद बदमाश कितने रुपये लूट कर ले गए हैं। ये मामला भी पुलिस के लिए एक पहेली बन गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक बदमाश करोड़ों रुपये लूट कर ले गए हैं। जांच में पुलिस को इस बात की जानकारी जरूर मिली है कि तीन दिन पहले ही बिल्डर के पास 60 लाख रुपये आए थे, लेकिन बिल्डर के कमरे में रखे लकड़ी के बाक्स में कुल कितनी नकदी थी, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस ये भी पता लगा रही है कि तीन दिन पहले ये 60 लाख रुपये राम किशोर के पास कहां से आए थे। वजीराबाद में दिखे हैं आखिरी बार बदमाश पुलिस ने जो सीसीटीवी फुटेज जुटाए हैं, उनमें बदमाश साफ तौर पर देखे जा सकते हैं।

14 अक्टूबर से खुलने जा रहा दिल्ली का निजामुद्दीन मरकज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

रमजान महीने में नमाज पढ़ने के लिए खोले गए निजामुद्दीन मरकज को हाई कोर्ट ने 14 अक्टूबर तक खोलने की अनुमति दे दी है। सोमवार हुई सुनवाई में निजामुद्दीन मरकज में मस्जिद परिसर के भूतल समेत पांच मंजिलों को 14 अक्टूबर तक फिर से खोलने की अनुमति दी गई। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने 1 अप्रैल को दिए अपने के अंतरिम आदेश के संचालन को बढ़ा दिया, जिसमें रमजान महीने के दौरान नमाज अदा करने के लिए मस्जिद को फिर से खोलने की अनुमति दी गई थी। यह अंतरिम आदेश सुनवाई की अगली तिथि 14 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। साल 2020 में कोरोना संक्रमित पाए जाने वाले तब्लीगी जमात के सदस्यों के बाद निजामुद्दीन मरकज में सार्वजनिक प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। दिल्ली वक्फ बोर्ड ने याचिका दाखिल कर निजामुद्दीन मरकज में प्रतिबंधों को कम करने की मांग की गई थी, जिसे 31 मार्च, 2020 से बंद कर दिया गया था। कोर्ट ने पहले 16 मार्च को मस्जिद की चार मंजिलों को शब ए बारात पर खुले रखने की अनुमति दी थी। इसके बाद रमजान में मस्जिद को फिर से खोलने के लिए कोर्ट में आवेदन दाखिल किया गया था। उक्त आवेदन के जवाब में, दिल्ली पुलिस ने तब निजामुद्दीन मरकज के प्रबंधन को प्रवेश द्वार और निकास द्वार के साथ-साथ प्रत्येक मंजिल की सीढ़ी पर लापता कैमरों को फिर से स्थापित करने का निर्देश दिया था।

स्कूली बच्चों का समय बदलें

अभिभावकों की दिल्ली सरकार से मांग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

भीषण गर्मी के प्रकोप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित अभिभावकों ने दिल्ली सरकार से अनुरोध किया है कि या तो स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए या गर्मियों की छुट्टियां निर्धारित समय से पहले शुरू की जाएं। गर्मी और कोविड के मामलों को देखते हुए अनेक स्कूलों में आउटडोर गतिविधियों को कम कर दिया गया है। बच्चों के माता-पिता का दावा है कि इतनी भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बच्चों के लिए सही नहीं है। हरियाणा सरकार ने सोमवार को घोषणा की थी कि पूरे प्रदेश में गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी निजी और सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं कक्षा के लिए समय सुबह 7 से 12 बजे तक होगा। हालांकि, अभी दिल्ली में ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई है। दिल्ली अभिभावक संघ की अध्यक्ष अपराजिता गौतम ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार ने धूप में, विशेष रूप से दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है, लेकिन दिल्ली में अधिकतर स्कूलों का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक है। उन्होंने कहा कि बच्चे तीन बजे तक घर पहुंचते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि गर्मी के सबसे भीषण दौर से वे गुजरते हैं जो वाकई खतरनाक है। हम दिल्ली सरकार से अनुरोध करते हैं कि या तो दूसरे राज्यों की तरह स्कूलों का समय बदलें या गर्मियों की छुट्टियां पहले ही शुरू कर दें। देश भर में भीषण गर्मी के बीच, केंद्र सरकार ने पिछले हफ्ते राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आग्रह किया था कि वे पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाओं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के लिए अपनी स्वास्थ्य सुविधा की समीक्षा करें, जबकि पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित करें और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शीतलन उपकरणों के कामकाज को जारी रखें। दिल्ली के तापमान में 46 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी के साथ देश के बड़े इलाकों में भीषण गर्मी ने पारा चढ़ा दिया है। दिल्ली ने 72 वर्षों में अपना दूसरा सबसे गर्म अप्रैल महीना भी दर्ज किया, जिसमें मासिक औसत अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस था।

अक्षय तृतीया पर चांद सा चमका बाजार, ईद ने बढ़ाई रौनक, सुरक्षा चाक-चौबंद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में त्योहारों की बहार है। आज अक्षय तृतीया है। ईद भी है। आज के दिन ग्रहों का संयोग कुछ ऐसा बन रहा है, जिससे त्योहार का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है। परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन सोने की खरीदारी का प्रचलन है। लिहाजा, दिल्ली के कूंचा महाजनी से लेकर दरीबां व स्थानीय बाजारों में सोने-चांदी के जेवरात सज गए हैं। चांद से चमके बाजार में अब ग्राहकों का इंतजार है। अक्षय तृतीया को लेकर आभूषण बाजार में रौनक बढ़ गई है। इस दौरान शादी विवाह के लिए भी लगन है। लिहाजा, दुकानदारों की उम्मीदें भी बढ़ गई है, लेकिन खरीदारी के ट्रेंड को देखते हुए बाजार में बहुत अधिक उत्साह नहीं है। जूलरों का मानना है कि पिछले महीने सोने का 30 प्रतिशत आयात कम हुआ है। लिहाजा, खरीदारी की संभावना कम है। दिल्ली बुलियन एंड ज्वेलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव प्रेम प्रकाश शर्मा का कहना है कि नवरात्र के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि व्यापार में काफी गिरावट आई है। सोना आम आदमी की पहुंच से दूर चला गया है। पुराने सोने को ही उलट-पुलट करके लोग काम चला रहे हैं। दरिबां ज्वेलर्स एसोसिएशन के तरूण का कहना है कि सोने की कीमत टूटने से उम्मीद बढ़ी है। बाजार में हर तरह के जूलर मौजूद है। बस इंतजार है तो ग्राहकों का। सोमवार को तो ज्यादा खरीदारी नहीं हुई। उम्मीद है कि मंगलवार को लोग सराफा बाजार पहुंचेंगे। द बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन कूचा महाजनी के चेयरमैन योगेश सिंघल ने बताया कि जब तक सोने का भाव 50 हजार रुपया प्रति तोला से नीचे नहीं आएगा, तब तक लोग इससे दूरी बनाए रखेंगे। महंगाई की वजह से लोग बचत नहीं कर पा रहे हैं। ईद पर बाजार हैं गुलजार, सुरक्षा के कड़े इंतजाम एक माह चले रमजान माह के बाद सोमवार को आखिर ईद का चांद नजर आ गया। चांद के दीदार होते ही लोगों ने एक-दूसरे के गले लगकर मुबारकबाद दी। जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी और फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने देश के कई हिस्सों में चांद देखे जाने की तस्दीक की। चांद के दीदार के साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के बाजारों में भीड़ बढ़ गई। दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हुए बलवे के बाद से राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन से सभी इलाकों में नजर रखी जा रही है। लोकल पुलिस के अलावा अतिरिक्त सुरक्षा बलों को इन इलाकों में तैनात किया गया है। बलवा करने वालों से सख्ती से निपटने का आदेश दिया गया है। स्पेशल सीपी दीपेंद्र पाठक ने बताया कि जामा मस्जिद और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती है। कानून व्यवस्था का पालन करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से हो ईद का उत्सव मनाया जाना चाहिए। फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम ने बताया कि कहा कि इस साल ईद सादगी से मनाएं। गरीबों का ख्याल रखें। सरकार द्वारा जारी की गई कोविड गाइड लाइंस का पालन जरूर करें। नायब इमाम मुफ्ती अनस अहमद ने बताया कि ईद सभी के साथ मिलकर मनाएं और मुहब्बत का पैगाम दें। पूरे मुल्क में अमन और आपसी भाईचारे की दुआ करें।

सूचना दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है और स्कूलों में शुरू किया जा रहा फ्रेंच लैंग्वेज प्रोग्राम इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे सीखेंगे अब फ्रेंच भाषा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार के स्कूलों के विद्यार्थी अब फ्रेंच भाषा भी सीखेंगे। आज के दौर में काम, शिक्षा और यात्र के साथ-साथ दुनियाभर की संस्कृतियों के बारे में समझ बनाने के लिए ग्लोबल लैंग्वेज की नालेज होना बेहद जरूरी है। ऐसे में अपने स्कूलों के छात्रों को वैश्विक पहचान और अनुभव देने के लिए दिल्ली सरकार के दिल्ली बोर्ड आफ स्कूल एजुकेशन (डीबीएसई) ने सोमवार को इंस्टीट्यूट फ्रांसैस एन इंडे (आईएफआइ-द फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनिन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को वैश्विक पहचान देने के लिए दिल्ली सरकार प्रतिबद्ध है और स्कूलों में शुरू किया जा रहा फ्रेंच लैंग्वेज प्रोग्राम इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में प्रमुख ग्लोबल लैंग्वेज शुरू करने के दिल्ली सरकार के कार्यक्रम के तहत अब हमारे विद्यार्थियों के पास फ्रेंच सीखने का विकल्प भी होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्कूलों में फ्रेंच जैसी ग्लोबल लैंग्वेज की शुरूआत से हमारे विद्यार्थियों के लिए एजुकेशन, ट्रेवल, आटोमोबाइल, टूरिज्म, कास्पिटैलिटी जैसे विभिन्न सेक्टरों में करियर के विकल्प बढ़ेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फारेन लैंग्वेज सीखना न केवल एक स्किल सीखने तक सीमित है, बल्कि किसी विशेष देश की संस्कृति को सीखने और उससे जुड़ने का मौका भी देता है। वहीं, भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनिन ने कहा कि दिल्ली सरकार और फ्रांस सरकार का शिक्षा को लेकर समान दृष्टिकोण है। दिल्ली सरकार अपने स्कूलों के विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए अपनी नीतियों को लेकर गंभीर है। हम इसका समर्थन करते हैं। दोनों देशों के बीच सभी सहयोगों के बीच शिक्षा हमेशा हमारी प्राथमिकता रहेगी।

इस दौरान शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि पायलट फेज में फ्रेंच लैंग्वेज कोर्स की पढ़ाई दिल्ली सरकार के 30 स्कूलों में शुरू की जाएगी जिसमें डा. आंबेडकर स्कूल आफ स्पेशलाइज्ड शामिल हैं। इन स्कूलों में छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को सीखने के लिए फ्रेंच भाषा आफर की जाएगी। पायलट फेज के लर्निंग को देखते हुए इसका दिल्ली सरकार के अन्य स्कूलों में भी विस्तार किया जाएगा।

फुटपाथ पर पुराने फर्नीचर व कबाड़ बेचने वाले लोगों का कब्जा

नई दिल्ली। जिन फुटपाथों को सुगम यातायात और पैदल चलने वाले लोगों की सहूलियत के लिए बनाया गया वे अब कब्जे की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। ऐसा ही हाल मध्य दिल्ली के माता सुंदरी रोड का है। यहां पर पुराने फर्नीचर और कबाड़ की बिक्री करने वाले लोगों ने कब्जा कर लिया है। सड़क के दोनों और इतना कब्जा है कि फुटपाथ तो दूर सड़क पर भी कब्जा हो गया है। इस वजह से यहां पर शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में लोगों को घंटो जाम से जूझना पड़ता है। सामान्य दिनों में माता सुंदरी कालेज और अन्य सरकारी दफ्तर आने वाले लोगों को भी काफी परेशानी होती है। राहगीर पंकज ने बताया कि वह यहां अक्सर राउज एवेन्यू अदालत अपने काम से आते हैं तो इस सड़का उपयोग करते हैं, लेकिन देखकर लगता ही नहीं है कि यह दिल्ली की सड़क है। यहां पुराना फर्नीचर बेचा जाता है। लोडिग और अनलोच्डग के दौरान यहां खड़े बड़े-बड़े वाहनों से जाम लग जाता है। इतना ही नहीं यहां फर्नीचर से अंदर से निकलने वाली लोहे की कीले अक्सर कार और मोटरसाइकिल में पंचर का कारण बनती हैं।

जहांगीरपुरी इलाके में हिंदूओं-मुसलमानों ने मिलकर मनाई ईद

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके के कुशल चौक पर हिंदुओं और मुसलमानों ने मंगलवार को मिलकर ईद मनाई तथा शांति व सौहार्द का पैगाम दिया। जहांगीरपुरी हाल ही में हुई सांप्रदायिक हिंसा के कारण सुर्खियों में था। स्थानीय लोगों ने वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों को मिठाइयां भी बांटीं। मुस्लिम सामुदाय से ताल्लुक रखने वाले तबरेज खान ने कहा, ह्यह्यपिछला महीना जहांगीरपुरी के लोगों के लिए काफी मुश्किल भरा था। आज ईद के मौके पर हम कुशल चौक पर इकट्ठा हुए। हमने मिठाइयां बांटीं, एक-दूसरे से गले मिले और शांति तथा सद्भाव का पैगाम दिया। यह दिखाता है कि जहांगीरपुरी में लोग प्रेम से रहते हैं और एक-दूसरे के धर्म का आदर करते हैं। खान ने उम्मीद जताई कि जल्द ही इलाके में हालात सामान्य हो जाएंगे। उन्होंने कहा, हालात में सुधार हो रहा है। काफी हद तक हालात सामान्य हो गए हैं और हमें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी। पुलिस के मुताबिक, ईद के मौके पर उन्होंने सुरक्षा के व्यापक इंतेजाम किए हैं। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) ऊषा रंगनानी ने कहा, हमने जिले भर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। सभी इलाकों में शांति बनाए रखने के लिए हमेशा की ही तरह अमन समिति की बैठक की गई है। इस बीच, कुशल चौक और आसपास के इलाकों में दुकानें एक बार फिर खुल गई हैं। केवल सी-ब्लॉक की मुख्य गली में दुकानें बंद हैं, जहां एक मस्जिद है। स्थानीय निवासी कल्याण संघ के अध्यक्ष इंद्रमणि तिवारी ने कहा कि ईद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा रहा है।

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran

www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, बुधवार, 04 मई, 2022

संक्षिप्त खबरें

झगड़े के बाद सड़क पर महिला से मारपीट

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के अमर कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ सड़क पर मारपीट और कार से घसीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि महिला जब इस मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंची तो वहां भी पुलिस कर्मियों से उसका विवाद हो गया, जिसके बाद तीन पुलिसवालों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित महिला 29 अप्रैल की रात हौज खास विलेज से लौट रही थी, उसी दौरान ओखला के पास दो कार स्कॉर्पियो और बलेनो के ड्राइवर आपस में लड़ाई कर रहे थे और यह महिला एक प्राइवेट कैब में मौजूद थी। कुछ ही देर में पहले से झगड़ा कर रहे हैं बलेनो कार संख्या ल्फ्फ13उ0316 के ड्राइवर की महिला के कैब ड्राइवर से भी लड़ाई हो गई। इस बीच, जब महिला ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो बलेनो कार सवार शख्स ने महिला को थप्पड़ मार दिया। महिला जब गुस्से में उसकी कार के पास पहुंची तो आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन महिला ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद आरोपी थोड़ी दूर तक महिला को अपनी कार से घसीटता हुआ ले गया और फरार हो गया। इस दौरान आसपास मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में बलेनो कार युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दक्षिणी दिल्ली जिला कार्यालय का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। ओखला फेज-1 में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के दक्षिणी दिल्ली जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा रहे। इस दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व दिल्ली प्रदेश प्रभारी बैजयंत जे पांडा, प्रदेश महामंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सांसद रमेश बिधूड़ी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष योगिता सिंह, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल, प्रदेश प्रवक्ता विक्रम बिधूड़ी, जिला प्रभारी रोहताश बिधूड़ी, जिला महामंत्री बलबीर सिंह, एसडीएमसी सेंट्रल जोन के चेयरमैन राजपाल सिंह, महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्वांचल मोर्चा मंत्री एस. राहुल, कुलजीत चहल, आदित्य झा, अनामिका सिंह, विनोद टुंडलेकर आदि मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए पांच क की आवश्यकता होती है। पहला क का अर्थ कार्यकर्ता, दूसरा कार्यक्रम, तीसरा कार्यकारिणी, चौथा कोष और पांचवां कार्यालय है। इन पांचों क के बिना कोई भी संगठन सुचारु रूप से नहीं चल सकता। भाजपा के पास कार्यकताओं की कोई कमी नहीं है। भाजपा कार्यकताओं के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। इन कार्यकताओं को योजनाबद्ध तरीके से देश व प्रदेश का विकास करने के लिए एक स्थान की आवश्यकता है जहां वे विचार-विमर्श कर सकें। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली में भाजपा के 14 कार्यालय प्रस्तावित हैं जिनमें से नौ बन गए हैं। आज 10वें का उद्घाटन किया जा रहा है।

मानसून में ट्रेनों की गति बनाए रखने को शुरू हुई तैयारी, पिछले साल ट्रैक पर भर गया था पानी

नई दिल्ली। मानसून के दौरान रेल परिचालन में किसी तरह की बाधा न आए इसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने सभी मंडलों को इसे लेकर जरूरी कदम उठाने को कहा है। पिछले साल मानसून में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन सहित कई स्टेशनों से ट्रेनों की आवाजाही बुरी तरह से बाधित हुई थी। बारिश का पानी ट्रैक पर भरने से ट्रेनों की आवाजाही घंटों ठप हो गई थी। कई दिनों तक यह समस्या हुई थी। इसी तरह से पुरानी दिल्ली के आसपास भी ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई थी। इस तरह की समस्या से बचने के लिए अधिकारियों को समय रहते उपाय करने को कहा गया है। बारिश का पानी ट्रैक पर जमा नहीं हो इसके लिए जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा कर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया गया है। रेलवे स्टेशनों पर सीवर लाइन की सफाई का काम जल्द पूरा किया जाएगा। बरसात में सिग्नल प्रणाली में अक्सर खराबी आती है जिससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित होती है। सिग्नल प्रणाली सुचारू रूप से काम करे इसके लिए भी जरूरी उपाय किए जाएंगे।

भाजपा की गुंडागर्दी, उगाही और बुल्डोजर की राजनीति अब मंदिरों तक पहुंची:आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधायक आतिशी ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गुंडागर्दी, उगाही और बुल्डोजर की राजनीति अब मंदिरों तक पहुंच गई है। भाजपा की केंद्र सरकार, सरोजनी नगर इलाके के चार मंदिरों पर बुल्डोजर चलाने की धमकी दे रही है। इस संबंध में केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स ने सरोजनी नगर के प्राचीन शिव मंदिर, साईं मंदिर और शनि मंदिर समेत चार मंदिरों पर नोटिस लगाया है। भाजपा की पैसे की हवस ऐसी हो गई है कि अब उन्हें जरा भी शर्म नहीं आ रही है और वो अपनी गुंडागर्दी, उगाही और बुल्डोजर की राजनीति को लेकर भगवान श्रीराम और शिव भगवान के गुल्लक तक पहुंच गए हैं। विधायक आतिशी ने कहा कि किसी अवैध निर्माण को हटाने की एक प्रक्रिया होती है, जिसे भाजपा की केंद्र सरकार और एमसीडी फॉलो नहीं कर रही है। इससे साफ होता है कि यह सिर्फ उगाही का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि 1991 में तत्कालीन एलजी ने स्पष्ट आदेश दिए हुए हैं कि किसी भी धार्मिक ढांचे को गिराने पर निर्णय लेने का अधिकार सिर्फ धार्मिक कमेटी को है, लेकिन इनमें से किसी भी मंदिर के मामले को धार्मिक कमेटी के पास नहीं भेजा गया। चार मंदिरों पर बुल्डोजर चलाने की धमकी देकर भाजपा ने अपनी उगाही, गुंडागर्दी और बुल्डोजर की राजनीति का एक और प्रमाण दिया है, जिसे अब दिल्ली के लोग सहने वाले नहीं हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक आतिशी ने एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर आज पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछले कई दिनों से पूरी दिल्ली में बुल्डोजर की राजनीति कर रही है। भाजपा वाले दिल्ली में जगह-जगह जाकर बुल्डोजर चलाने की धमकियां दे रहे हैं। भाजपा के नेता और भाजपा के पार्षद दिल्ली के किसी एक इलाके में जाते हैं और लोगों को धमकी देते हैं कि अगर हमें पैसे नहीं दिए, तो हम तुम्हारे घर पर बुल्डोजर चला देंगे। फिर वो उगाही करने के लिए दुकानदारों के पास जाते हैं और दुकानदारों से कहते हैं कि अगर हमें पैसे नहीं दिए तो हम तुम्हारी दुकान पर बुल्डोजर चला देंगे। यह गुंडागर्दी और उगाही पूरी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी कर रही है। लेकिन अब उनकी यह बुल्डोजर और उगाही की राजनीति दिल्ली के मंदिरों तक भी पहुंच गई है। विधायक आतिशी ने कहा कि कुछ दिन पहले, दिल्ली के श्रीनिवासपुरी इलाके में नीलकंठ महादेव मंदिर पर बुल्डोजर चलाने की धमकी भाजपा और उनकी केंद्र सरकार ने दी। अब सरोजिनी नगर के इलाके में 4 मंदिरों पर बुल्डोजर चलाने की धमकी भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही है। मीडिया को कुछ नोटिस दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ अर्बन हाउसेस द्वारा अलग-अलग मंदिरों के गेट पर लगाए जा रहे हैं। यह नोटिस सरोजिनी नगर के प्राचीन शिव मंदिर के गेट पर लगा हुआ है। यह नोटिस सरोजनी नगर के एच-ब्लॉक के साईं मंदिर पर लगा हुआ है। एक और नोटिस सरोजनी नगर के जे- ब्लाक के शनि मंदिर पर लगा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी की पैसे की ऐसी हवस हो गई है कि अब उन्हें जरा भी शर्म नहीं आती है और वो अपनी इस गुंडागर्दी को भगवान श्रीराम और शिव भगवान के द्वार तक उनके गुल्लक तक लेकर पहुंच गए हैं। तभी तो ये नोटिस बार-बार केंद्र सरकार और एमसीडी मंदिरों के बाहर लगा रही है। आपह्न की वरिष्ठ नेता आतिशी ने इसे साफ-साफ गुंडागर्दी और उगाही करार देते हुए कहा कि अगर कोई अवैध निर्माण है, तो उसको हटाने की एक प्रक्रिया होती है और उस प्रक्रिया को भाजपा की केंद्र सरकार और एमसीडी फॉलो नहीं कर रही है। इससे साफ स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ उगाही का तरीका है। क्योंकि 1991 में तत्कालीन एलजी साहब ने बहुत स्पष्ट आदेश दिए हुए हैं कि अगर किसी भी धार्मिक ढांचे को गिराया जाना है तो, उस पर निर्णय लेने का अधिकार सिर्फ और सिर्फ एक धार्मिक कमेटी जो होती है, उसके पास है। लेकिन इनमें से किसी भी मंदिर के मामले को धार्मिक कमेटी के पास भी नहीं भेजा गया है। उसके बिना ही इन मंदिरों का बुल्डोजर चलाने की धमकी दी गई। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी की ये जो पैसे की हवस और गुंडागर्दी है और भारतीय जनता पार्टी जो बुल्डोजर की धमकी से पूरे दिल्ली भर में उगाही कर रही है, भारतीय जनता पार्टी ने आज इसका एक और प्रमाण सरोजिनी नगर में चार मंदिरों पर बुल्डोजर चलाने की धमकी देकर दिया है।

जहांगीरपुरी इलाके में महिला आयोग ने पांच लड़कियों को बाल मजदूरी से छुड़ाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में महिला आयोग ने पांच नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू कराया। इस मामले में महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को भी नोटिस जारी किया है। दरअसल, महिला आयोग को जहांगीरपुरी इलाके में चूड़ी बनाने वाली फैक्ट्री में बाल मजदूरी करने की सूचना मिली थी। जब टीम मौके पर पहुंची तो पांच नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू किया। जानकारी के मुताबिक आयोग को 181 महिला हेल्पलाइन पर बाल मजदूरी करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। चूड़ी बनाने वाली फैक्ट्री में बाल श्रम के साथ बच्चों के साथ बदसलूकी और मारपीट भी हो रही थी। टीम ने बताया कि रेस्क्यू किए गए पांच बच्चों में से दो की उम्र 8 साल, एक की 10 साल तथा बाकी दो की उम्र 13 साल थी। वहीं, बच्चों ने आयोग को बताया कि वे बिहार के रहने वाले हैं और घर में आर्थिक तंगी होने के कारण काम करने हेतु दिल्ली आए थे। उन्हें एक चूड़ी बनाने की फैक्ट्री में काम पर रखा गया था, जहां फैक्ट्री मालिक उनके साथ मारपीट करता था। आरोप है कि फैक्ट्री में चार हजार रुपए के मासिक वेतन पर रखा गया था, लेकिन अभी तक कंपनी की तरफ से एक भी पैसा नहीं दिया गया है। इस मामले में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल का कहना है कि पूरी घटना पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया गया है। आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की गई है। स्वाति मालीवाल ने इस पर दुख जताते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में सैकड़ों बच्चों का बचपन गरीबी के कारण कुर्बान हो जाता है। स्कूल जाने और खेलने कूदने की उम्र में इन बच्चों को काम करने के लिए मजबूर किया गया और बेरहमी से पीटा गया। महिला आयोग ने सूचना देने वाले व्यक्ति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बच्चों का बाल कल्याण समिति द्वारा उचित पुनर्वास किया जाना चाहिए।

आरोपित की गिरफ्तारी पर लगाई रोक तो शिकायतकर्ता ने रच डाली इतनी बड़ी साजिश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

हाई कोर्ट ने एक मामले में जब आरोपित की गिरफ्तारी पर रोक लगाई तो शिकायतकर्ता ने बड़ी साजिश रच डाली। उसने सुपारी देकर अपने दोस्त पर गोली चलवाई और इसका आरोप पुरानी एफआइआर के आरोपित पर लगवा दिया, लेकिन सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस ने साजिश से पर्दा हटा दिया। पुलिस ने इस मामले में साजिशकर्ता वजीराबाद निवासी रहीस, मीर दर्द रोड निवासी कमरुद्दीन और गाजियाबाद के वैशाली निवासी स्वयंभू स्वामी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो कट्टा, कारतूस और 1,60,500 रुपये नकद (सुपारी की राशि जो रहीस ने कमरुद्दीन को दी थी) बरामद की है। गिरफ्तार किया गया स्वयंभू स्वामी दिल्ली पब्लिक स्कूल का छात्र है और दिल्ली विवि से साइंस ग्रेजुएट है। वह एक राष्ट्रीय स्तर का बाक्सर है और कई पदक भी जीत चुका है। इस पर लूटपाट के दो मामले पहले से दर्ज हैं। 28 अप्रैल की रात पुलिस को माता सुंदरी रोड के पास गोली चलने की काल मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि बदायूं के रहने वाले भूरे को महफूज और फहीम ने गोली मारी है। भूरे को पुलिस एलएनजेपी अस्पताल लेकर गई। भूरे ने पुलिस को बताया कि आइपी एस्टेट थाने में उसके साथी रहीस की शिकायत पर गत वर्ष नवंबर में एक एफआइआर दर्ज हुई थी। इसमें महफूज और फहीम आरोपित हैं। इस मामले में हाईकोर्ट ने महफूज की गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है। भूरे ने आरोप लगाया कि महफूज और फहीम अपना चेहरा ढक कर स्कूटी से आए और रहीस पर गोली चलाई, लेकिन गोली रहीस की जगह उसे लगी। मामले की जांच के लिए एसएचओ संजीव कुमार की देखरेख में एलएनजेपी चौकी इंचार्ज श्रीनारायण ओझा, हवलदार ओम प्रकाश और सिपाही संदीप की टीम ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला। आरोपितों की काल डिटेल भी खंगाली गई। इससे पता चला कि वारदात के समय महफूज और फहीम मौके पर नहीं थे। भूरे और रहीस की काल डिटेल को जब पुलिस ने खंगाला तो पता चला कि एक नंबर से कई बार उनकी बातचीत हुई है। यह मोबाइल नंबर कमरुद्दीन का निकला। उसके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम ने जब उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि रहीस महफूज को जेल भेजना चाहता था। हाई कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। इसलिए उसने अपने करीबी भूरे, कमरुद्दीन और स्वयंभू स्वामी के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। इसके लिए रहीस ने 1,60,500 रुपये की सुपारी दी थी।

दुभाषियों की मांग संबंधी याचिका पर जवाब मांगा

नई दिल्ली। एउच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर केंद्र और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है, जिसमें प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्रियों और अन्य द्वारा आयोजित सरकारी प्रेस वाताओं में सांकेतिक भाषा के दुभाषिए उपलब्ध कराने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। न्यायमूर्ति एस ए नजीर और न्यायमूर्ति विक्रमनाथ की पीठ ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत अधिवक्ता एम करपगम द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया है कि दिव्यांग लोगों को सूचना और संचार का समान अधिकार है। करपगम ने प्रधानमंत्री, केंद्र सरकार के अन्य मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और राज्य सरकारों के मंत्रियों द्वारा आयोजित सभी आधिकारिक प्रेस वाताओं में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार सांकेतिक भाषा का एक दुभाषिया रखने के लिए निर्देश दिए जाने का आग्रह किया है। याचिका में कहा गया है कि अधिनियम दिव्यांग व्यक्तियों के खिलाफ भेदभाव को रोकता है, जिसमें सार्वजनिक लाभ, कार्यक्रमों या सेवाओं तक सार्थक पहुंच प्रदान करना शामिल है।

एनडीएमसी जय प्रकाश नारायण पुस्तकालय का करेगी निर्माण : सतीश उपाध्याय

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

पुस्तकालय एक बहुत ही उपयोगी मंच है जो सीखने के इच्छुक लोगों को एक साथ लाता है। पुस्तकालय हमें अपने ज्ञान को सीखने और बढ़ाने में मदद करता है। हम अपनी पढ़ने की आदतों को एक पुस्तकालय से विकसित करते हैं और शांतिपूर्ण वातावरण में ज्ञान के लिए अपनी प्यास और जिज्ञासा को संतुष्ट करते हैं। पुस्तकालय व्यक्ति के व्यक्तिगत विकास में भी मदद करता है, यह बात सतीश उपाध्याय उपाध्यक्ष, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने मंदिर मार्ग पर बनाए जा रहे जय प्रकाश नारायण पुस्तकालय की जानकारी देते हुए कहा। उपाध्याय ने कहा कि इस पुस्तकालय के निर्माण का उद्देश्य वाल्मीकि बस्ती में रहने वाले उन बच्चों और छात्रों को उपकृत करना है, जिन्हें अपने घरों में पढ़ने और सीखने के लिए वातावरण नहीं मिल पाता। उपाध्याय ने कहा कि स्थानीय समुदाय के लिए विशेष रूप से छात्रों के लिए एक उपहार है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के पास अब पत्रिकाएं और समाचार पत्र पढ़ने के लिए खुद का एक स्थान होगा। उन्होंने कहा कि इस पुस्तकालय से मंदिर मार्ग, वाल्मीकि बस्ती, गोल मार्केट के निवासी, छात्र, स्कूली बच्चे लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने जेपीएन पुस्तकालय के निर्माण के लिए मामले का अवलोकन किया है। तदनुसार, इस प्रयोजनार्थ, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने 2.17 करोड़ रुपये अंतरण किए और शेष राशि एनडीएमसी की निधि द्वारा वहन की गई। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत समग्र सिविल, इलेक्ट्रिकल और अग्निशमन कार्य के लिए 6.81 करोड़ रुपये है। यह काम पहले ही 03.02.2021 को मैसर्स कॉनफॉस कंस्ट्रक्शन को सौंपा जा चुका है और अप्रैल-2021 में शुरू होने की निर्धारित तारीख के साथ दिसंबर माह तक परियोजना का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। उपाध्याय ने तकनीकी विवरण देते हुए कहा कि जे.पी.एन. पुस्तकालय में कुल फ्लोर एरिया 1471.14 वर्गमीटर में पूरी तरह से आरसीसी फ्रेम्ड संरचना में भूतल और दो अन्य मंजिल शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भवन के प्रत्येक तल का निर्माण 490.38 वर्ग-मीटर क्षेत्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भूतल में बहुउद्देश्यीय हॉल है जबकि पहली और दूसरी मंजिल में शौचालय, लिफ्ट और सीढ़ी जैसी सामान्य सुविधाओं के साथ पुस्तकालय हॉल उपलब्ध होगा। भवन निर्माण सामग्री की जानकारी देता हुए उन्होंने बताया कि सामान्य जगह में ग्रेनाइट जैसी सामग्री का उपयोग किया जाएगा, जबकि हॉल में कोटा-पत्थर के फर्श और पुस्तकालय में ट्रेडों और रैंप पर ग्रेनाइट और विट्रीफाइड एंटी-स्किड टाइल फर्श का उपयोग शौचालय में किया जाएगा, लकड़ी के फ्रेम और प्री-लेमिनेटेड शटर का प्रावधान होगा।

दिल्ली वालों के लिए जानलेवा साबित हो रहीं क्लस्टर बसें

नई दिल्ली। दिल्ली के लोगों के लिए क्लस्टर बसें जानलेवा साबित हो रही हैं। इनसे होने वाली सड़क दुर्घटनाएं साल दर साल बढ़ती ही जा रही हैं। इसका कारण मुख्यरूप से बस चालकों द्वारा अनियंत्रित गति और लापरवाही के साथ बसों को चलाना है। चालकों की लापरवाही का आलम यह है कि कई बार बसों को निर्धारित लेन में बने बस स्टाप को छोड़कर इन्हें बीच में भी खड़ा हुआ देखा जा सकता है। क्लस्टर बस चालकों की लापरवाही से हर साल 20 से 25 लोग असमय मौत के मुंह में चले जाते हैं। साथ ही कई लोग शारीरिक अक्षमता के शिकार हो जाते हैं।

कोरोना के नियमों का पालन बंद होने के बाद बढ़ गया अस्थमा का खतरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



अस्थमा के मरीजों के लिए कोरोना का संक्रमण बेहद घातक है। अस्थमा के कोरोना संक्रमित मरीजों में मृत्युदर भी अधिक देखी गई थी, लेकिन कोरोना काल में इस संक्रमण से बचाव के लिए लागू कई तरह की पाबंदियों के कारण अस्पतालों में अस्थमा के मरीजों की संख्या काफी कम हो गई थी। चिकित्सकों का कहना है कि कोरोना से बचाव के नियमों का पालन बंद होने के बाद अस्थमा का खतरा बढ़ गया है। खासतौर पर लोगों ने मास्क पहनना बंद कर दिया है, जबकि वातावरण में धूल अधिक होने के कारण इन दिनों अस्पतालों में अस्थमा के मरीज 35 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। इसलिए अस्थमा और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को अभी और ज्यादा सतर्कता बरतने की जरूरत है। आकाश हेल्थकेयर के पल्मोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डा. अक्षय बुधराजा का कहना है कि कोरोना के कारण लागू लाकडाउन और कई तरह की पाबंदियों के कारण लोग घर से बाहर ज्यादा नहीं निकल रहे थे। घर से बाहर निकलने पर लोग मास्क का भी अनिवार्य रूप से इस्तेमाल कर रहे थे। इस वजह से वे प्रदूषण, धूल इत्यादि के संपर्क में नहीं आ रहे थे। ऐसे में अस्पतालों में अस्थमा के मरीजों की संख्या बहुत कम हो गई थी। लेकिन, अब कोरोना संबंधी कोई पाबंदी नहीं है। मास्क पहनना अनिवार्य तो किया गया है और इसके लिए जुमार्ना का प्रविधान भी है, फिर भी लोग मास्क को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। इसी वजह से कुछ समय से अस्थमा के मरीजों में वृद्धि देखी जा रही है। इसका कारण यह है कि वातावरण में धूलकण अधिक हैं। मास्क न पहनने के कारण ही लोगों को एलर्जी और खांसी की समस्या हो रही है। खासकर अस्थमा मरीजों को ज्यादा परेशानी हो रही है और वे अस्थमा के अटैक के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन मई को विश्व अस्थमा दिवस पर इस बार की थीम इलाज के अंतर को पाटना है, क्योंकि ज्यादातर लोग मानते हैं कि अस्थमा के इलाज के दौरान अगर एक बार इनहेलर का इस्तेमाल कर लिया तो जीवन भर इससे पीछा छुड़ाना मुश्किल हो जाएगा। इस डर से कई मरीज उचित इलाज भी नहीं करा पाते हैं। उन्होंने बताया कि इलाज इस बात पर निर्भर करता है कि बीमारी हल्की, मध्यम स्तर की या गंभीर है। अब इनहेलर के अलावा भी इलाज के कई विकल्प मौजूद हैं।

दिल्ली में ई-रिक्शा का पंजीकरण का आंकड़ा हो गया न्यूनतम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में वाहनों का पंजीकरण अप्रैल में पिछले पांच माह में सबसे अधिक रहा है। यह भी पहली बार हुआ है कि वाहनों के पंजीकरण का आंकड़ा 50 हजार को पार कर गया। लेकिन, इनमें ई-रिक्शा को लेकर चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है, क्योंकि अप्रैल में ई-रिक्शा के पंजीकरण का आंकड़ा न्यूनतम हो गया है। मार्च में जहां 1902 ई-रिक्शा पंजीकृत हुए थे, अप्रैल में वह घटकर 118 रह गया। सूत्रों का कहना है कि इसके पीछे परिवहन विभाग द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गई सख्ती है, जिसके तहत अप्रैल में एक हजार से अधिक ई-रिक्शा वालों पर कार्रवाई की गई है। दरअसल, विभाग को शिकायतें मिल रही हैं कि ई-रिक्शा वाले नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। अधिकतर ई-रिक्शा चालकों के पास परमानेंट लाइसेंस नहीं है। दिल्ली में चल रहे 80 हजार से अधिक ई-रिक्शा वालों ने फिटनेस टेस्ट तक नहीं कराई है। परिवहन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी कहते हैं कि जनता की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है, निमयों का उल्लंघन करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती है।

सूचना आदेश गुप्ता ने सीएम अरविंद केजरीवाल का खत लिखकर धार्मिक स्थलों से लाउटस्पीकर हटाने की मांग की है

अब दिल्ली पहुंचा लाउडस्पीकर हटाने का मामला भाजपा ने अरविंद केजरीवाल पर बनाया दबाव

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

- कई राज्यों ने धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने का निर्णय लिया है और जनता ने इसका स्वागत किया है
- इशारा मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जाने को लेकर, जो कुछ जगहों पर ध्वनि प्रदूषण का पर्याय बन चुके हैं

महाराष्ट्र में मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने को जहां महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के मुखिया राज ठाकरे उद्धव सरकार पर दबाव बनाए हुए हैं तो वहीं अब इस विवाद की आंच दिल्ली तक पहुंच गई है। ताजा राजनीतिक घटनाक्रम में दिल्ली भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सीएम अरविंद केजरीवाल का खत लिखकर धार्मिक स्थलों से लाउटस्पीकर हटाने की मांग की है। यहां पर गौर करने वाली बात है कि आदेश गुप्ता ने धार्मिक स्थलों का जिक्र किया है न कि मस्जिदों का। वहीं, उनका इशारा मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जाने को लेकर, जो कुछ जगहों पर ध्वनि प्रदूषण का पर्याय बन चुके हैं।

आदेश गुप्ता ने सीएम अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का हवाला देते हुए मांग की है कि दिल्ली में सभी धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाए जाएं। उन्होंने अपने पत्र में बांबे हाई कोर्ट की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया है, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि लाउडस्पीकर धर्म का हिस्सा नहीं है।

आदेश गुप्ता ने कहा है कि कई राज्यों ने धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने का निर्णय लिया है और जनता ने इसका स्वागत किया है। लाउडस्पीकर के चलते पैदा हुए ध्वनि प्रदूषण से छात्रों और बीमार लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है कि भाजपा के सांसद प्रवेश वर्मा भी उपराज्यपाल अनिल बैजल को पत्र लिखकर धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने की मांग कर चुके हैं। प्रवेश वर्मा ने अपने में धार्मिक स्थलों से फिर आवाज को कम करने की मांग की है। सांसद ने लिखा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार सभी धार्मिक स्थलों पर प्रदर्शित लाउडस्पीकर को हटा दिया जाए या फिर आवाज इतनी कम हो कि भवन से बाहर नहीं जाए।

यहां पर बता दें कि दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटवाए हैं, इनकी हर ओर तारीफ हो रही है। भाजपा के तमाम नेता अब यूपी की तर्ज पर अन्य राज्यों में भी धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने की मांग कर रहे हैं।

मौसम ने कुछ राहत दी तो इसका असर बिजली की खपत पर दिखने लगा

नई दिल्ली। मौसम ने कुछ राहत दी तो इसका असर बिजली की खपत पर दिखने लगा। पिछले दिनों की तुलना में मंगलवार को अधिकतम मांग में कमी रही। पिछले कई दिनों से अपराह्न तीन बजे के करीब मांग 62 सौ मेगावाट के करीब रह रही थी। सोमवार अपराह्न साढ़े तीन बजे के करीब अधिकतम मांग 6194 मेगावाट पहुंच गई थी। इसके विपरीत मंगलवार अपराह्न में मांग में 61 सौ मेगावाट के आसपास रही। सुबह के समय भी बिजली की खपत कम रही। पिछले दिनों सुबह मांग चार हजार मेगावाट के ऊपर दर्ज हो रही थी। वहीं, मंगलवार सुबह मांग चार हजार मेगावाट से नीचे आ गई। शाम के समय पांच हजार मेगावाट के आसपास दिल्ली में बिजली की खपत रही। बिजली की खपत नीचे आने से बिजली वितरण कंपनियों ने राहत की सांस ली है, क्योंकि बिजली संयंत्रों में कोयले की कमी के बीच जिस तरह से मांग बढ़ रही थी उससे निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ने लगी थी। बिजली अधिकारियों का कहना है कि सोमवार रात को अधिकतम मांग 6247 मेगावाट दर्ज की गई थी। यह मई के पहले सप्ताह में अबतक सबसे अधिक है, लेकिन उसके बाद इसमें गिरवाट आने लगी।

आजादी की जंग की महिला योद्धाओं को दी गई संगीतमय श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लड़ने वाली भारत की महिला योद्धाओं को विशेष डांस थिएटर प्रोडक्शन वारियर वूमेन आफ भारत के कलाकारों ने इंडिया हैबिटेट सेंटर में संगीतमय श्रद्धांजलि दी। वारियर वूमेन आफ भारत नृत्यांगना और कोरियोग्राफर पद्मश्री प्रतिभा प्रह्लाद का संकल्पित डांस बेस्ड थियेटर प्रोडक्शन है। इसके तहत आजादी की जंग में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ लोहा लेने वाली भारत की महिला योद्धाओं की जांबाजी को नृत्य की बहुआयामी शैली के तहत श्रद्धांजलि दी गई। प्रतिभा प्रह्लाद ने रानी लक्ष्मीबाई की शौर्यगाथा प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के तहत किया गया। वारियर वूमेन आफ भारत का निर्माण इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और प्रसिद्ध फाउंडेशन द्वारा किया गया है। इस दौरान अन्य कलाकारों ने भी महिला योद्धाओं की जांबाजी प्रस्तुत कर आयोजन को यादगार बना दिया। उत्तर प्रदेश की रानी लक्ष्मीबाई और बेगम हजरत महल, तमिलनाडु की रानी वेलु नचियार, कर्नाटक की रानी चेन्नम्मा, मध्य प्रदेश की रानी अवंती बाई, असम की कनकलता बरुआ और भारतीय राष्ट्रीय सेना की कैप्टन लक्ष्मी सहगल के शौर्य, वीरता और पराक्रम को बहुआयामी शैली में प्रस्तुत किया गया। कलाकारों में प्रतिभा प्रह्लाद, शोवना नारायण, अनीता रत्नम, अलेख्य पुंजाला, सारोदी वरमाला, शारोदी दास, रश्मि वैद्यलिंगम और अवेरी चारुरे ने नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रतिभा प्रह्लाद ने बताया कि वारियर वूमेन आफ भारत में प्रसिद्ध और सम्मानित शास्त्रीय और समकालीन वरिष्ठ नृत्यांगना और थियेटर कलाकार शामिल हैं। इसके जरिये उन निडर और वीर महिलाओं के जीवन और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया गया जिन्होंने देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति प्रेम से प्रेरित होकर न केवल हथियार उठाए, बल्कि अंग्रेजों के छक्के भी छुड़ा दिए।

सामाजिक संस्था ने मनाई भगवान श्रीपरशुराम की जयंती धूमधाम से

गुरुग्राम, प्रात: किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था भगवान श्री परशुराम सेवादल द्वारा महावीरपुरा क्षेत्र में भगवान श्री परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अरुण शर्मा ने बताया कि देश को आजाद हुए भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं, लेकिन देश का ब्राह्मण वर्ग भगवान परशुराम जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश के लिए आज तक भी तरस रहा है। यह मांग समाज द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाई जा चुकी है, लेकिन केंद्रीय सरकार ने इस पर्व पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा नहीं की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पुनः आग्रह किया है कि परशुराम की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा की जाए। उन्होंने कहा कि आज के दिन भगवान विष्णु जी के छठे अवतार के रुप में अक्षय तृतीया के दिन भगवान श्री परशुराम जी का अवतार हुआ था जो अजर-अमर हैं। विश्व शांति एवं जन कल्याण के लिए हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम ने अत्याचारियों व दुराचारियों का अंत किया था। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल लोगों से आग्रह किया कि भगवान परशुराम द्वारा दिखाए गए आदर्शों पर सभी को चलना चाहिए और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के प्रयास भी किए जाने चाहिए। इस अवसर पर अश्विनी शर्मा, परमतप मुदगिल, रितेश शर्मा, रवि अत्री, आरडी शर्मा, नरेश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

बच्चों की कहासुनी पर दो पक्ष भिड़े, जमकर हुआ पथराव, आधा दर्जन घायल

पुन्हाना। बच्चों की आपसी कहासुनी को लेकर गांव सिंगार में दो पक्ष के लोग आपस मे भिड़ गए। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष में जमकर लाठी, डंडे व पथराव हुआ। झगड़ो के दौरान वहां उपस्थित कुछ लोगो ने झगड़े की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जिसकी पूरे जिले में इस झगड़े की चचाएं घूमती रही। बताया जा रहा है कि इस झगड़े में लगभग आधा दर्जन लोग घायल भी हुए है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर झगड़े को शांत कराया। पुलिस घटना की कार्यवाही में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की छानबीन भी लगी हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार ईद पर्व के दौरान गांव सिंगार में दो बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी । बच्चों की कहासुनी के बाद दोनों पक्षो में झगड़ा बढ़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दोनों पक्षो की ओर से जमकर पथराव हुआ। झगड़े में करीब आधा दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। झगड़े की सूचना पर बिछोर पुलिस मौके पर पहुची और झगड़े को शांत कराया। खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत पुलिस को नहीं मिली, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

जल है तो कल है जल के महत्व को समझना चाहिए : डा. परमेश्वर

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

जल के बिना मनुष्य अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता। हमें अपना कल बचाने तथा भविष्य में हमारी आने वाली पीढी को परेशानी का सामना न करना पड़े, उसके लिए अभी से हमें जल संरक्षण करना चाहिए। गुडगांव निवासी दिल्ली सर गंगाराम अस्पताल में आयुर्वेदिक चिकित्सक के तौर पर कार्य कर रहे तथा गुडगांव में पिछले करीब एक दशक से लोगों को जल संरक्षित करने के लिए जागरुक कर रहे डा. परमेश्वर अरोड़ा ने कहा कि आज हम मेहमानवाजी के नाम पर हजारों -लाखों लीटर पेयजल बिना बात व्यर्थ कर देते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को जिस प्रकार अन्य संस्कार दिए जाते हैं, उसी प्रकार बचपन से संस्कार देते हुए जलसंरक्षण का महत्व बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपने घर में स्वयं उपस्थित हों या फिर घर में कोई मेहमान आता है तो हमें चाहिए कि मेहमान के सामने पानी की बोतल तथा खाली गिलास रख देना चाहिए ताकि कुछ व्यक्ति को जितने पानी की आवश्यकता है, उतना ही पानी गिलास में डालकर प्रयोग कर सके। डा. परमेश्वर ने कहा कि हिंदू धर्म में जलदान को काफी अच्छा माना गया है तथा आए हुए मेहमान का जल पिलाकर स्वागत किया जाता है। यदि हम गिलास व पानी की बोतल आगे रख दें तो जिस व्यक्ति को प्यास नहीं होगी, एक तो पानी बेकार नहीं जाएगा, दूसरा जितना उसे पानी की जरुरत होगी, उतना ही प्रयोग कर पाएगा। जल है तो कल है, इसी बात को समझते हुए हम सभी को आगे आकर जल को बचाने का प्रयास करना चाहिए।

जैन समुदाय के खिलाडियों को जीतो ने की स्कॉलरशिप देने की घोषणा

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

जैन इंटरनेशनल ट्रेडर्स ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) जैन समुदाय के खिलाडियों को स्कॉलरशिप देगा, ताकि वे अपनी खेल प्रतिभा को निखारकर दुनिया में समुदाय का नाम रोशन कर सकें। यह घोषणा जीतो की ओर से यहां लीला होटल में जीतो प्रीमियर लीग 2022 (जीपीएल) की मशाल प्रज्जवलित समारोह में की गई।

इस समारोह में किसी नेता, अभिनेता, उद्योगपति को मुख्य अतिथि ना बनाकर जैन समुदाय के इंटरनेशनल खिलाडियों शूटर राजश्री संचेती, टेनिस स्टार प्रियंका जैन, टेबल टेनिस स्टार पायस जैन और धनी जैन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उनके अनुभवों को जैन समुदाय के बच्चों व अभिभावकों के बीच सांझा किया गया, ताकि वे प्रेरित हो सकें।

राजश्री संचेती ने कहा कि खेलों में हार से हार नहीं माननी चाहिए। गिरकर उठना ही खिलाड़ी का जीवन है। परिवार ने हर कदम पर उसका साथ दिया। प्रियंका जैन ने कहा कि उन्हें खेल में आगे बढ़ाने के लिए पति का पूरा साथ मिला है। बेटी के जन्म के तीन महीने बाद ही वह खेल के मैदान में पहुंच गई थी। पायस जैन ने कहा कि खेलों से हम फिट तो रहते ही हैं, हमारी पर्सनलिटी भी डेवेल्प होती है। धनी जैन ने कहा कि हेल्दी लाइफ के लिए भी खेल जरूरी हैं।

दिल्ली से जीतो अपेक्स सेक्रेटरी मनोज मेहता, अपेक्स डायरेक्टर किशोर कोचर, जेएटीएफ वाइस चेयरमैन विनय जैन, केएलजे ग्रुप से प्लेटिनम स्पॉन्सर सोनाली जैन, नई दिल्ली चैप्टर के चेयरमैन विक्रम जैन, गुरुग्राम से शैलेष जैन, सुभाष जैन, अनिल संचेति, आदित्य डुगगर, स्तुति जैन, अशोक जैन, अभय जैन समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस को वर्चुवली मनाया

सरकार पत्रकारों की सुरक्षा करे सुनिश्चित : अमित

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

जानकारी

- इस कार्यक्रम में दिल्ली और एनसीआर के अनेक वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए।
- भारत में भी नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क की तरह ही पत्रकारों को पूरी आजादी व सुरक्षा मिलनी चाहिए
- रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक संगठन द्वारा द्वारा विश्व प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 142वां स्थान मिला है

विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस पर एनसीआर मीडिया क्लब द्वारा एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। दिल्ली और एनसीआर में कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए संस्था ने विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस को वर्चुअली मनाने का निर्णय लिया था। इस कार्यक्रम में दिल्ली और एनसीआर के अनेक वरिष्ठ पत्रकार शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने कहा कि भारत में भी नॉर्वे, फिनलैंड और डेनमार्क की तरह ही पत्रकारों को पूरी आजादी व सुरक्षा मिलनी चाहिए। संस्था के अध्यक्ष अमित नेहरा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों से अपील की है कि वे पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक संगठन द्वारा द्वारा विश्व प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 142वां स्थान मिला है। संस्था के अनुसार भारत को पत्रकारिता के लिहाज से सुरक्षित देश नहीं माना गया है। रिपोर्टर्स के अनुसार भारत विश्व के सबसे अधिक खतरनाक देशों में है, जहां पत्रकारों को अपना काम सुविधाजनक तरीके से करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब तक पत्रकार अपने आपको सुरक्षित नहीं समझता, तब तक वह निष्पक्ष व निर्भिक रिपोर्टिंग करने से हिचकता रहेगा।

होंडा कंपनी ने प्रशासन को भेंट किए कोरोना टेस्ट किट, टेस्टिंग अभियान को मिलेगा बल

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

जिला में कोरोना से बचाव को लेकर औद्योगिक संस्थानों द्वारा मिल रहा सहयोग निरन्तर जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को होंडा कंपनी ने जिला में टेस्टिंग अभियान में सहयोग करने के लिए गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव को सीएसआर के माध्यम से 50 हजार कोरोना टेस्टिंग किट भेंट किये। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कंपनी के अधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कोरोना वायरस को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता लाने व जिला में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान करने में जिला के विभिन्न सामाजिक संगठनों व औद्योगिक इकाइयों ने बड़ी भूमिका निभाई है। होंडा कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई इन 50 हजार कोरोना टेस्टिंग किट से निश्चित ही जिला में जारी टेस्टिंग अभियान को बल मिलेगा। उन्होंने कंपनियों व उद्योगों से अपील करते हुए कहा कि वे जिला प्रशासन तथा सरकार की मदद के लिए आगे आएं ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद के साथ साथ जिला में इस महामारी की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों में और बेहतर किया जा सके। उपायुक्त ने जिलावासियों से आह्वान करते हुए कहा कि जिला में इस महामारी की रोकथाम के लिए जारी टेस्टिंग अभियान में अपना सहयोग करते हुए बगैर संकोच टेस्टिंग कराएं, साथ ही जब भी घर से बाहर निकले तो सरकार द्वारा जारी की गई सभी गाइडलाइंस की पालना करे। लोग फेस मास्क का प्रयोग अवश्य करें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचे।

अक्षय तृतीया पर लगाई गई छबील, वितरित किया मीठा पानी

गुरुग्राम। ऑल पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सैक्टर 23 स्थित मार्किट में मंगलवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर भीषण गर्मी में लोगों को राहत दिलाने के लिए मीठे पानी की छबील लगाई गई। संस्था के प्रधान वाईके चुघ व सचिव डीएन कवातरा ने बताया कि हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया का बड़ा महत्व है। इस दिन अबूझ शादी-विवाह समारोह व अन्य शुभ कार्य किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा इस शुभ अवसर पर लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए छबील लगाकर मीठे पानी का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़-चढकर हिस्सा लेती रही है। समय-समय पर लोगों को जागरुक भी करती रही है। इस अवसर पर केके सिंधवानी, एमआर कुमार, गौरव चुघ, विजय बाठला, अश्विनी बोहरा, मोहित वासन, ओपी बोहरा, अमित कुमार, लवके गोयल, मयंक, रोहन, सीपी खरबंदा, ज्ञान प्रजापति आदि मौजूद रहे।

अंतर्राष्ट्रीय शब्द सृजन द्वारा भारत के भारत रत्न का लोकार्पण समारोह 15 को

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

आगामी 15 मई को देश की राजधानी दिल्ली स्थित हिंदी भवन में साहित्य के क्षेत्र में प्रयासरत अंतर्राष्ट्रीय शब्द सृजन संस्था द्वारा भारत के भारत रत्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में साहित्यकार भी शामिल होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार व शिक्षाविद् डा. सविता उपाध्याय ने बताया कि भारत रत्न प्राप्त विभूतियों पर काव्य ग्रंथ का लोकार्पण इस कार्यक्रम में किया जाएगा। साहित्य व समाजसेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले साहित्यकारों को भी काव्य रत्न से सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सविता उपाध्याय जो की एक जानी मानी हस्ती हैं साहित्य सेवा, समाज सेवा करना उनके रगों में समाहित है, उनको काव्य रत्न से सम्मानित किया जाएगा।विप्र फाउंडेशन हरियाणा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ सविता उपाध्याय ने अभी हाल ही में रक्तदान शिविर को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई, सभी महिलाओं व समाज के युवाओं को जागरूक कर उन्हें इस कार्य में सहभागिता के लिए प्रेरित किया उनकी कर्मठता देखती ही बनती है।डॉ सविता, सलवान पब्लिक स्कूल की हिंदी विभागाध्यक्ष हैं जो बच्चों को उनकी रचनात्मकता के लिए सदैव प्रेरित करती रहती हैं।गौरतलब है कि भारत रत्न महोत्सव को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है, जिसमें 301 कवियों ने भारत रत्न विजेताओं पर ऑनलाईन काव्य पाठ किया था। उन्हीं कवियों में से देश-विदेश के चयनित 215 कवियों की रचनाओं को स्थान दिया गया है। इस ग्रंथ को तैयार करने में संस्था के डा. राजीव कुमार पाण्डेय और ओंकार त्रिपाठी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के राजकुमार छापडिया, अनुपमा पाण्डेय, बृज माहिर, रजनीश, देवेंद्र शर्मा देव, गार्गी कौशिक, डा. रजनी शर्मा, राजेश सिंह, कुसुमलता, डा. श्वेता सिंह आदि जुटी हुई हैं।

भगवान परशुराम ने बुराईयों के खिलाफ मजबूती से लडके की सभी को दी है प्रेरणा : यशपाल बतरा

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

भगवान श्री परशुराम दृढता के प्रतीक हैं और हम सभी को उनसे बुराईयों के खिलाफ मजबूती से लडके की प्रेरणा मिलती रही है। उक्त बात सैक्टर 29 क्षेत्र में आयोजित भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर यशपाल बतरा ने कही। उन्होंने कहा कि हम सभी को समाज में व्याप्त बुराईयों के खिलाफ लडते रहना चाहिए। ईमानदार रहकर अपने काम को करना ही सच्ची देशभक्ति है। इस कार्यक्रम का आयोजन ऑटो चालक संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ऑटो चालकों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने ऑटो चालकों से अनुरोध किया कि वे अनुशासन में रहकर ही शहरवासियों की सेवा करें और अपने कर्तव्यों का पालन भी उन्हें खुले दिल से करना चाहिए। ऑटो चालकों ने भी भगवान श्री परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उर्मिला यादव, अन्नू यादव, सुनील शर्मा, वीरेंद्र, बालकिशन हुड्डा, समय सिंह, अजीत सिह, नवीन शर्मा, अजय कुमार आदि भी मौजूद रहे।

सैक्टर 10 के कुछ क्षेत्रों में पेयजल को लेकर मचा हुआ है हा-हाकार, लोग हो रहे परेशान

अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, क्षेत्रवासी हैं परेशान



गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

बिजली आपूर्ति का शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बुरा हाल है। शहर का कोई भी ऐसा आवासीय क्षेत्र व कालोनी नहीं बची है जो बिजली की अनियमित आपूर्ति से प्रभावित न हो। भीषण गर्मी में हुडा के आवासीय सैक्टर भी बिजली की आंखमिचौली से बड़े परेशान हैं। सैक्टर 10 के प्रधान सुरेंद्र यादव का कहना है कि गर्मी में बिजली के साथ साथ पानी की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। मकान नंबर 101 से 200 तक पेयजल की आपूर्ति नियमित नहीं है जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की मीना देवी, सुमित्रा, विष्णु आदि का कहना है कि नगर निगम व जीएमडीए के उच्चाधिकारियों तक से भी शिकायत कर ली है। सभी ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन तो अवश्य दिया है, लेकिन समस्या का समाधान आज तक भी नहीं हुआ है। उनका कहना है कि पिछले 3 दिनों से तो हालात और भी खराब हो गए हैं। क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति नियमित रुप से नहीं हो रही है। सैक्टर 10 के इस पॉकेट में पेयजल के लिए हा-हाकार मचा हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासियों को आंदोलन करने के लिए सडक पर उतरना पड़ेगा, जिसकी समस्या जिम्मेदारी जिला प्रशासन की ही होगी।

लापरवाह लोग नहीं दे रहे हैं कोई ध्यान

कोरोना के बढ़ते मामलों से आमजन हो रहे हैं परेशान

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या प्रदेश के अन्य जिलों की अपेक्षा एक बार फिर से बढ़ती जा रही है जिससे आम आदमी का परेशान होना स्वभाविक है। मई माह में भी कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 300 को पार करता जा रहा है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए लोग यह सोचने के लिए बाध्य हो गए हैं कि कहीं यह कोरोना की चौथी लहर तो नहीं है। बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना जांच व कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान को भी और अधिक तेज कर दिया है ताकि बढ़ते कोरोना को मात दी जा सके। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि कोरोना से उपचार के लिए सभी व्यवस्थाएं की हुई हैं। अस्पतालों में बेड की कोई कमी नहीं है। हालांकि अधिकांश मरीज अपने घरों में रहकर ही कोरोना का उपचार करा रहे हैं। यदि अस्पतालों में ऐसे मरीजों को भर्ती भी करना पड़े तो कोई दिक्कत नहीं है। सभी व्यवस्था की हुई हैं। गुडगांव में प्रदेश के अन्य जिलों की अपेक्षा कोरोना के नए मरीज सबसे अधिक आ रहे हैं और यह सिलसिला गत अप्रैल माह में शुरू हो गया था, जोकि बदस्तूर जारी है। स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन शहरवासियों व ग्रामीणों से भी आग्रह करता आ रहा है कि कोरोना से बचाव के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करा जाए ताकि कोरोना की चपेट में आने से बचा जा सके, लेकिन लापरवाह लोग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिना फेस मास्क लगाए सार्वजनिक स्थलों व कार्यक्रमों में बढ़-चढकर भाग भी ले रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि यह थोड़ी सी लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकती है। इसी कारण से कोरोना के नए मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

विश्व अस्थमा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर मंगलवार को सेक्टर -10 स्थित नागरिक अस्पताल में क्लोजिंग गैप्स इन अस्थमा केअर विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को अस्थमा की बीमारी की रोकथाम तथा लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इस जागरूकता कार्यक्रम में लोगों द्वारा बढ़ चढकर भाग लिया गया और अस्थमा की बीमारी संबंधी अपने संशयो को उपस्थित डॉक्टरों की टीम के सहयोग से दूर किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अस्थमा की बीमारी के लिए इस्तेमाल होने वाले इनहेलर के सही इस्तेमाल के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा, कार्यक्रम में लोगों को धूम्रपान के दुष्प्रभावो, प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभावो सहित कोरोना संक्रमण की रोकथाम संबंधी उपायो के बारे में विस्तार से बताया गया।

धूमधाम से मनाया गया ईद का पर्व

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में नमाज अता कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इसी प्रकार सोहना चौक स्थित जामा मस्जिद, पालम विहार, कार्टरपुरी, चौमा, सैक्टर 29 स्थित लैजरवैली ग्राउण्ड, जिले के पटौदी, फर्रुखनगर, हेलीमंडी, बादशाहपुर, भौंडसी, सोहना, तावडू आदि में भी समुदाय के लोगों ने नमाज अता कर एक दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक कही। शहर की जामा मस्जिद में भी हजारों नमाजियों ने नमाज अता की। मस्जिद के बाहर पर्व जैसा माहौल था। मस्जिद के आस-पास दुकानों पर भी समुदाय के लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। ईद-उल-फितर को मीठी ईद भी कहा जाता है। समुदाय के लोगों ने घरों में सैवई बनाकर ईद मनाई और अपने मिलने वाले अन्य समुदायों के लोगों के घर भी सैवई भेजकर भाईचारे का संदेश दिया। समुदाय के लोगों ने अपने घरों में भी ईद मिलन समारोह का आयोजन किया था, जिसमें अन्य समुदायों के लोगों ने भी बढ़-चढकर भाग लिया और गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। नमाज अता करने वाले स्थलों पर पुलिसकर्मी व सैक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे, ताकि किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके। जामा मस्जिद क्षेत्र में भी पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में तैनात थे। वहीं दूसरी ओर सोहना रोड स्थित केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल में बच्चों द्वारा ईद के त्योहार के उपलक्ष्य में कविताएँ, गीत प्रस्तुत किये गए जिसके माध्यम से भाईचारे का दिया सन्देश। विद्यार्थियों के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाने की एक्टिविटी कराई गई। प्रिंसिपल डॉ नीलिमा कामराह ने बच्चों को ईद के विषय में ज्ञानवर्धकबातें बताते हुए कहा कि ईद भाईचारे का त्यौहार है , ईदके माध्यम से बच्चों को सिखाया जा सकता है की वेकिस तरह से आपसी प्रेम और भाईचारे को बनाकर रखसकते है।

कामकाजी महिला आवास में लगाया गया वाटर कूलर, उपायुक्त ने किया उद्घाटन

गुरुग्राम , प्रात: किरण संवाददाता

अक्षय तृतीया के अवसर पर रोटरी ब्लड सेंटर के असिसटेंट गवर्नर रोटेरीयन रविंद्र जैन व ब्लड बैंक के प्रधान मुकेश शर्मा के निजी कोष से रेडक्रास कामकाजी महिला आवास में महिलाओं व आम जनता के लिए वॉटर कूलर लगवाया गया है, जिसका उदघाटन मंगलवार को उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने किया। नवकल्प फाउंडेशन द्वारा पक्षी बचाव अभियान के तहत दाना पानी घोंसले लगाए गए। मुकेश शर्मा व रविंद्र जैन द्वारा स्मृति चिन्ह व शाल द्वारा उपायुक्त का स्वागत किया गया। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि गुरुग्राम में समाजसेवी संस्थाएं बहुत अच्छा कार्य कर रही है। संस्थाएं अपने गठन के उद्देश्य को पूरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में संस्थाओं और निजी कंपनियों द्वारा काफी अच्छा कार्य करवाया जा रहा है, जिनका जनता को सीधे लाभ मिल रहा है। कामकाजी महिला आवास में 20 कमरे और बनाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को यहां रहने की सुविधा मिल सके। सचिव विकास कुमार व वार्डन कविता सरकार ने संस्था के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर राहुल जैन, नवीन गुप्ता, केएस यादव, मनीष खुल्लर, दिनेश अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, गजेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

संकट समाधान की नीति बने

यह सच है कि इस साल गर्मी समय से पहले आयी और तमाम रिकॉर्ड तोड़े, लेकिन गर्मियों में बिजली संकट पहली बार नहीं है। लोगों की समझ में आने लगा है कि ग्लोबल वॉर्मिंग हमारे दरवाजे तक दस्तक देने लगी है और सौ से अधिक साल की गर्मी के रिकॉर्ड टूट रहे हैं। इस बार तो लोगों ने मार्च में मई-जून जैसी तपिश महसूस की है। अप्रैल में ही देश के कई राज्यों में बिजली कटौती की खबरें आने लगीं।

कहा जा रहा है कि बिजली घरों में कोयले का संकट खड़ा हो रहा है। वैसे कोयले की कमी की खबरें गैर-भाजपा शासित राज्यों से ज्यादा आ रही हैं लेकिन कहा जा रहा है कि देश के करीब पचास फीसदी बिजली घरों में कोयला कम बचा है। वहीं केंद्रीय मंत्री और ऊर्जा उत्पादन के लिये जिम्मेदार प्रमुख उपक्रम एनटीपीसी ने कोयला संकट की बात से इनकार किया है। कोयला कंपनियों के पास भी पर्याप्त कोयला भंडार है। तो ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि फिर कोयला संकट की बात क्यों पैदा हो रही है।

जाहिर बात है कि कोरोना संकट के बाद दुनिया में कोयला उत्पादन में गिरावट आई और इसके दामों में अप्रत्याशित उछाल आया। संभव है कि सरकार व कोयला कंपनियां महंगा कोयला मंगाने से बच रही होंगी। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गैस आदि की आपूर्ति बाधित हुई है। लेकिन इसके बावजूद कोयला संकट को टालने की कोशिश तो गंभीरता के साथ की जानी चाहिए। पिछले पांच-छह साल से हर गर्मी में बिजली कटौती का सिलसिला बदस्तूर जारी है। लेकिन समस्या का कारगर समाधान होता नजर नहीं आ रहा है। वहीं कोयला उत्पादक कंपनियां राज्यों द्वारा कोयला आपूर्ति का भाड़ा न दिये जाने की बात करती रही हैं।

कहा जाता है कि यह रकम पंद्रह हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बैठती है। ऐसे में निष्कर्ष निकालना कठिन नहीं है कि इस संकट की जड़ें कहीं और भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया ग्लोबल वॉर्मिंग के संकट से जूझ रही है। ऐसे में गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन यहां विचारणीय प्रश्न यह भी है कि आपूर्ति में ज्यादा परिवर्तन न होने के बावजूद मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दरअसल, आज हमारी जीवनशैली कुछ इस कदर बदली है कि सुविधाभोगी जीवनशैली के चलते बिजली की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

वातानुकूलन के लिये उपकरणों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। जीवन शैली भी कुछ इस तरह हो गई है कि हम प्राकृतिक जीवन के साथ साम्य नहीं बैठा पाते। निजी व सार्वजनिक स्थलों पर वातानुकूलन सिस्टम अपरिहार्य बना दिये गये हैं। जाहिर है हमारे संसाधन सीमित हैं और आकांक्षाएं अनन्त हैं जिसमें साम्य न होने से कई तरह के संकट उत्पन्न होते हैं। महानगरों में कंक्रीट के जंगलों के विस्तार व वन क्षेत्रों के सिमटने से भी तापमान में वृद्धि हुई है। अब तक देश के कई दूर-दराज के पर्वतीय व ग्रामीण इलाके ऐसे थे, जिनमें लोग बिना पंखे के भी काम चला लेते थे।

अब समृद्धि के साथ-साथ एसी व कूलर जरूरी हो गये हैं। संकट मौसम की तल्खी का भी है, लेकिन व्यक्ति के सुविधाभोगी होने का सवाल भी है। जरूरत के साथ प्रतिष्ठा व विलासिता का घटक भी जुड़ा है। निस्संदेह, भारत जैसे विकासशील देश में संसाधन सीमित हैं तो हमें भी बिजली का उपयोग संयम व सामंजस्य से तय करना चाहिए। सवाल आवश्यकता व विलासिता के बीच फर्क करने का भी है ताकि बिजली की किल्लत से जरूरी सेवाएं बाधित न हों।

कोयला संकट के चलते बिजली घरों को तेजी से कोयला आपूर्ति के लिये जो अतिरिक्त मालगाड़ियां चलायी गई हैं, उसके कारण कई यात्री गाड़ियों का आवागमन बाधित हुआ है, जो आवश्यक सेवा का बाधित होना ही है। वहीं देश के हुक्मरानों को सोचना होगा कि हर गर्मी में पैदा होने वाले बिजली संकट को दूर करने के लिये स्थायी उपाय क्या हो सकते हैं।

गर्म-लहर का कहर

देश के बड़े हिस्से में तापमान वृद्धि से उपजी मुश्किलों से लोग दो-चार हैं, जो इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की दो माह पूर्व आई उस रिपोर्ट पर मोहर लगाती है, जिसमें बढ़ते तापमान से उपजे संकट की ओर इशारा किया गया था। चिंता की बात यह है कि ये प्रभाव निर्धारित समय से काफी पहले दिखाई दे रहे हैं। आज देश के कई हिस्से भीषण गर्मी की गिरफ्त में हैं जिससे सामान्य जन-जीवन प्रभावित है और लाखों लोगों की जिंदगी व आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव नजर आ रहा है।

बढ़ती गर्मी के चलते देश भर में बिजली की मांग में तेज उछाल आया है जिसके चलते नया बिजली संकट पैदा हो रहा है क्योंकि इससे थर्मल पावर स्टेशनों में कोयले की आपूर्ति दबाव में आ गई है। विडंबना यह है कि कोविड संकट के दौरान देश को संबल देने वाले कृषि क्षेत्र में संकट की दस्तक दिखायी दे रही है। चिंता की बात यह है कि खराब मौसम के चलते गेहूं की उत्पादकता में गिरावट आई है।

हमें जलवायु परिवर्तन के लगातार घातक होते दायरे को महसूस करना चाहिए। इस साल मार्च में गर्मी का पिछले 120 साल का रिकॉर्ड टूटना इस संकट की ओर ही इशारा कर रहा है। वक्त की मांग कि हमारी कृषि व लोगों की जीवन शैली को जलवायु संकट से उत्पन्न चुनौतियों के मुकाबले के लिये तैयार किया जाये। उन फसलों पर शोध व अनुसंधान की जरूरत है जो कम पानी व अधिक तापमान में उगायी जा सकती हैं। तभी हम जलवायु संकट से उपजे हालात का सामना करते हुए अपनी बढ़ती आबादी के लिये खाद्यान्न उपलब्ध करा पायेंगे जिसमें जहां एक ओर किसानों को नये फसल चक्र को अपनाने के लिये प्रेरित करने की जरूरत हैं, वहीं आम लोगों को जीवन शैली में बदलाव के लिये मानसिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत है।

तभी हम इस चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं। दरअसल, विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि अत्यधिक तापमान जलवायु परिवर्तन के सीधे संबंधों को दशार्ता है। भारत में लंबे समय से इस दिशा में प्रयास भी हुए हैं। बीते साल नवंबर में ग्लासगो में संपन्न कॉप-26 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दशार्ते हुए पूरी दुनिया को बताया था कि भारत जलवायु संकट की चुनौती का मुकाबला करने के लिये गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को पांच सौ गीगावाट तक बढ़ाएगा।

साथ ही वर्ष 2030 तक भारत अक्षय ऊर्जा स्रोतों के जरिये देश की ऊर्जा जरूरतों का पचास फीसदी का लक्ष्य हासिल कर लेगा। लेकिन देश के कुछ बड़े राज्यों की इस दिशा में शिथिलता चिंता बढ़ाने वाली है, जो गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिये पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि भारत जैसे देश में सौर ऊर्जा का पर्याप्त दोहन नहीं किया जा रहा है, जहां साल भर अधिकांश हिस्सों में पर्याप्त मात्रा में धूप उपलब्ध होती है।

निस्संदेह, कोयले व अन्य जीवाश्म ईंधनों के जलने से होने वाले उत्सर्जन से ही संकट विकट होता जा रहा है। आज भी भारत दुनिया में कोयले के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में शामिल है। भारत को क्रमबद्ध रूप में कोयले पर अपनी निर्भरता को कम करना होगा। कालांतर इसे कम करने में तेजी लाने की जरूरत होगी। इसमें दो राय नहीं है कि कोयले पर अधिक निर्भरता भविष्य में आपदा की वजह बन सकती है। जब इस संकट का असर हमारी खेती पर तेजी से पड़ रहा है तो हमारी खाद्य सुरक्षा भी खतरे में आ सकती है। इसके लिये जरूरी है कि किसानों जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये नई कृषि तकनीकों के इस्तेमाल के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। गर्मी हमें आसन्न संकट के बाबत चेता रही है। बता रही है कि हमारे पास इसे और टालने का समय नहीं है। यदि अब भी हम न जागे और सख्त कदम नहीं उठाये तो हमें फिर बचाव का अवसर नहीं मिलेगा।

कैसे डीयू अलग है जेएनयू तथा जामिया से

डीयू की स्थापना 1922 में हुई थी और इसका पहला दीक्षांत समारोह 26 मार्च, 1923 को हुआ था। उस समय तक डीयू में सिर्फ सेंट स्टीफंस कॉलेज, हिन्दू कॉलेज, रामजस कॉलेज और दिल्ली कॉलेज (अब जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज) ही थे। ये उन दिनों की बातें हैं जब डीयू में सिर्फ साइंस और आट्र्स की ही फैक्ल्टी हुआ करती थीं। और अब जब डीयू में 70 से अधिक कॉलेजें हैं। एक महत्वपूर्ण बिन्दु यह भी है कि डीयू में राजधानी की दो अन्य विश्वविद्लायों क्रमश: जामिया मिल्लिया इस्लामिया तथा जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी के विपरीत शांति तथा सौहार्द बना रहता है। यहां पर पढ़ने और पढ़ाने पर फोकस रहता है सबका। क्या यह बात जेएनयू या जामिया के लिए भी ऐसे ही कही जा सकती है। इन दोनों में तो लगातार आंदोलन, प्रदर्शन तथा मारपीट ही होती रहती है। अगर डीयू के इतिहास के पन्नों को खंगाले तो इसका रजत जयंती दीक्षांत समारोह 1947 में ही होना चाहिए था।

आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

किसी भी स्कूल,कॉलेज या यूनिवर्सिटी की पहचान होती है उसमें शिक्षित हुए विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से। इस मोर्चे पर अपने 100 साल का सफर पूरा कर रही दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) जितना भी चाहे गर्व कर सकती है। डीयू की स्थापना 1922 में हुई थी और इसका पहला दीक्षांत समारोह 26 मार्च, 1923 को हुआ था। उस समय तक डीयू में सिर्फ सेंट स्टीफंस कॉलेज, हिन्दू कॉलेज, रामजस कॉलेज और दिल्ली कॉलेज (अब जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज) ही थे। ये उन दिनों की बातें हैं जब डीयू में सिर्फ साइंस और आट्र्स की ही फैक्ल्टी हुआ करती थीं। और अब जब डीयू में 70 से अधिक कॉलेजें हैं। एक महत्वपूर्ण बिन्दु यह भी है कि डीयू में राजधानी की दो अन्य विश्वविद्लायों क्रमशः जामिया मिल्लिया इस्लामिया तथा जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी के विपरीत शांति तथा सौहार्द बना रहता है। यहां पर पढ़ने और पढ़ाने पर फोकस रहता है सबका। क्या यह बात जेएनयू या जामिया के लिए भी ऐसे ही कही जा सकती है। इन दोनों में तो लगातार आंदोलन, प्रदर्शन तथा मारपीट ही होती रहती है। अगर डीयू के इतिहास के पन्नों को खंगाले तो इसका रजत जयंती दीक्षांत समारोह 1947 में ही होना चाहिए था। उसी साल देश आजाद भी हुआ था। इसीलिये इसका आयोजन 1948 में डीयू की मेन बिल्डिंग में हुआ था। इस समारोह में देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु, भारत के वायसराय लार्ड माउंटबेटन,उनकी पत्नी, शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद और महान वैज्ञानिक शांति डॉ. शांति स्वरूप भटनागर भी मौजूद थे। अब तक इंद्रप्रस्थ कॉलेज और मिरांडा हाउस भी डीयू का हिस्सा बन चुके थे। अब डीयू में अपने दिल्ली से बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए ग्वायर हाल नाम से छात्रवास का निर्माण भी कर लिया गया था। यह सर मौरिस ग्वायर के नाम पर बना था। ग्वायर साहब डीयू के उप कुलपति भी रहे। उन्होंने इसके विस्तार में अहम रोल निभाया था। डीयू का स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह 1973 में हुआ था। उसमें देश की तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, पंजाबी की लेखिका अमृता प्रीतम और गायिका एम एस सुब्बालक्ष्मी भी शामिल हुये थे। देखिए जब डीयू का जिक्र आता है तो सबसे पहले दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (डी स्कूल) की छवि जेहन में आती हैं। इसकी स्थापना 1949 में हुई। यहाँ टाटा उद्योग समूह के सहयोग से रतन टाटा लाइब्रेरी स्थापित की गई। डी स्कूल को अर्थशास्त्र और संबंधित विषयों में अध्ययन और अनुसंधान के लिए एशिया का सबसे बेहतर संस्थान माना जाता है। डी स्कूल की स्थापना में प्रफेसर वी.के. आर.वी.राव की निर्णायक भूमिका रही थी। वे डी स्कूल के पहले निदेशक थे। इसी डी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. अर्मत्य सेन,प्रो. सुखमय चक्रवर्ती, डॉ. मृणाल दत्ता चौधरी डॉ. ए. एल नागर जैसे अर्थशास्त्रियों ने पढ़ाया। डीयू के इतिहास पुरुष डीयू के इतिहास विभाग में लंबे समय से इस तरह के विद्वान गुरु रहे जिनसे पढ़ने के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा तक के नौजवान यहां दाखिला लेते रहे। उनमें डॉ. डी.एन.झा भी थे। वे इतिहासकार ही नहीं थे बल्कि इतिहास रचयिता भी थे कया यूं कहें कि वे खुद भी इतिहास के एक निमार्ताओं का सा ही जीवन जिये। उनके विद्यार्थियों में उनके लेक्चर कभी कोई मिस नहीं करता था। वे वैदिक काल के विद्वान थे। डीयू में ही आर.एस.शर्मा, सुमित सरकार, मुशीर उल हसन, के.एम. श्रीमाली जैसे नामवर इतिहासकार भी शिक्षक रहे हैं। इनके अलावा यहां पिता-पुत्र मोहम्मद अमीन और शाहिद अमीन की जोड़ी भी पढ़ाती रही है। इतिहास का कोई भी संजीदा विद्यार्थी उनके योगदान का ऋणि रहेगा। दिल्ली यूनिवर्सिटी में इस तरह के अनेकों प्रोफेसर रहे है, जो पढ़ाते तो इंग्लिश, गणित या जंतु विज्ञान (जोआलजी) रहे हैं, पर उनका खेलों की तरफ भी गहरा झुकाव रहा। प्रोफेसर रवि चतुवेर्दी ने करीब सौ क्रिकेट टेस्ट मैचों की कमेंट्री की। उन्होंने दो दर्जन किताबें भी क्रिकेट पर लिखीं।

गणित के प्रोफेसर रंजीत भाटिया ने 1960 के रोम ओलंपिक खेलों की मैराथन दौड़ में भाग लिया था। सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज को बांटने वाली सड़क का नाम सुधीर बोस मार्ग है। वे सेंट स्टीफंस कॉलेज में 1937-63 तक फिलोस्फी पढ़ाते रहे। वे दिल्ली जिला क्रिकेट संघ यानी डीडीसीए के संस्थापक सदस्यों में से थे। फुटबॉल कमेंटेटर और लेखक नोवी कपाड़िया तो अपने आप में फुटबॉल के चलते-फिरते विश्वकोष हैं। इस बीच,कॉमर्स में करियर बनाने वाले या रुचि रखने वाले नौजवानों के लिए डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में पढ़ना किसी सपने की तरह रहा। इधर डॉ. केपीएम सुंदरम ने लगभग चालीस सालों तक पढ़ाया। वे पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण जेटली तथा सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एके सीकरी के भी शिक्षक थे। शायद ही इस देश में कोई इक्नोमिक्स का छात्र हो जिसने केपीएम सुंदरम की किताब प्रिंसिपल आफ इक्नोमिक्स को न पढ़ा हो। सुंदरम साहब अपने जीवनकाल में ही लीजैंड बन गए थे। अफ्रीकी देश मलावी के 2004-2012 तक राष्ट्रपति रहे बिंगु वा मुथारिका 1961 से 1964 तक श्रीराम कालेज ऑफ कॉमर्स में पढ़े। वे भी सुंदरम साहब के छात्र थे। दिल्ली यूनिवर्सिटी को समृद्ध करने में विदेशी अध्यापक भी सक्रिय रहे। इस लिहाज से सबसे पहले दीनबंधु सी.एफ.एंड्रयूज का नाम लेना होगा। वे गांधी जी के मित्र थे। वे इंग्लिश पढ़ाते थे। उन्हीं के प्रयासों से ही गांधी जी पहली बार 12 अप्रैल-15 अप्रैल, 1915 को दिल्ली आए और दिल्ली यूनिवर्सिटी कैंपस में रूके। एन्ड्रयूज ने ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी जलियांवाला बाग कांड के लिए ब्रिटिश सरकार को जिम्मेदार माना था। वे गुरुदेव टैगोर के भी करीबी रहे। शांति निकेतन में ह्यहिंदी भवनह्ण की स्थापना उनके आश्रम में हुई थी। उन्होंने 16 जनवरी 1938 को शांति निकेतन में ह्यहिंदी भवनह्ण की नींव रखी। गुरुदेव की कूची से बना एन्ड्रयूज का एक चित्र सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्रिंसिपल के कक्ष में लगा हुआ है। उनकी परम्परा को डीयू में आगे लेकर गए इतिहासकार पर्सिवल स्पियर। वे इधर 1924-1940 तक पढ़ाते रहे। स्पियर साहब ने भारत के इतिहास पर अनेक महत्वपूर्ण किताबें लिखीं। वे विशुद्ध अध्यापक और रिसर्चर थे। वे भारत के स्वाधीनता आंदोलन को करीब से देख रहे थे। पर वे उसके साथ या विरोध में खड़े नहीं थे। उन्होंने भारत को छोड़ने के बाद इंडिया, पाकिस्तान एंड दि वेस्ट (1949), ट्वाइलाइट आफ दि मुगल्स (1951), दि हिस्ट्री आफ इंडिया (1966) समेत कई महत्वपूर्ण किताबें लिखीं। इन सबका अब भी महत्व बना हुआ है और आगे भी रहेगा। पिछली लगभग आधी सदी से डीयू में सारे देश के नौजवान आते हैं पढ़ने के लिए। यानी देश के नौजवानों का इस पर भरोसा बना हुआ है। उन्हें लगता है कि यहां पर आकर उनका वक्त आंदोलनों तथा देश विरोधी गतिविधियों में बर्बाद नहीं होगा और वे एक योग्य नागरिक बन पाएंगे।

मायावती को कम आंकने की भूल ना करें अखिलेश

सपा की उम्मीद के अनुसार दलित वोट उनकी पार्टी में जाने की बजाय बीजेपी की तरफ चले गए, जिससे बसपा-सपा दोनों को नुकसान हुआ और बीजेपी दो बंदरों की लड़ाई में फायदा उठा ले गई।दरअसल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार अपनी चुनावी सभाओं में कहते घूमते रहे थे कि बसपा को वोट देना बेकार है। वह कह रहे थे कि बसपा, बीजेपी की बी टीम है तथा भाजपा और बसपा के बीच समझौता हो गया है। चुनाव बाद बीजेपी मायावती को राष्ट्रपति बनाएगी। अखिलेश की इस बात पर बड़ी तादाद में वोटरों को भरोसा भी होने लगा, लेकिन इसके विपरीत उम्मीद के अनुसार समाजवादी पार्टी को इसका कोई फायदा नहीं मिला, बल्कि उम्मीद के विपरीत सपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

अजय कुमार
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने बसपा को बीजेपी की बी टीम बता कर मायावती के खिलाफ जो सियासी लड़ाई शुरू की थी, उससे बसपा को तो नुकसान हुआ ही समाजवादी पार्टी को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। सपा की उम्मीद के अनुसार दलित वोट उनकी पार्टी में जाने की बजाय बीजेपी की तरफ चले गए, जिससे बसपा-सपा दोनों को नुकसान हुआ और बीजेपी दो बंदरों की लड़ाई में फायदा उठा ले गई।दरअसल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव लगातार अपनी चुनावी सभाओं में कहते घूमते रहे थे कि बसपा को वोट देना बेकार है। वह कह रहे थे कि बसपा, बीजेपी की बी टीम है तथा भाजपा और बसपा के बीच समझौता हो गया है। चुनाव बाद बीजेपी मायावती को राष्ट्रपति बनाएगी। अखिलेश की इस बात पर बड़ी तादाद में वोटरों को भरोसा भी होने लगा, लेकिन इसके विपरीत उम्मीद के अनुसार समाजवादी पार्टी को इसका कोई फायदा नहीं मिला, बल्कि उम्मीद के विपरीत सपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। अखिलेश को लगता था कि बसपा को बीजेपी की बी टीम बताने से मुस्लिम वोटर बसपा के पक्ष में मतदान नहीं करेगा, उनकी यह सोच सही साबित हुई, लेकिन बसपा को कमजोर देख कर बीएसपी के कोर वोटर माने जाने वाले दलितों ने भी मायावती से मुंह मोड़ लिया। मुस्लिम वोटरों ने जहां सपा का रुख किया वहीं दलित वोटरों ने बीजेपी की तरफ कदम बढ़ा दिए। नतीजा यह हुआ कि मुसलमानों के वोट से सपा को उतना फायदा नहीं हुआ, जितना फायदा बीजेपी को दलित वोट मिलने से हो गया। बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बन गई और सपा को 111 सीट पर ही संतोष करना पड़ा। जो लोग समाजवादी सरकार बनने का सपना देख रहे थे, उनके अरमानों पर पानी फिर गया। इसी के साथ अखिलेश यादव के खिलाफ पार्टी के भीतर से आवाज उठने लगी। खासकर जो आजम खान अभी तक अखिलेश यादव को लेकर चुप्पी साधे हुए थे, उनके समर्थकों ने आजम की नाराजगी की बात सामने रखकर मानो अखिलेश के ऊपर बम फोड़ दिया। आजम की नाराजगी सामने आते ही एक-एक कर कई मुस्लिम नेताओं और संगठनों ने भी अखिलेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। उधर मौका देखकर बसपा सुप्रीमो मायावती भी अखिलेश यादव के खिलाफ हमलावर हो गई हैं। मायावती, अखिलेश पर तंज कस रही है कि जो स्वयं सीएम नहीं बन सकता है वह हमें (मायावती) भला पीएम क्या बना सकता है। मायावती ने यह भी स्पष्ट किया कि वह राष्ट्रपति नहीं बनना चाहती हैं। वह सीएम या पीएम बनेंगी। मायावती ने अखिलेश को तब निशाने पर लिया है जब वह चारों तरफ से घिरे हुए हैं। शिवपाल यादव, आजम खान, जयंत चौधरी, ओमप्रकाश राजभर एवं तमाम मुस्लिम संगठन उनको आंखें दिखा रहे हैं। बहरहाल, बसपा सुप्रीमो जिस तरह से अखिलेश पर हमलावर हैं उससे राजनीति के जानकार आश्चर्यचकित नहीं हैं। राजनीतिक पंडितों को कहना है कि अखिलेश ने बसपा सुप्रीमो को हल्के में लेकर मुसीबत की घड़ी में एक और नया मोर्चा खोल लिया है। अब तक चार बार उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज हो चुकी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भले ही विधानसभा में एक सीट तक सिमट गई हो, लेकिन मायावती के हौसले अब भी बुलंद हैं। मायावती को सियासत में बड़े उलटफेर करने वाला खिलाड़ी माना जाता है। कई बार तो मुलायम भी मायावती के सियासी दांवपेंच में फंस जाया करते थे। अखिलेश तो अभी उनके मुकाबले काफी कम अनुभवी हैं। बसपा सुप्रीमो अपने खिलाफ चल रही सभी साजिशों को नाकाम करने में लगी हैं। हाल ही में लंबे समय से चल रही उनके राष्ट्रपति बनने की अटकलों को एक बार फिर खारिज करते हुए बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि वह आराम की जिंदगी नहीं चाहती हैं, बल्कि पिछड़ों-वंचितों को उनका हक दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश की सीएम और देश की पीएम बनना चाहती हैं। कोई इसे मायावती की साफगोई बताकर उनकी इच्छाशक्ति की तारीफ कर रहा है तो कुछ लोग ये भी सवाल उठा रहे हैं कि क्या मायावती की यह ख्वाहिश पूरी हो सकती है? क्या दुर्बल-निर्बल हो चुका बसपा का हाथी दोबारा अपनी ताकत हासिल कर सकता है? मायावती इस बात को अच्छी तरह जानती हैं कि उनके कोर वोटर्स भी उनका साथ छोड़ चुके हैं और उनको वापस लाए बिना यह संभव नहीं है। मायावती ने कहा, यदि यूपी सहित पूरे देश में दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, मुस्लिम और अपर कास्ट में से गरीब तबगा बसपा से जुड़ जाता है तो ये लोग बीएसपी की मुखिया को यूपी का मुख्यमंत्री बना सकते हैं और आगे चलकर देश का प्रधानमंत्री भी बना सकते हैं, क्योंकि इन वर्गों के वोटों में बहुत ताकत है। बशर्ते ये लोग एकजुट होकर बसपा से जुड़ जाएं और चुनाव में किसी तरह गुमराह ना हों। खैर, मायावती की बातों और सियासी सोच को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। भले ही यूपी विधानसभा चुनाव से काफी पहले से ही मायावती की निष्क्रियता को लेकर सवाल उठने लगे थे। विपक्ष और राजनीतिक के जानकार कभी उन पर भाजपा के सामने सरेंडर करने का आरोप लगाते तो अटकलें यह भी थीं कि मायावती को भाजपा राष्ट्रपति बनाकर उनके वोटर्स को अपने पाले में कर सकती है। मायावती ने राष्ट्रपति के पद को ऐश और आराम का बताकर यह साफ कर दिया है कि वह अभी राजनीति के मैदान से बाहर नहीं जा रही हैं। उधर, बात अखिलेश के बसपा सुप्रीमो मायावती के भाजपा द्वारा राष्ट्रपति बनाए जाने के संबंध में किए जा रहे दावे की कि जाए तो लाख टके का सवाल यही है कि आखिर बीजेपी उन्हें राष्ट्रपति क्यों बनाना चाहेगी? बीजेपी तो पहले ही उनके एक बड़े वोट बैंक पर कब्जा कर चुकी है। लंबे समय से बीजेपी की विचारधारा पर सवाल उठाती रहीं मायावती को यह पार्टी पहले सीएम बना चुकी थी, लेकिन बदले में क्या हासिल हुआ? बात जहां तक बसपा सुप्रीमो मायावती की राजनीति की है तो 2007 में मायावती ने समाज के सभी वर्गों को साथ जोड़ा था जो एक नायाब और सफल प्रयोग था, लेकिन उसे उन्होंने जारी नहीं रखा।

केजरीवाल के महान संकल्प का अनुसरण अन्य मुख्यमंत्रियों को भी करना चाहिए

ललित गर्ग

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल देश एवं दुनिया में मुफ्त की सुविधाओं के लिये जाने जाते हैं। अब उन्होंने दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए निशुल्क योग कराने का निर्णय लिया है, क्योकि दिल्ली के आम-आदमी का भागदौड़ की प्रदूषणभरी जिंदगी में शरीर, मन और आत्मा स्वस्थ्य नहीं है, ऐसे में योग उनकी बड़ी मदद कर सकेगा, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही यह एक स्वागतयोग्य कदम है। राजनीति का मकसद सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि उन्नत एवं स्वस्थ जीवनशैली प्रदत्त करना भी है, इस दृष्टि से दिल्ली सरकार ने योग और मेडिटेशन को जन आंदोलन बनाकर दिल्ली के घर-घर तक पहुंचाने का निर्णय लेकर सूझबूझ एवं आदर्श शासन-व्यवस्था का संकेत दिया है। इन दिनों दिल्ली योग के पोस्टरों से पटी है। जनवरी से दिल्ली में जगह-जगह योग की क्लासेज भी शुरू हो जायेगी। यह पूरे देश में अपने किस्म का पहला विलक्षण कार्यक्रम है, जिसके तहत दिल्ली सरकार लोगों को फ्री में योग कराएगी। इसके लिए 400 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। दिल्ली में निशुल्क सुविधाओं की आंधी का अनुकरण देश के अन्य प्रांतों की सरकारें भी करने लगी हैं, ठीक इसी तरह यदि दिल्ली सरकार की योग मुहिम को देखकर पूरे देश के अंदर भी योग शालाएं शुरू होती हैं तो घर-घर तक योग पहुंचेगा, लोगों का जीवन स्वस्थ, संतुलित एवं शांतिमय होगा। भारतभूमि अनादिकाल से योग भूमि के रूप में विख्यात रही है। यहां का कण-कण, अणु-अणु न जाने कितने योगियों की योग-साधना से आप्लावित हुआ है। तपस्वियों की गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त यह माटी धन्य है और धन्य है यहां की हवाएं, जो साधना के शिखर पुरुषों की साक्षी हैं। इसी भूमि पर कभी वैदिक ऋषियों एवं महर्षियों की तपस्या साकार हुई थी तो कभी भगवान महावीर, बुद्ध एवं आद्य शंकराचार्य की साधना ने इस माटी को कृतकृत्य किया था। साक्षी है यही धरा रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना की, साक्षी है यहां का कण-कण विवेकानंद की विवेक-साधना का, साक्षी है क्रांत योगी से बने अध्यात्म योगी श्री अरविन्द की ज्ञान साधना का और साक्षी है महात्मा गांधी की कर्मयोग-साधना का। योग साधना की यह मंदाकिनी न कभी यहां अवरुद्ध हुई है और न ही कभी अवरुद्ध होगी, क्योंकि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अब केजरीवाल जैसे शासक इसे जन-जन की जीवनशैली बनाने को तत्पर हुए हैं। इसी योग मंदाकिनी से अब दिल्ली आप्लावित होगा, निश्चित ही यह एक शुभ संकेत है सम्पूर्ण दिल्लीवासियों के लिये। दिल्ली में योग आन्दोलन की सार्थकता इसी बात में है कि सुधरे व्यक्ति, समाज व्यक्ति से, विश्व मानवता का कल्याण हो। सचमुच योग वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत है। लोगों का जीवन योगमय हो, इसी से युग की धारा को बदला जा सकता है। मेरी दृष्टि में योग मानवता की न्यूनतम जीवनशैली होनी चाहिए। आदमी को आदमी बनाने का यही एक सशक्त माध्यम है। एक-एक व्यक्ति को इससे परिचित- अवगत कराने और हर इंसान को अपने अन्दर झांकने के लिये प्रेरित करने हेतु दिल्ली में योग आन्दोलन को व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के उपक्रम होने चाहिए। इसी से संतुलित इंसान बनने और अच्छा बनने की ललक पैदा होगी।

योग मनुष्य ही नहीं बल्कि राजनीतिक जीवन की विसंगतियों पर नियंत्रण का माध्यम है। दिल्ली का जीवन जीने लायक बन सकेगा। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए दिल्ली की महत्वपूर्ण उपलब्धि और असफलता को दो बिन्दुओं में बताना हो तो दिल्ली की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी योग-क्रांति और असफलता होगी बढ़ता प्रदूषण। जहां तक व्यवस्था का प्रश्न है, यह दोनों ही बातें सही हैं। योग की ही भांति हमें प्रदूषण को शून्य दर पर ले जाना होगा जिसके बिना सभी क्षेत्रों में हमारी तरक्की बेमानी मानी जायेगी। कोई भी राष्ट्र केवल व्यवस्था से ही नहीं जी सकता। उसका सिद्धांत पक्ष भी सशक्त होना चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र, स्वस्थ जीवनशैली नहीं दे पाये। राष्ट्रीय चरित्र का दिन-प्रतिदिन नैतिक ह्रास हो रहा है। हर गलत-सही तरीके से हम सब कुछ पा लेना चाहते हैं। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए कर्त्तव्य को गौण कर दिया है। इस तरह से जन्मे हर स्तर पर भ्रष्टाचार ने राष्ट्रीय जीवन में एक विकृति पैदा कर दी है। लेकिन केजरीवाल की इस दृष्टि से बरती जा रही सख्ती एवं दिल्ली को उन्नत एवं स्वस्थ जीवनशैली देने का संकल्प एक प्रेरणा है, एक उजाला है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने हैपीनेस क्लासेज, एंटरप्रिन्योर क्लासेज, देशभक्ति क्लासेज के प्रयोग किए और स्कूल पहले से बेहतर कर दिए हैं। लोगों को यकीन नहीं होता है कि दिल्ली में मुफ्त बिजली-पानी मिलता है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि अब लोग मुफ्त में तीर्थ यात्रा पर जा रहे हैं। दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक का प्रयोग भी सफल एवं स्वास्थ्य-क्रांति का प्रेरक बना, जिसकी हर जगह चर्चा है। किसी भी बीमारी के ईलाज के लिए पैसे की बगैर चिंता किए मुफ्त दवाई मिल रही है। छोटी-सी खांसी से लेकर बड़ी सर्जरी अगर 70-80 लाख रुपए की भी होगी, तो दिल्ली सरकार इलाज का सारा खर्च उठा रही है। मुख्यमंत्री के ये दावे कुछ अनूठा करने के संकल्प, सुशासन की द्योतक है। भले ही केजरीवाल का मुफ्त सुविधाएं देने का गवर्नेंस मॉडल बहस के केन्द्र में है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार को लेकर जिस तरह का मानस तैयार किया गया है, उसमें किसी भी विषय पर सम्यक विमर्श की गुंजायश का लगातार घटते जाना विडम्बनापूर्ण है। निश्चित तौर पर चर्चा के इस आदर्श मॉडल को बढ़ावा देने में केजरीवाल की राजनीति, सूझबूझ एवं कौशल का बड़ा योगदान है।

संक्षिप्त खबरें

किसान के घर में हुई लाखों की चोरी का सुराग नहीं

हसनपुर। किसान के घर लाखों रुपए की चोरी का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।चोरों ने सोमवार को दिनदहाड़े थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव भीकनपुर शर्की निवासी ओमपाल सिंह के मकान से सोने व चांदी के आभूषण व 10 हजार की नकदी समेत लाखों रुपए का माल चोरी कर लिया था। ओमपाल का परिवार सोमवार सुबह एक रिश्तेदारी में आयोजित शादी कार्यक्रम में गया हुआ था। दोपहर में घर लौटे तो कमरों के ताले टूटे हुए थे। नकदी व सामान गायब था। पुलिस को खबर की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामले की जांच पड़ताल की। डॉग स्क्वायड को बुलाया गया। 24 घंटे बाद भी चोरों के संबंध में पुलिस को कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल जारी है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

पुलिस ने दबोचा वांछित बदमाश

मंडावली। मंगलवार को थाना मंडावली पुलिस द्वारा थाना मंडावली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 70/22 धारा 302/452 भादवि व मु0अ0स0 73/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के वांछित अभियुक्त राधेश्याम पुत्र राम सिंह निवासी रामपुर चाठा थाना मंडावली जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया

स्योहारा। सोमवार को थाना स्योहारा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 204/22धारा 147 148 149 307 332 353 भादवि व 3/5/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्रूरता अधिनियम व मु0अ0सं0 205/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त इंतजार उर्फ दिलशाद पुत्र निहाल निवासी मोहल्ला मिलकियांन कस्बा व थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

बदमाश को किया न्यायालय के समक्ष पेश

बिजनौर। थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा अभियुक्त मुकर्रम पुत्र अच्छन निवासी ग्राम काजीवाला थाना कोतवाली नगर जनपद बिजनौर सम्बन्धित मु0अ0सं0 0206/2022 धारा 406,452,354ख,376,506 भा0द0वि0 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

ईदुल फितर का त्यौहार क्षेत्र में आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाया गया

ईद की नमाज शांतिपूर्वक हुई सम्पन्न, मौलाना अशफाक कासमी ने तकरीर कर अता कराई

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता

ईदुल फितर का त्यौहार अफजलगढ़ क्षेत्र आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया गया ईदगाह पर ईद की नमाज शांतिपूर्वक मौलाना अशफाक कासमी ने तकरीर कर अता कराई जिसमे हजारो नमाजियो ने सवेरे 8 बजे पहुंचकर ईदगाह में पहुंचकर ईद की नमाज पढ़ी और देश की खुशहाली व अमन शांति के लिए दुआ की । मंगलवार को सवेरे नगर की ईदगाह पर लगभग 12 हजार नमाजी पहुंचे ओर तकरीर सुनी और ईद की नमाज अदा की इसके पूर्व कोषाध्यक्ष असलूब अंसारी के पुत्र अफजाल असलूब अंसारी ने ईदगाह की आय व्यय का ब्यौरा देते हुए बताया कि ईदगाह पर कुल एक लाख चार हजार नौ सौ उन्तीस रुपए बकाया फंड मौजूद रहा। इस मौके पर हिन्दू भाईयो की ओर से मुस्लिम भाईयो का स्वागत किया गया ओर गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई वही नगर पालिका चेयरपर्सन शहाना सलीम अंसारी, ईओ कौशल कुमार की ओर से ईदगाह पर समुचित साफ-सफाई व पानी की उचित व्यवस्था की गई और नमाजियों के ऊपर फूल बिखेरे गये ईदगाह के बाहर पूर्व विधायक अफजलगढ़ शेख सुलेमान, चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एडवोकेट,पूर्व चेयरमैन जावेद विकार,समीम अहमद अंसारी भट्टे वाले,सभासद कलवा कुरैशी,वसीम अंसारी, अफजाल अंसारी, पूर्व सभासद डॉ शाहिद हुसैन, सभासद दिलशाद ठेकेदार, सूफी कदीरा, शेख निजाम, जावेद सैफी तथा नजाकत कुरैशी आदि ने नमाजियों से गले मिलकर ईदुल फितर की मुबारकबाद दी वही सुरक्षा की दृष्टि से तहसीलदार धामपुर कमलेश कुमार,कोतवाल मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व मे भारी संख्या मे पुलिस बल मौजूद रहा इस मौके पर एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार, कांस्टेबल राहुल चैधरी, कांस्टेबल सनोज चैहान,

नगरपालिका कर्मचारी बृजमोहन सिंह,रोबिन सिंह,विरेन्द्र गुप्ता, रोहिताश पंवार,भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा,भीम सिंह रावत,सत्यप्रकाश पंवार, अनील विश्नोई,आकाश अग्रवाल तथा राजवीर पंवार आदि सहित रहे गांव मेघपुर,सुआवाला, शेरगढ़ ,मनोहरवाली तथा मानियावाला आदि ईदगाहो पर नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।

पंजाबी भाषा को स्नातक व परास्नातक में सम्मिलित करने हेतु उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

लखनऊ। उतर प्रदेश पंजाबी अकादमी के उपाध्यक्ष स.गुरविंदर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में अकादमी के सदस्यों ने पंजाबी भाषा के प्रसार के लिए उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेश उपाध्याय से प्रतिनिधि मंडल के रूप में मुलाकात कर उनसे उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों में पंजाबी भाषा को स्नातक व परास्नातक स्तर पर सम्मिलित करने की मांग की।इस संदर्भ में पंजाबी अकादमी के उपाध्यक्ष स.गुरविंदर सिंह छाबड़ा, सदस्य - लखविंदर पाल सिंह, जसविंदर सिंह,राम कुमार छाबड़ा, जग नैन सिंह नीटू ने उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा।माननीय मंत्री जी ने पंजाबी अकादमी की इस मांग को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।सभी ने उच्च शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया।

सड़क हादसे में पांच साल की बच्ची की मौत, चाचा-भतीजा गंभीर

जोया, प्रात: किरण संवाददाता

नेशनल हाईवे स्थित चौधरपुर के पुल पर तेज रफ्तार इको के चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जबकि चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बगैर पुलिस कार्रवाई के बच्ची के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। वहीं पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। बच्ची की मौके पर बाद परिवार में ईद की खूशियां काफूर हो गईं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।हादसा सोमवार की रात डिडौली कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित जोया में पुल पर हुआ। क्षेत्र के गांव हरियाना में नजरुल का परिवार रहता है। उनका बड़ा बेटा मोहम्मद नाजिम दिल्ली की एक कंपनी में नौकरी करता है। उसके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। उसकी पांच वर्षीय बेटी सानवी और सात वर्षीय बेटा मोहम्मद शान ईद पर अपने गांव आए हुए थे। सोमवार की शाम नाजिम का छोटा भाई कासिम दोनों बच्चों को लेकर जोया आया था। यहां से रोजा इफ्तार के लिए बर्फ लेकर तीनों घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जोया में पुल से नीचे उतरने लगी, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार इको ने टक्कर मार दी। हादसे में सानवी की मौके पर मौत हो गई। जबकि मोहम्मद शान और कासिम गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चाचा-भतीजे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया। जहां से दोनों को गंभीर हालत में मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर आ गए। परिजन बगैर पुलिस कार्रवाई के सानवी के शव को घर ले गए और सुपुर्द ए खाक कर दिया।वहीं मुरादाबाद के अस्पताल में दोनों चाचा-भतीजे की हालत गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव, किया हवन पूजन

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

ब्राह्मण सभा अमरोहा ने विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर वासुदेव तीर्थ पर स्थित परशुराम मंदिर में अभिषेक, श्रंगार, माल्यार्पण एवं हवन पूजन कर अक्षय तृतीया का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार नगर के वासुदेव तीर्थ पर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में ब्राह्मण सभा द्वारा अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर्व भव्य एवं पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जिसमें ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पं० पवन कौशिक एवं महामंत्री पं०मनु शर्मा एडवोकेट के संयुक्त नेतृत्व में भगवान परशुराम की प्रतिमा का सर्वप्रथम अभिषेक, श्रंगार, माल्यार्पण, हवन और उसके पश्चात आरती प्रसाद वितरण कर भव्य एवं पारंपरिक रूप से मनाया गया।इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने ब्राह्मण समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि समस्त हिंदू समाज के लिए पूज्य है क्योंकि वह विष्णु जी का छठा अवतार हैं।ब्राह्मण समाज उन्हें सदैव अपना अभीष्ट आदर्श एवं पथ प्रदर्शक मानकर उनकी आराधना और पूजा करता है।भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र दोनों के ज्ञाता सात चिरंजीवी में से एक हैं।हम उन्हें सदैव अपना प्रेरणास्रोत मानकर अक्षय तृतीया के दिन उनका जन्मोत्सव भव्य और पारंपरिक रूप से मनाते आ रहे हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से सभा के अध्यक्ष पवन कुमार कौशिक, महामंत्री मनु शर्मा एडवोकेट, अतुल पंडित, वीरेंद्र कुमार पाठक, आशुतोष त्रिवेदी, स्वीकृत मधुर, उमाकांत शर्मा ,अतुल कुमार दीक्षित, शरद शर्मा, महेश शर्मा, उत्कर्ष कौशिक, सुशील कुमार शर्मा, सीता राम बंधु, अरविंद पाराशर, पवन शर्मा, वरुण त्रिवेदी, विपुल शर्मा, गौरव शर्मा, योगेंद्र शर्मा, प्रतुल शर्मा, सचिन त्रिवेदी, सुभाष शर्मा, मीनाक्षी कौशिक, वंदना शर्मा, रीता दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

20 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा

अफजलगढ़। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव शेरगढ़ में छापेमारी करते हुए जसपुर के गांव तीर्थनगर भोगपुर निवासी मिन्दर सिंह पुत्र काला सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ धर दबोचा आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है उधर कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कच्ची शराब किसी भी कीमत पर बेचने नही दी जायेगी कच्ची शराब बेचने वाले के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

फंदे पर लटकता मिला किशोरी का शव शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

रहरा, प्रात: किरण संवाददाता

युवक से बात करने पर परिजनों ने डांटा था

रहरा। कुछ ग्रामीण बताते हैं कि सोमवार रात को गांव में एक शादी थी। इस दौरान किशोरी दूसरे गांव के युवक के साथ अकेले में बात करते हुए देखी गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे फटकार भी लगाई थी।

उसके साथ मारपीट भी की गई थी। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी अमर सिंह का कहना है कि किशोरी का शव लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। छानबीन की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी

- पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है

थानाक्षेत्र के एक गांव के जंगल में किशोरी का शव बकायन के पेड़ के सहारे फंदे पर लटकता मिला। उसके पैर जमीन से सटे हुए थे। इससे पहले किशोरी दूसर गांव के युवक के साथ बात-चीत करते देखी गई थी। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।यह घटना रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां पर किसान का परिवार रहता है। मंगलवार की सुबह घर से करीब 300 मीटर दूर किसान की नाबालिग बेटी का शव चचेरे दादा के खेत में खड़े बकायन के पेड़ के सहारे दुपट्टे के फंदे पर लटकता मिला। ग्रामीणों ने देख कर घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी।

खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। फंदे से लटकी किशोरी के पैर जमीन से सटे हुए थे। हत्या की आशंका जताई जा रही है।

नेमपाल हत्याकांड का पदार्फाश:मोबाइल की डिस्प्ले लूटने के लिए की थी हत्या, पांच आरोपी गिरफ्तार

आदमपुर, प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस ने चर्चित नेमपाल हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया है। दो सगे भाइयों समेत पांच आरोपियों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया था। इससे पहले सभी आरोपियों ने कैंटर में भरी 35 लाख रुपये की सैमसंग कंपनी के मोबाइल डिस्प्ले लूट ली थीं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गईं मोबाइल डिस्प्ले, एक वाहन और हत्या में उपयोग किया गया फावड़ा भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया हैं।एसपी विनीत जायसवाल ने मंगलवार को पुलिस ऑफिस सभागार में नेमपाल हत्याकांड का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल में अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। काफी देर बाद मृतक की पहचान बदायूं निवासी नेमपाल पुत्र शैतान सिंह के रूप में हुई थी। आरोपियों ने फावड़े से गर्दन काट कर उसकी हत्या की थी। मामले में मृतक नेमपाल के भाई करु की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का नामजद मुकदमा दर्ज कराया गया था। हत्याकांड के खुलासे के लिए आदमपुर थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया। टीम का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश शुक्ला कर रहे थे। गहन छानबीन के दौरान पुलिस को सफलता हाथ लगी और पता चला कि आरोपियों ने कैंटर में भरी सैमसंग कंपनी का मोबाइल डिस्प्ले लूटने के लिए हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। मोबाइल डिस्प्ले की कीमत करीब 35 लाख रुपये थी। पुलिस ने बदायूं जनपद के बिनावर थाना क्षेत्र के गांव पुट्ठी सराय निवासी विनोद उर्फ चीकू, प्रमोद उर्फ टीटू, धीरेंद्र, उसहैत थाना क्षेत्र के मोहम्मतपुर गांव निवासी विपिन, इस्लामनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मोहाली निवासी अजेंद्र को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से लुटी गईं सैमसंग कंपनी की मोबाइल डिस्प्ले, एक वाहन और हत्या में प्रयोग किया गया फावड़ा भी बरामद किया। एसपी के मुताबिक आरोपी विनोद उर्फ चीकू और प्रमोद उर्फ टीटू सगे भाई हैं। जबकि अन्य आरोपी भी आपस में एक दूसरे के रिश्तेदार हैं।

जनपद भर में रोजेदारों के साथ अकीदत के साथ अदा की ईद उल फितर की नमाज

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

शांतिपूर्वक अदा की गई ईद की नमाज

हसनपुर। क्षेत्र में ईद का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जा रहा है। सुबह के वक्त ईदगाह व विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस मौके पर मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ की गई।शहर से लेकर गांव तक ईद पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह तैयार होकर ईदगाह व मस्जिदों की ओर रुख कर लिया। निर्धारित समय के मुताबिक ईद की नमाज अदा की गई। नगर की जामा मस्जिद पर शहर इमाम मुफ्ती मेहराज ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मुल्क में अमन व शांति के लिए दुआ की गई। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुमार, सीओ सतीश चंद्र पांडे, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी निहाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक पीके चौहान समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे। एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शांतिपूर्वक नमाज संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस का खासा बंदोबस्त रहा। क्योंकि, कोरोना के चलते 2 वर्ष तक ईद पर सामूहिक नमाज नहीं हुई थी, इसलिए इस बार नमाजियों में भारी उत्साह देखने को मिला। बड़ों के साथ बच्चे भी ईदगाह पहुंचे। एसडीएम सुधीर कुमार ने बताया कि तहसील क्षेत्र में ईद की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हो गई है।

गजरौला क्षेत्र में मंगलवार की सुबह 70 मस्जिदों व 14 ईदगाहों में नमाज अदा की गई। सुबह तड़के से ही रोजेदार नए कपड़े पहनकर मस्जिदों व ईदगाहों की तरफ जाते दिखाई दिए। निर्धारित समय पर अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। नमाज के बाद रोजेदारों ने कौम व मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी। शहर के चौपला पर स्थित जामा मस्जिद, चौहानपुर मोहल्ले में स्थित जामा मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों में भी नमाज मंगलवार को सुबह ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह ईदगाहों व मस्जिदों में रोजेदारों के साथ अकीदत के साथ नमाज अदा की। मुल्क व तरक्की के लिए दुआ मांगी।बीते दो वर्ष कोरोना काल की वजह से सादगी के साथ ईद मनाई गई थी लेकिन कोरोना संकट कम होने पर इस बार त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। सभी लोग मस्जिद व ईदगाहों से लौटकर घर पहुंचे तथा परिवार में खुशियां मनाई। घरों में बने पकवानों का स्वाद लिया। एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद दी तथा पकवान खाए। शाम तक मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा।

पुलिस ने थाना नगीना के लिस्ट्रीशीटर व टाप 10 अपराधी नौशाद को दबोचा

नगीना , प्रात: किरण संवाददाता

पुलिस अधीक्षक बिजनौर के आदेश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे चैकिंग अभियान के अर्न्तगत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगीना व प्रभारी निरीक्षक नगीना कृष्ण मुरारी दोहरे के कुशल पर्यवेक्षण में दिंनाक 02 मई 2022 को चैकिंग के दौरान उप0नि0 सुरेन्द्र सिंह व कांस्टेबिल लोकेश कुमार व कांस्टेबिल नेपाल सिंह द्वारा नगीना कलाखेडी फाटक के पास से मुखबिर की सूचना पर समय 9.30 बजे थाना नगीना का हिस्ट्रीशीटर व टॉप 10 अपराधी नौशाद पुत्र कमरूददीन निवासी ग्राम ओअयापुर थाना नगीना जनपद बिजनौर को अवैध 510 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त नौशाद उपरोक्त एक आदतन अपराधी व शातिर किस्म का चोर है जिसके विरूद्ध जनपद बिजनौर के थाना नगीना , थाना धामपुर , थाना कोतवाली देहात , थाना चाँदपुर , थाना शेरकोट व थाना नहटौर में विभिन्न चोरी व अन्य धाराओ के अभियोग पंजीकृत है अभियुक्त नौशाद के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0स0 141/2022 धारा 8/20 पंजीकृत कर कारागार भेजा जा रहा है।

ईदुल-फितर का त्यौहार जनपद भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता

एक माह के मुकद्दस रमजान के बाद आये ईद के त्यौहार को मुस्लिम समुदाय ने जनपदभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुस्लिमों के साथ साथ हिन्दूओं ने भी साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल कायम करते हुए मुस्लिम भाईयों को गले मिलकर ईद के त्यौहार की बधाई दी। ईदगाह पर सुबह नमाज अता करने के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी। वहीं इस मौके पर जगह जगह व ईदगाह पर पुलिस फोर्स तैनात रहा तथा चप्पे चप्पे पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। जिले भर में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है तथा ईद का पर्व हर्षोल्लास व जोशो खरोश के साथ मनाया गया। बच्चों, बूढों, युवकों व महिलाओं ने अपने अपने तरीके से एक दूसरे के गले मिलकर ईद की बधाई दी और आपसी प्रेम व भाईचारे को कायम रखा। ईद पर बडों के साथ साथ बच्चों में ज्यादा खुशी देखने को मिली। बच्चे सुबह से ही नये नये कपडे पहनकर एक दूसरे के गले मिले तथा जगह जगह पिकनिक स्पाटों पर खेलते व आनंद लेते दिखाई दिये। शहर के एक मात्र पिकनिक स्थान इंदिरा पार्क में सुबह से ही बच्चों की भारी भीड एकत्र हो गयी तथा बच्चों ने चांट, पकोडी व अन्य वस्तुओं का आनंद लिया। वहीं पर काजीपाडा, चाहशीरी, बुल्ला का चैराहा, व शहर के अन्य स्थानों पर लगे विभिन्न प्रकार के झूलों पर बच्चों को झूलते व आनंद लेते हुए दिखाई दिये। बच्चों ने खुलकर त्यौहार का आंनद लिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में पथराव, अवैध शस्त्रों से फायरिंग, कई घायल

संभल। थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में पथराव तथा अवैध शस्त्रों से फायरिंग की गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कई लोगों को लिया हिरासत में जनपद संभल के असमोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सदीरनपुर में एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर हुआ पथराब तथा अवैध शस्त्रों की नुमाइश करते हुए फायरिंग की गई। बताया जा रहा है की पुरानी रंजिश को लेकर फायरिंग हुई है। फायरिंग में दोनों पक्ष से लोग घायल हुए हैं। फायरिंग तथा पथराव की सूचना पाते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। घटना के बाद गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना से गांव के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

30 अप्रैल की डेटलाइन बीती, बावजूद सड़कों पर पार्किंग

औरैया। अपर मुख्य सचिव ग्रह उत्तर प्रदेश शासन ने एक सप्ताह पूर्व अवैध पार्किंग व स्टैंड की हटाते हुए स्थाई बंदोबस्त के लिए जिला प्रशासन को 30 अप्रैल की समय सीमा निर्धारित की थी। जारी निर्देश के बाद जिला प्रशासन की ओर से महज अवैध स्टैंडों को चिन्हित करने तक कवायद की जा सकी है। निकायों की ओर से खानापूर्ति करते हुए अस्थाई स्टैंड के तौर पर खाली जमीन चिन्हित कराई है। आलम यह है कि महज इस दिशा में खानापूर्ति की गई है। मुख्य सचिव का आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने पुलिस व तहसील कर्मचारियों के साथ बैठक की थी। जिसके बाद सड़कों पर अवैध स्टैंड हटाने के लिए पुलिस व प्रशासन की चहलकदमी देखने को मिली थी। बिधूना, अजीतमल, दिबियापुर व औरैया में सख्ती देखने को मिली थी। तहसील कर्मचारियों की ओर से निरीक्षण करते हुए अवैध स्टैंडों को चिन्हित करने का कार्य किया गया था। जिले में करीब 30 अवैध स्टैंड व पार्किंग चिन्हित की गई। इसमें रोडवेज डिपो की यमुना रोड पर खड़ी होने वाली बसें भी शामिल है। इसके बाद कोई कवायद नहीं की जा सकी। जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि निकायों के जरिए स्टैंड के लिए जमीन मुहैया कराने की दिशा में कार्य जारी है। कागजी कवायद में देरी हो सकती है।

ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी बाइक, युवक की मौत, वृद्ध घायल

औरैया। तेज रफ्तार जा रहे युवक की बाइक बेकाबू होकर आगे चल रहे ट्रैक्टर की ट्राली में जा घुसी। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई और उसके पीछे बैठा वृद्ध घायल हो गया। गांव कमलाईपुर निवासी राजकुमार यादव पड़ोस के गांव हरकरनपुर निवासी 60 वर्षीय शंकर सिंह उर्फ भोले के साथ सोमवार शाम को पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव झकरेली स्थित अपनी ननिहाल में दावत खाने गए थे। मंगलवार सुबह वहां से बाइक से लौट रहे थे। करीब सात बजे बदायूं क्षेत्र में अटैना पुल पर राजकुमार को झपकी आ गई। इससे उसकी तेज रफ्तार बाइक भूसा लादकर जा रहे ट्रैक्टर की ट्राली में जा घुसी। इससे राजकुमार यादव लहूलुहान हो गए और घटनास्थल पर ही मौत हो गई। साथ बैठे शंकर सिंह भी घायल हो गए। घटनास्थल के अंतर्गत आने वाली कटरा थाने की पुलिस पहुंची और दोनों को जिला अस्पताल बदायूं लेकर गई।

अखिलेश यादव को लेकर फिर छलका शिवपाल का दर्द, बोले...

हमने उसे चलना सिखाया और वो हमें रौंदता चला गया

लखनऊ, एजेंसी

समाजवादी पार्टी की स्थापना के समय से लेकर प्रदेश में पार्टी की सरकार बनने तक बड़ी मंजिल पाने वाले शिवपाल सिंह यादव का दर्द एक बार फिर छलका है। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2017 के दौरान समाजवादी पार्टी में अपमानित महसूस करने वाले शिवपाल सिंह यादव ने 29 अगस्त 2018 को अपनी पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का गठन किया। फिलहाल समाजवादी पार्टी से इटावा के जसवंतनगर से विधायक शिवपाल सिंह यादव के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के कयास लग रहे हैं, इसी बीच उन्होंने मंगलवार को एक कू पोस्ट कर उत्तर प्रदेश की राजनीति में खलबली मचा दी है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का मंगलवार को ईद की मुबारकवाद देने के दौरान दर्द एक बार फिर बहार आ ही गया। उनके एक कू की भाषा से यह तो तय हो गया है कि आर-पार की यह लड़ाई अब राजनैतिक होगी। शिवपाल सिंह यादव लम्बे समय से प्रदेश में अपना दूसरा मजबूत ठिकाना तलाश रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से उनको बड़ा आफर भी है। शिवपाल सिंह यादव ने अब समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोलना तय कर लिया है।

शिवपाल सिंह यादव ने मंगलवार को ईद की मुबारकवाद का एक कू तो किया है, लेकिन उसमें टारगेट किसी और को बनाया है। शिवपाल सिंह यादव ने कू किया है कि अपने सम्मान के न्यूनतम बिंदु पर जाकर मैंने उसे संतुष्ट करने का प्रयास किया। इसके बावजूद भी अगर नाराज हूं तो किस स्तर तक उसने हृदय को चोट दी होगी। हमने उसे चलना सिखाया... और वो हमें रौंदते चला गया। एक बार पुनः पुनर्गठन,आत्मविश्वास व सबके सहयोग की अप्रतिम शक्ति से ईद की मुबारकबाद। सीतापुर जेल में करीब 26 महीने से बंद आजम खां के खिलाफ मुसलमान नेताओं ने अखिलेश यादव के खिलाफ जो माहौल बनाया है, शिवपाल सिंह यादव भी उसका लाभ लेने के प्रयास में हैं। एक बीते दिनों सीतापुर जेल में आजम खां के साथ उनकी भेंट काफी चर्चा में थी। उनके पास उनके खास माने जाने वाले कांग्रेस के नेता आचार्य प्रमोद कष्णम भी आजम खां से मिले थे। माना जा रहा है कि शिवपाल सिंह यादव की मदद से आजम खां प्रदेश में बड़ा मोर्चा भी खड़ा कर सकते हैं।

राजनीति

- सीतापुर जेल में आजम खां के साथ शिवपाल की भेंट काफी चर्चा में थी
- शिवपाल की मदद से आजम खां प्रदेश में बड़ा मोर्चा भी खड़ा कर सकते हैं

छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या, गिरफ्तार

बागपत। बागपत के ग्राम बली में देरी से घर पर आने पर आपत्ति की तो छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की लोहे के पाइप से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित छोटे भाई को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप बरामद किया। ग्राम बली निवासी किसान 40 वर्षीय श्यामवीर पुत्र स्व. प्रकाश अविवाहित थे। जो सोमवार रात अपने मकान की छत पर सोए हुए थे। स्वजन के मुताबिक रात करीब 11 बजे छोटा भाई ज्ञानू उर्फ ज्ञानेंद्र नशे की हालत में घर पर पहुंचा और खाना खाने लगा। देरी से घर पर आने पर बड़े भाई श्यामवीर ने आपत्ति करते हुए ज्ञानू के हाथ से सब्जी की कटोरी छीनकर फेंक दी थी। इसको लेकर उनके बीच मारपीट हुई। उनकी माता प्रकाशी देवी ने बीच-बचाव कराया। परेशान होकर श्यामवीर छत से नीचे कमरे में पहुंचकर सो गए। जहां पर उनके दूसरे भाई ओमवीर भी पास ही चारपाई पर सोए हुए थे। ज्ञानू ने अपने साथ हुई मारपीट का बदला लेने की ठान ली थी। आरोप है कि रात करीब 1.30 बजे ज्ञानू ने कमरे में पहुंचकर सोए हुए अपने बड़े भाई श्यामवीर के सिर व चेहरे पर लोहे के पाइप से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। श्यामवीर की चीख सुनकर भाई ओमवीर और माता प्रकाशी वहां पर पहुंची, जिन्हें देख आरोपित ज्ञानू फरार हो गया।

तीसरी बार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बनाया गया

संभल, प्रातः किरण संवाददाता

कस्बा बबराला के ब्राह्मण धर्मशाला में नवनीत गाँधी समाज सेवक के नेतृत्व में गत वर्षों की भांति तीसरी बार सर्व समाज के पूज्यनीय भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव 3 मई 2022 अक्षय तृतीया को विधि-विधान से घी का दीपक जलाकर एवं परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण - पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना करके बनाई उसके बाद चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन कर प्रसाद वितरण किया उसके बाद वक्ताओं ने आपनेझआपने विचार रखें समाज सेवक नवनीत गाँधी ने बताया भगवान परशुराम या ऐसे ही अन्य महापुरुषों के कार्यक्रमों के आयोजनों की आड़ में राजनीति से प्रभावित लोग अपने जोशीले भाषणों से समाज में जातिवाद को बढ़ावा देने का काम करते हैं एवं अपनें पंसद के नेताओं को बुलाकर आपना दमखम दिखाते हैं जिससे वोट के स्वार्थी गिद्ध नेताओं को तो फायदा हो जाता हैं ! लेकिन कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले लोगों के मन में अन्य समाज के प्रति जातिवादी द्वेष भावना आने लगती हैं यह सनातन (हिंदू) धर्म में विघटन पैदा करती हैं समाज को ऐसे लोगों को सपोर्ट ना करके समाजिक व्यक्ति को सपोर्ट करना चाहिए तभी समाज का विकास कल्याण तथा आपस में प्रेम बना रहेगा सुरेंद्र शर्मा एवं नंदकिशोर शर्मा जी ने परशुराम जी के जीवन चरित्र और पराक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा भगवान परशुराम के आदर्शो का अनुसरण कर ही हम समाज में सामाजिक समरसता का भाव पैदा कर सकतें हैं भगवान परशुराम ने सभी जातिझधर्म की रक्षा एवं अन्याय समाप्त करने का व्रत लिया था अशांति एवं नफरत फैलाने वालों का विनाश किया था परशुराम भगवान सर्व समाज के वंदनीय हैं एक जाति विशेष में जन्म के उपरांत भी सर्व समाज में पूज्यनीय रहें उनकी रक्षा की हैं हम राष्ट्र की रक्षा के लिए भगवान परशुराम से प्रेरणा ले इस कार्यक्रम राधेश्याम गौतम नंदकिशोर शर्मा मैनेजर शिवनारायण शर्मा मैनेजर नवनीत गांधी समाज सेवक सुरेंद्र शर्मा मंत्री नीरज गौतम अंकित शर्मा परसी शर्मा उज्जवल गौतम आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

कासगंज के पटियाली में सड़क दुर्घटना में आठ की मौत, सीएम ने जताया दुख

कासगंज, एजेंसी

तेज रफ्तार बोलेरो तथा आटो की भिड़ंत से मंगलवार को कासगंज के पटियाली क्षेत्र में आठ लोगों ने दम तोड़ दिया। अशोकपुर के पास बदायूं-मैनपुरी हाई वे की इस दुर्घटना में सात लोग घायल भी हैं, जिनमें से गंभीर पांच लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना पर दुख जताने के साथ घायलों का समुचित इलाज कराने का निर्देश दिया है। फरुर्खाबाद जिले के 15-17 लोग आटो में सवार होकर सत्संग में जा रहे थे। इसी दौरान कासगंज के पटियाली क्षेत्र में इनकी आटो को तेज रफ्तार बोलेरो ने सीधी टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी तेज थी कि सात लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल एक अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस दुर्घटना में सात लोग घायल हैं। जिनमें से तीन गंभीर हैं। इस दुर्घटना में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया, जहां से गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आटो में सवार होकर लोग सत्संग में जा रहे थे। कायमगंज के गांव चिलौली निवासी राजीव शर्मा की पत्नी कमलेश, मोहल्ले की ही निवासी मंजू, मीना, रूपरानी के अलावा मेहंदी बाग निवासी किरन मंगलवार सुबह टेंपों से पटियाली गई थीं। टेंपो गांव कुंअरपुर इमलाक निवासी सरनाम का है।

मृतक फरुर्खाबाद जिले की तहसील कायमगंज के गांव चिलौली के रहने वाले है। मृतकों में से कुसुमलता पत्नी मेवाराम, नैना पत्नी राकेश ग्राम चिलौला थाना कायमगंज जिला फरुर्खाबाद की ही पहचान हो सकी है। अन्य शवों की अभी पहचान नहीं हुई है। घायलों में से गंभीर घायल अलीगढ़ रेफर किए गए हैं। डीएम हर्षिता माथुर, एसपी बोत्रे रोहन प्रमोद ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। आठ लोग घायल हुए हैं। आटो सवार सभी लोग पटियाली के बहादुर नगर भोले बाबा के सत्संग में आ रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन को सभी घायलों का इलाज कराने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कासगंज में सड़क दुर्घटना में हुई बड़ी जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मृतकों के शोक संतप्त परिवार के लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कासगंज जिला तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के साथ ही सभी घायलों का निःशुल्क उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

विशेष अदालत ने मुर्तजा अब्बासी को भेजा जेल

लखनऊ। गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवानों पर हमला करने व आतंकी गतिविधियो के मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे अभियुक्त अहमद मुर्तजा अब्बासी को अदालत ने 13 मई तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सोमवार को इसे एनआइए/एटीएस की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया था। बीती 25 अप्रैल को विशेष अदालत ने इसे सात दिन के लिए एटीएस की कस्टडी में सौंपने का आदेश दिया था। चार अप्रैल 2022 को इस मामले की एफआइआर विनय कुमार मिश्र ने थाना गोरखनाथ में दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसी के जवान अनिल कुमार पासवान पर अभियुक्त ने अचानक बांके से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। उनका असलहा भी छीनने का प्रयास किया। उनका राइफल सड़क पर गिर गया। उन्हें बचाने के लिए दूसरा जवान आया, तो जान से मारने की नियत से उस पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने घायल जवान व उनके राइफल को उठाया।

दूल्हा ई-रिक्शा पर ले गया बरात, दुल्हन की भी कराई विदाई

चित्रकूट, एजेंसी

पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम और महंगाई अब शादी में भी असर डाल रही है। ऐसा ही एक वाक्या चित्रकूट में सामने आया है, यहां दूल्हे ने पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम के विरोध का नायाब तरीका अपनाया। वह ई-रिक्शा पर बरात ले गया और उसी पर दुल्हन की भी विदाई कराई। सड़क पर ई-रिक्शा पर बरात निकली तो देखने वालों की भीड़ और सेल्फी लेने वालों में भी होड़ लग गई। बरात में करीब 15 ई-रिक्शा शामिल रहे, जिसमें बराती सवार होकर दुल्हन के घर बरवारा पहुंचे। रास्ते में दूल्हे ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अनोखी बरात के खूब चर्चे हो रहे हैं।

पहाड़ी विकास खंड के देहरूछ माफी निवासी अशोक सिंह के पुत्र महेंद्र मोहन सिंह आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने अपनी शादी में महंगाई के विरोध का अनोखा तरीका निकाला। पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम के विरोध में उन्होंने ई-रिक्शा पर बरात ले जाने का फैसला किया और इसमें दोस्तों ने उनका साथ दिया। वह 15 ई-रिक्शा पर बरातियों को बिठाकर घर से करीब 22 किमी दूर दुल्हन के घर तक बरात ले गए। इस बीच जिस रास्ते से वह गुजरे चर्चा का विषय बन गए। इस अनोखी बरात को देखकर लोग बरबस उनतक खिंचे आ गए, कुछ ने उनके साथ सेल्फी भी ली। बरात पटेल तिराहे पर पहुंची तो सभी ई-रिक्शा रोक दिए गए और दूल्हा बने महेंद्र ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

यहां पर बरातियों को जलपान भी कराया गया। इसके बाद बरात दुल्हन के घर बरवारा के लिए प्रस्थान की। दुल्हन के दरवाजे पर अनोखी बरात देखकर कोई हंसने लगा तो कोई महंगाई के इस अनोखे विरोध की प्रशंसा करने लगा। कुछ लोगों ने कहा कि पर्यावरण को देखते हुए ई-रिक्शा बेहतर साधन है, इससे न तो प्रदूषण होगा और महंगाई के इस दौर में पेट्रोल डीजल पर बेवजह खर्च भी नहीं होगा। रात में शादी की रस्म अदायगी के बाद महेंद्र ई-रिक्शा पर ही दुल्हन को विदा कराकर वापस गांव पहुंचे। दूल्हा बने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता महेंद्र ने बताया कि जब ई-रिक्शा से बरात ले जाने का निर्णय लिया तो परिवार, रिश्तेदार व ससुराल पक्ष में विरोध हुआ और काफी दबाव आया। लोग क्या कहेंगे लेकिन वह अपनी बात पर अड़े रहे। वह अपनी बरात के माध्यम से लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि यह महंगाई का विरोध भी है और दिल्ली की केजरीवाल सरकार के पर्यावरण बचाओ अभियान में एक छोटा सा योगदान भी है।

संभल में ईद की नमाज के बाद फायरिंग में बच्चे समेत चार लोग घायल, दो गंभीर

मुरादाबाद, एजेंसी

संभल में मंगलवार को ईद की नमाज के दौरान अमन और चैन की प्रार्थना करने वाले लोग ही हिंसा पर उतारू हो गए। ईद की नमाज के बाद संभल के असमोली थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में दो पक्ष आमने-समाने आ गए। इनके बीच लाठी-डंडे चलने के बाद फायरिंग की होने लगी। इसमें बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए हैं। इनको जिला अस्पताल के बाद हाई सेंटर रेफर किया गया है। संभल में असमोली थाना क्षेत्र के सदीरनपुर गांव में आज ईद की नमाज के बाद दो पक्षों में भिड़ंत के बीच फायरिंग होने लगी। इसमें बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद उनको जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उनको हाई सेंटर रेफर किया गया है। जिनके बीच विवाद हुआ है, उसमें एक पक्ष पूर्व प्रधान है।पथराव के साथ एक पक्ष ने जमकर फायरिंग की। दो किशोर समेत चार लोगों को गोली लग गई। पथराव फायरिंग से गांव में भगदड़ मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। किसी तरह पुलिस ने लाठी फटकारकर पथराव फायरिंग करने वालों को खदेड़ा। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए चारों को मुरादाबाद रेफर कर दिया।

गांव सदीरनपुर निवासी पूर्व प्रधान कासिम के एक करीबी व्यक्ति पर गांव के ही फिरोज के रुपये थे। आठ दिन पहले रुपये का तगादा किया तो कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला शांत हो गया था, लेकिन रुपये का तगादा करने की बात कासिम को गलत लगी थी। मंगलवार को ईद की नमाज के दौरान तगादा करने का कासिम ने विरोध किया तो फिरोज से कहासुनी हो गई। उस समय तो वहां पर मौजूद लोगों ने दोनों को शांत करके घर भेज दिया, लेकिन आरोप है कि कुछ देर बाद कासिम 10-12 लोगों को साथ लेकर फिरोज के घर पहुंच गया और फायरिंग शुरू कर दी। इस बीच पथराव भी शुरू हो गया। दोनों तरफ से काफी देर तक पथराव होता रहा। इस दौरान फिरोज के छर्रे लगे और सिर में ईंट लग गई।

प्रदेश में धूमधाम से मनाई ईद, सीएम ने दी बधाई, ब्रजेश पाठक पहुंचे ईदगाह

लखनऊ, एजेंसी

कोरोना संक्रमण काल से उबरने के बाद इस बार प्रदेश में ईद का त्यौहार काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। लोगों ने सुबह नमाज अदा करने के दौरान सभी के लिए अमन व चैन की दुआ की। प्रदेश की सभी प्रमुख मस्जिदों में दो वर्ष बाद एक साथ बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। लखनऊ के ईदगाह में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लोगों से गले मिलकर उनको ईद की बधाई दी। उत्तर प्रदेश में आगरा, मेरठ, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज तथा वाराणसी के साथ गोरखपुर में भी लोगों ने नौ बजे से मस्जिदों का रुख किया। सभी मस्जिदों में लोग बड़ी संख्या में उमड़े और नमाज अदा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनादी। उन्होंने कहा कि ईद का त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्यौहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए ईद मनाने की अपील की है। लखनऊ में ईदगाह ऐशबाग के साथ ही टीले वाली मस्जिद में भी नमाज अदी की गई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ईदगाह में पहुंचकर लोगों को ईद की बधाई दी। ब्रजेश पाठक ने ईद के मौके पर ईदगाह में लोगों से गले मिलकर उनको बधाई दी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी और विधायक रविदास मेहरोत्रा भी ईदगाह पहुंचे थे। ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने हुजूम एकत्र था। यहां पर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने नमाज अदा कराई। इस दौरान ईदगाह के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। जिला प्रशासन के साथ यहां पर पुलिस के आला अधिकारी मौजूद थे।

लेनदेन को लेकर चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

मुजफ्फरनगर जिले के रामराज के पुट्ठी इब्राहिमपुर गांव में रुपयों के लेन-देन को लेकर सोमवार की रात को एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक के चाचा ने दो महिलाओं समेत चार हत्यारोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को युवक का शव गांव में पहुंचने पर पीड़ित पक्ष ने आरोपित पक्ष के मकान पर बुलडोजर चलवाने की मांग करते हुए हंगामा किया। वहीं पुलिस ने हत्यारोपितों पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। सोमवार की देर रात पुट्ठी इब्राहिमपुर निवासी नईम पुत्र यामीन गांव में कसरत की दुकान पर सामान खरीदने के लिए गया था। जहां पर दुकान के पहले रुपये मांगने को लेकर नईम व कसरत के बीच मारपीट हुई। आरोप है कि इस दौरान कसरत व उसके पुत्र समीर उर्फ भोला, पत्नि आसमा उर्फ गुड्डी तथा पुत्री रहनुमा उर्फ सईमा ने नईम पर चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे मुस्तकीम पुत्र यामीन व जुबेर पुत्र नफीस पर भी आरोपितों ने हमला कर दिया। डायल 112 पर तैनात पुलिसकर्मियों ने गंभीर रूप से घायल दोनों सगे भाइयों सहित जुबेर को जानसठ अस्पताल में भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने नईम को मृत घोषित कर दिया। गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में युवक नईम की हत्या की जानकारी के बाद सीओ जानसठ शकील अहमद मीरापुर व रामराज पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां से पुलिस ने हत्यारोपित महिलाओं को हिरासत में ले लिया और सुरक्षा की दृष्टि से गांव में फोर्स तैनात कर दिया। मंगलवार की सुबह एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होने बताया कि मृतक के चाचा कलवा पुत्र जानी की तहरीर पर आरोपित पक्ष के कसरत सहित उसकी पत्नी आसमा उर्फ गुड्डी, पुत्र समीर उर्फ भोला, पुत्री रहनुमा उर्फ सईमा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी लम्बे अंतराल के बाद जाएंगे अपने पैतृक गांव

सीएम तीन दिन के उत्तराखंड दौरे पर

लखनऊ, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार से तीन दिन के उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे। लखनऊ में अपने सरकारी आवास, पांच कालीदास मार्ग पर जनता दर्शन में लोगों का दर्द तथा तकलीफ सुनने के बाद अपनी कोर टीम के अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट रवाना हो गए। सीएम योगी आदित्यनाथ लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से राजकीय विमान से देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। दोपहर करीब 2:15 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर लैंड किये। जहां पर उनका स्वागत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यमकेश्वर जाएंगे। जहां से उनका महायोगी गुरु गोरक्षनाथ राजकीय महाविद्यालय, विथ्याणी जाने का कार्यक्रम है। महायोगी गुरु गोरक्षनाथ कालेज में वह ब्रह्मलीन अवेद्यनाथ महराज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का अपने मूल गांव पंचुर जाने का कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोरोना संक्रमण काल के दौरान 20 अप्रैल 2020 को पिता आनंद सिंह बिष्ट के निधन के बाद उनके अंतिम दर्शन करने अपने पैतृक गांव नहीं जा सके थे। इसका उनको काफी मलाल भी था और उन्होंने पत्र भेजकर अपनी मां से वादा किया था कि वह अपने पैतृक गांव आएंगे। योगी आदित्यनाथ के मूल गांव पंचुर में उनकी मां सावित्री देवी, बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह बिष्ट और छोटे भाई महेन्द्र सिंह बिष्ट का परिवार रहता है। इससे पहले योगी आदित्यनाथ 11 फरवरी 2017 को आखिरी बार अपने घर गए थे। तब से उनकी मां और स्वजन उनसे मिलने का इंतजार कर रहे थे। उनका इंतजार आज समाप्त हो गया। बहन शशि पयाल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा 2022 का चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की थी। योगी आदित्यनाथ ने उनसे वादा किया कि शपथ ग्रहण करने के बाद समय मिलते ही वह एक बार सबसे मिलने गांव आएंगे। बहन से उन्होंने अपना वादा निभाया है। उत्तराखंड दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पांच मई को हरिद्वार में उत्तर प्रदेश के पर्यटक आवास गृह का उद्घाटन करेंगे। इसी दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ हरिद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान परिसंपत्तियों के बंटवारे में हिस्से में आए अलकनंदा होटल को उत्तराखंड को समर्पित कर सकते हैं। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी साथ मौजूद रहेंगे।

दौरा

- एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया सीएम योगी का स्वागत
- पिता आनंद के निधन के बाद सीएम अपने पैतृक गांव नहीं जा सके थे

अलीगढ़ में फरियादियों को थाने-चौकियों में फटकार

अलीगढ़। साहब, 21 अप्रैल की रात को टप्पल क्षेत्र में तीन बाइक सवार आठ-नौ लोगों ने तमंचा व चाकू दिखाकर मुझसे पर्स व बाइक लूट लिए थे। मैं पलवल से नौकरी करके लौट रहा था। उस दिन से रोजाना सुबह-शाम थाने के चक्कर काट रहा हूं। लेकिन, पुलिस लूट का मुकदमा ही नहीं लिख रही है। पुलिस कहती है कि हम बाइक कहां से ढूंढकर लाएंगे। चोरी की तहरीर देने का दबाव बनाया जा रहा है। यह दर्द था टप्पल के गांव पीपली निवासी सुशील कुमार का, जिनकी शिकायत सुनते ही एसएसपी ने लूट के आदेश दे दिए। लेकिन, ये कोई इकलौता मामला नहीं है, बल्कि हर रोज इसी तरह थाने-चौकी से फटकार खाकर सैकड़ों लोग एसएसपी कार्यालय में आते हैं। दैनिक जागरण की टीम ने सुबह साढ़े नौ से साढ़े 12 बजे तक पड़ताल की तो तमाम लोग ऐसे थे, जो थानों के रवैया से तंग थे। सवाल यही था कि अगर थाने-चौकियों पर ही फरियादियों की पीड़ा को सुन लिया जाए तो भीषण गर्मी में कोई एसएसपी कार्यालय क्यों जाएगा?

सीतापुर की जेल में ही मनेगी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां की ईद

लखनऊ, एजेंसी

दो वर्ष से अधिक समय से सीतापुर की जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की ईद इस बार जेल में ही मनेगी। आजम खां को लेकर बीते 15 दिन से तेज हुई सियासत का भी कोई असर नहीं हो पा रहा है। आजम खां की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई नहीं हुई, जिसके कारण उनको ईद पर भी निराशा मिली है। आजम खां फरवरी 2020 से रामपुर में अनियमितता के कई मामलों में आरोपित होने के बाद से सीतापुर की जेल में बंद हैं। आजम खां को इस बार ईद में जेल से बाहर आने की उम्मीद थी। उनकी जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई भी होनी थी, लेकिन वहां पर सुनवाई नहीं हो सकी। आजम खां के वकील पूर्व केन्द्रीय मंत्री कपिल सिब्बल की याचिका कोर्ट ने स्वीकार नहीं की। कपिल सिब्बल का कहना है कि आजम खां के खिलाफ रामपुर में 87 केस दर्ज हुए थे। अभी इलाहाबाद हाईकोर्ट में सिर्फ एक मामले में उनकी जमानत पेंडिंग है। उसमे साढ़े चार महीने से ज्यादा वक्त से जजमेंट रिजर्व होने के बाद भी अदालत ने अभी अपना फैसला नहीं सुनाया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के सबसे वरिष्ठ सदस्य आजम खां इस बार ईद पर सीतापुर जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। उनके खिलाफ एक फैसले पर इलाहाबाद हाई कोर्ट चार मई को अपना फैसला देगा। आजम खां को उम्मीद थी कि ईद से पहले उन्हें उनके 72वें और अंतिम मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल जाएगी । आजम खां के खिलाफ शत्रु संपत्ति से जुड़े इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई करीब चार महीने पहले ही पूरी हो चुकी है। उनके केस के फैसले के लिए सुरक्षित इस मामले में कोर्ट अपना फैसला देने ही वाला था लेकिन सुनवाई में पहले अपनी बहस पूरी चुके सरकारी पक्ष ने एक अर्जी दाखिल कर कुछ और नए तथ्य प्रस्तुत करने के लिए कोर्ट से समय मांगा, जिसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए चार मई तय कर दी।

उत्तर प्रदेश में 2017 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद आजम खां पर शिकंजा कसा गया। 2019 में रामपुर से लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद उनके खिलाफ 72 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद फरवरी में उनको सीतापुर जेल भेजा गया। लम्बी कानूनी लड़ाई से आजम खां को 71 मामलों में तो जमानत मिल गयी लेकिन शत्रु संपत्ति से जुड़े एक मामले में कोर्ट का फैसला आना बाकी रह गया। बीते वर्ष चार दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जजमेंट रिजर्व कर लिया था, लेकिन अब योगी आदित्यनाथ सरकार के हस्तक्षेप के बाद मामले में फैसला आने को बजाय अब चार मई को फिर से सुनवाई होगी।

संक्षिप्त खबरें

अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती

फरीदाबाद, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने मंगलवार को भगवान परशुराम जयंती उत्सव धूमधाम से सेक्टर 12 स्थित कार्यालय पर मनाया। भगवान परशुराम प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए भगवान परशुराम जी की आरती की गई। पंडित सुरेंद्र शर्मा बबली ने कहा कि भगवान परशुराम की अपार कृपा पर सभी पर बनी रहे और उनके आशीर्वाद से ही आज समाज में सामाजिक एवं धार्मिक प्रवृत्ति लोगों में विद्यमान है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी के आशीर्वाद और कृपा से आज शहर में जगह जगह धूमधाम से भगवान परशुराम जयंती मनाई जा रही है। हमें भगवान परशुराम की महिमा का गुणगान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी विष्णु के छठे अवतार थे, उन्होंने पृथ्वी से मानवता के दुश्मनों का नाश किया था। भगवान परशुराम के स्वरूप में भगवान विष्णु का सीधा साक्षात्कार होता है। आज पूरे भारतवर्ष में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई जा रही है। श्री बबली ने कहा कि भगवान परशुराम जहां शक्ति में सम्पूर्ण थे वहीं वो शिक्षा के भी स्रोत थे। वीर योद्धा करण, अर्जुन ने उनसे शिक्षा ग्रहण की। आज उनके पराक्रम की चर्चा पूरे विश्व में की जाती है। वह सदा हमारे बीच जीवित रहेंगे, क्योंकि भगवान परशुराम अजर हैं, अमर हैं। इस मौके पर तेजपाल शर्मा, देवराज शर्मा सुरेश शर्मा, जसवंत पवार, करण सिंह, अतुल शर्मा, हरीश पाराशर एडवोकेट, करण पाराशर इंजीनियर, रंजन, ललित, आशीष, विनोद, सीताराम, रामजीलाल आदि मौजूद रहे।

खेलो इंडिया तीरंदाजी नेशनल प्रतियोगिता में श्वेता सिंह ने जीता कांस्य पदक।

सोहना भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सोनीपत में 1 मई 2022 को आयोजित 4ई खेलो इंडिया तीरंदाजी नेशनल प्रतियोगिता में गुड़गांव की श्वेता सिंह ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए रिकर्व राउंड 60 मीटर दूरी कैडेट इवेंट में व्यक्तिगत स्पर्धा में पंजाब के खिलाड़ी को 2-6 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।श्वेता सिंह के तीरंदाजी कोच भगवत सिंह ने बताया की श्वेता सोहना स्टेडियम में नियमित अभ्यास करती है।उसने इस टूनार्मेंट में अपना अच्छा प्रदर्शन किया सेमीफाइनल मैच में तेज हवा होने के कारण श्वेता हरियाणा के ही खिलाड़ी से 1 पॉइंट से हार गई थी। इसके बाद ब्रॉन्ज मेडल के लिए श्वेता का मैच पंजाब के खिलाड़ी से था। जिसमें श्वेता ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 2 के मुकाबले 6 स्कोर से मैच जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया !इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स गुड़गांव मंडल गिरिराज व जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी संधू बाला ने पदक जीतने पर श्वेता को बधाई दी है।

अभय पुर स्कूल मामला दम दमा में होने वाली पंचायत में अभय पुर के लोग भी होंगे शामिल

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

● दमदमा वा अभय पुर गांव में हुई अलग अलग पंचायत।

सोहना बीते सोमवार को सोहना के गांव अभयपुर के सीनियर सेकंडरी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों पर हुए जानलेवा हमले में मंगलवार को गांव दमदमा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में ग्रामीणों की पंचायत जगन सिंह की अध्यक्षता में हुई। पंचायत में मुख्य रुप से सतबीर पहलवान, विजय कुमार, श्योराज खटाना, वीरेन्द्र सिंह, हरीराम, राजपाल, सतीश पूर्व ब्लाक समिति सदस्य।वा अजीत सिंह आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।सभी ने अभय पुर स्कूल में हुए मामले की लेकर विचार रखे।

जहां पंचायत में सर्वसम्मति से दो फैसले लिए गए पहला जिसमें 20 सदस्यों की कमेटी बुधवार एसीपी से मिलेंगे।दूसरा गांव का एक भी बच्चा अभयपुर के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने नहीं जाएगा। गांव के सामान्य बस स्टैंड पर बैठाकर पढ़ाई कराई जाएगी।पंचायत लगभग एक घंटा चली।वहीं दूसरी ओर गांव अभय पुर के सीनियर सेकंडरी स्कूल में छात्रों पर हुए हमले को लेकर देवी राम पूर्व सरपंच अभय पुर की अध्यक्षता में सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक पंचायत का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य रुप से तेजपाल एक्स सरपंच अभय पुर, ओम प्रकाश सूबेदार, राजबीर सूबेदार , सुमेर सिंह, कल्याण सिंह, धीरेंद्र, दयाचंद पहलवान वासी अभयपुर शामिल थे। जहां स्कूल में हुए घटनाक्रम की निंदा की गई।वहीं पंचायत में फैसला लिया गया कि छात्रों के साथ जो मारपीट की गई है उन सभी आरोपियों को गांव दमदमा की पंचायत के सामने पेश किया जाएगा और गांव दमदमा की पंचायत जो फैसला लेगी वह हमें मंजूर होगा।हम गांव दमदमा के साथ हैं और हम आपस में भाईचारा खराब नहीं करना चाहते। जब पंचायत से 20 सदस्यों की कमेटी गांव दम दमा में पहुंची तो तब तक उनकी पंचायत समाप्त हो चुकी थी।

जहां सरपंच पति शेयोराज खटाना वा ब्लॉक समिति सदस्य अजीत सिंह ने बताया कि गांव अभयपुर के कुछ लोग आए थे।लेकिन गांव दम दमा में बुधवार को सुबह 8 बजे फिर पंचायत रखी गई है। जहां अभयपुर की पंचायत के सदस्य भी भाग लेंगे।उसमे क्या निर्णय लिया जाएगा ये होने।वाली पंचायत में।बताया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर अभय पुर स्कूल में हुए मामले में जहां पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है लेकिन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह का कहना है अभी किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।दोनो गांवो के लोग ए सी पी प्रवीन मालिक से कल मिलेंगे।

जेजेपी के संगठन में विस्तार, बीसी सेल में महत्वपूर्ण नियुक्तियां- उपमुख्यमंत्री

चंडीगढ़,प्रात : किरण संवाददाता

● बीसी सेल में 10 प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी और 87 हलका प्रधान बनाए

जननायक जनता पार्टी ने अपने संगठन में विस्तार करते हुए पिछड़ा वर्ग (बीसी) प्रकोष्ठ में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, बीसी सेल के प्रदेश प्रभारी कृष्ण गंगवा और प्रदेशाध्यक्ष राम मेहर ठाकुर व अन्य वरिष्ठ नेताओं ने विचार-विमर्श के बाद प्रदेश कार्यकारिणी के १० पदाधिकारियों तथा ८७ हलका प्रधानों की नियुक्तियों की सूची जारी की।जेजेपी द्वारा बीसी सेल में अंबाला निवासी शेर सिंह कश्यप व जींद निवासी अमित सैन को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है।

प्रदेश महासचिव के पद पर यमुनानगर निवासी कुलदीप सैन और फरीदाबाद निवासी श्रवण करहाना गुर्जर होंगे। यमुनानगर निवासी सतीश गुर्जर, महेंद्रगढ़ निवासी ज्ञान सिंह सैनी व जींद निवासी वीरेंद्र सैनी को प्रदेश सचिव और अंबाला निवासी जय सिंह को प्रदेश सहसचिव के पद पर नियुक्त किया हैं। वहीं बीसी सेल में कुरुक्षेत्र निवासी सुरेंद्र कश्यप और फरीदाबाद निवासी अजीत यादव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य होंगे।बीसी सेल में सफीदों में राजबीर प्रजापत, जींद में बलजीत सिंह जोगी, नरवाना में राजकुमार जांगड़ा, जुलाना में पवन सैन, उचाना में दर्शन, पंचकुला में महाबीर जांगड़ा, कालका में दीपक गुर्जर, कैथल में महाबीर सैनी, कलायत में प्रताप जांगड़ा, गुहला में बलदेव कश्यप, पूंडरी में शिव चेची गुर्जर, दादरी में विकास यादव, बाढ़डा में सोमबीर प्रजापत, अटेली में विष्णु जोगी, नारनौल में जय सिंह सैन, महेंद्रगढ़ में अनूप जांगड़ा, नांगल चौधरी में लक्ष्मी नारायण, आदमपुर में राजेंद्र सैन, उकलाना में रमेश प्रजापत, बरवाला में सतपाल सोनी किरमारा, हांसी में नंदलाल प्रजापत, नारनौंद में सुंदर सैन और नलवा में महेंद्र छिप्पा को हलका अध्यक्ष नियुक्त किया है।

भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में श्री महाकाली मंदिर में शोभायात्रा आयोजित

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने आज भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में श्री महाकाली मंदिर सेक्टर-30ए चंडीगढ में आयोजित शोभायात्रा में भाग लिया और देश व प्रदेशवासियों को परशुराम जयंती की बधाई व शुभकामनायें दी। गुप्ता ने कहा कि भगवान परशुराम जी द्वारा हजारों वर्षों पूर्व दिया गया संदेश आज भी उतना ही सार्थक है। उन्होंने कहा कि अपने कत्र्तव्यों और धर्म के प्रति संस्कार हमेशा हमारे मन व हृदय में रहने चाहिये। उन्होंने आज इस पावन अवसर पर सबको भगवान परशुराम जी के दिखाये रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज भगवान परशुराम का संदेश पूरा होता दिखाई दें रहा हैं। उनके संदेश के अनुरूप ही अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। भगवान परशुराम का संदेश व शिक्षायें किसी एक वर्ग व जाति विशेष तक सीमित ना होकर पूरे समाज के लिये हैं गुप्ता ने परशुराम भवन सेक्टर-12ए में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत, जिलावासियों को दी बधाई व शुभकामनायें

एक्सप्रेस-वे बनने के बाद फरीदाबाद के विकास को मिलेगी नई गति : मनोहर लाल

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद जेवर एयरपोर्ट एक्सप्रेसवे पर मोहना के जीपी (कुंडली गाजियाबाद एक्सप्रेस-वे) के पास बड़ा उतार-चढ़ाव जंक्शन बनाया जाएगा। इससे फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और गांव के लोग भी इस एक्सप्रेस-वे का प्रयोग कर सकेंगे। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल मंगलवार को फरीदाबाद जिला के पनहेड खुर्द गांव में खड़ेसरी बाबा अभधूत नाथ की 12 वर्ष की तपस्या के संपूर्ण होने पर आयोजित संत सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस अवसर पर पूरे देश से पधारे साधु-संतों व 8 मान के संत समाज का अभिनंदन करते हुए सभी को परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं भी दी। पृथला विधानसभा क्षेत्र के पन्हेड़ा खुर्द गांव में हो रहे इस आयोजन को कुम्भ के मेले जैसी अनुभूति बताते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि यह देश तप और तपस्वियों की कृपा से लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश के साधु संतों ने इस देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस देश की संस्कृति ऋषि मुनियों व साधु संतों के आदर्शों से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि महाराज अभधूत नाथ ने 12 साल की जो तपस्या की है, उसके पीछे भी मकसद इस देश व प्रदेश की सुख और समृद्धि है। प्रदेश व देश हित में तप करने वाले साधु-संतों की जितनी सेवा की जाए कम है। उन्होंने कहा कि वैसे तो आज मैं इस धार्मिक आयोजन में साधु-संतों के दर्शन करने व आशीर्वाद लेने आया हूं लेकिन इस क्षेत्र से विधायक नयनपाल रावत ने धर्म से ही जुड़ी दो मांगें रखी हैं। जिसमें पन्हेड़ा गांव के तालाब को सिद्ध सरोवर के रूप में विकसित करने ताकि गांव हीरापुर के प्राचीन ऐतिहासिक माता मंदिर पर हर वर्ष लगने वाले मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को आने-जाने में परेशानी न हो। पृथला के विधायक नयनपाल रावत ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का स्वागत किया और क्षेत्र की जनता की तरफ से मांग पत्र रखा। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल मंदिर में पहुंचे और खड़ेसरी बाबा अभधूत नाथ का आशीर्वाद भी लिया। कार्यक्रम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव से विधायक राजेश नागर, हथीन के विधायक प्रवीण डागर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, अमित आर्य, मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, 52 पाल के अध्यक्ष अरुण जैलदार, तेवतिया पाल के अध्यक्ष विजेंद्र तेवतिया सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सडक सुरक्षा नियम को लेकर छात्र छात्राओं को दिलाई शपथ

पलवल। विश्व रेडक्रॉस सप्ताह के अंर्तगत जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल द्वारा गवर्नमेंटआईटीआई हथीन में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस जागरूकता सेमिनार में छात्र छात्राओं को सडक सुरक्षा नियम और फर्स्ट ऐड को लेकर जागरूक किया गया ,साथ ही साथ रक्तदान महादान को लेकर भी जागरूक किया गया। 1 मई से 8 मई तक वर्ल्ड रेडक्रॉस सप्ताह मनाया जा रहा है। युवाओं को प्राथमिक चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके अलावा युवाओं को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया गया है। युवाओं को यातायात के नियमों की पालना करनी चाहिए।डॉ प्रशांत गुप्ता ने छात्रों को रक्तदान सडक सुरक्षा नियम फर्स्ट ऐड के बारे में छात्रों को जागरूक किया गया साथ ही साथ सडक सुरक्षा नियम को लेकर छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है,युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। आईटीआई हथीन के प्रिंसिपल विनोद खन्नागवाल ने कहा कि आईटीआई में जागरूकता सेमीनार का आयोजन किया।

बाढड़ा में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्त किया एकत्रित

बाढड़ा, प्रात : किरण संवाददाता

● हमारे द्वारा किया गया रक्तदान जरुरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है।

बाढड़ा मंगलवार को दादरी रोड़ स्थित बाढड़ा मैडिकल हॉल पर राजा महताब सिंह व महाशय मंशाराम की याद में मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन बाढड़ा मैडिकल हाल चश्मा केंद्र व मैडिकल लैबोरट्री के संयुक्त तात्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महेंद्रगढ़ जिला परिषद के सीईओ मनोज दलाल धारणी व हिंदोखला धाम कारी धारणी के महंत राकेश गिरी व गौसेवक कालू कुड़ल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। रक्तदान शिविर आयोजक प्रीतम धारणी ने बताया कि मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन की अगुवाई में आयोजित रक्तदान शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। शिविर में रक्त एकत्रित करने पहुंची दिल्ली ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की जांच के बाद 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे महेंद्रगढ़ जिला परिषद के सीईओ मनोज दलाल धारणी ने रक्तदाताओं को मोमेंटों देकर सम्मानित किया। उन्होंने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नही है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान जरुरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हमें रक्तदान शिविरों में पहुंचकर इस महापुण्य में भागीदारी करनी चाहिए। इस अवसर पर राकेश, अनुज, राज सिंह सिरसली, प्रदीप बाढड़ा, डा. अजय मांजू, सुरेंद्र, अमरदीप, बलवान सिंह, जगत सिंह, विनोद आदि मौजूद थे।

छपार पॉलिटेक्निक के दो छात्रों का हुआ चयन

चरखी दादरी। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान गांव छपार के सिविल इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के दो विद्यार्थियों का श्रीश्याम सीमेंट कंपनी में चयन किया गया है। कंपनी की ओर से चयनित छात्रों को दो लाख दस हजार रुपए सालाना पैकेज दिया जाएगा। पॉलिटेक्निक छपार के प्रधानाचार्य पंकज भल्ला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि चयनित विद्यार्थी विवेक औद्धर संदीप को कंपनी के अधिकारियों ने संस्थान में ही नियुक्ति पत्र दिए हैं। प्रधानाचार्य ने दोनों छात्रों को श्रेष्ठ कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं। पंकज भल्ला ने बताया कि श्री श्याम सीमेंट कंपनी के प्लांट पूरे भारतवर्ष में हैं। इस कंपनी ने विवेक को उत्तरप्रदेश व बिहार तथा छात्र संदीप को हरियाणा राज्य में सेल्स मार्केटिंग की जॉब दी है। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक सुनील धनखड़, रोहित व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

भगवान परशुराम जयंती पर निकली प्रभात फेरी व किया हवन यज्ञ

पुन्हाना, प्रात : किरण संवाददाता

भगवान परशुराम की जयंती ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा ब्राह्मण मोहल्ले में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। समाज के लोगो सर्वप्रथम प्रातः के समय प्रभात फेरी निकालकर भगवान के भजनों का गुणगान किया। बुराइयों का सर्वनाश करने और नकारात्मक शक्तियों के अंत के लिए भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में ब्राह्मण समाज के लोगो द्वारा हवन यज्ञ किया गया, जिसमें लोगों ने आहुतियां देकर सुख शांति की प्रार्थना की।समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर फूल मालाएं चढ़ा कर पूजा अर्चना की और भगवान परशुराम से आशीर्वाद लिया।इस दौरान पं.ब्रह्मदत्त, पं.श्याम,पं.देवकी, पं खेमचंद डेरी वाले, पं.जय भगवान, पं.नंदकिशोर, पं.राकेश, पं.राजू, पं राजकुमार, पं.देविंदर, खिलौनी, पं. डिंपल डेरी वाले, पं.नंदकिशोर,पं. सोनू,पं.लवली, पं.श्रीचंद, पं.विजय, पं.सुरेंद्र, पं.पटवारी, पं.नंदा लाला, पं.पप्पू,पं.कालू, पं.बल्लू, पं मनोज उपाध्याय, पं.योगेश, पं.सागर इत्यादि सहित ब्राह्मण समाज के काफी लोग उपस्थित रहे। मौजिज लोगो ने भगवान परशुराम के जीवन परिचय पर प्रभाव डालते हुए सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

आम आदमी पार्टी की सोहना नगर परिषद की चुनाव की तैयारी पूरी : राम गौतम

सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना सोमवार को सोहना विधान सभा मे आम आदमी पार्टी की सोहना ईकाई के मुख्य संगठन की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता आम आदमी पार्टी ने की इस बैठक मे संगठन विस्तार पर चर्चा हुई और पंकज गुप्ता के आदेश अनुसार नगर परिषद चुनाव समीती का प्रभार वार्ड 4 के बलुदा के पार्षद राजेश यादव को सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष मुकेश डागर ने कहा की पंजाब जीत के बाद हरीयाणा की जनता आम आदमी पार्टी को 2024 मे सरकार के रूप मे देख रही है जिसका परिणाम सोहना के आने वाले नगर परिषद चुनाव मे देखने को मिलेगा।आम आदमी पार्टी नगर परिषद के 21 के 21 वार्ड पर जीत दर्ज करेगी।

आम आदमी पार्टी आम जनता की मुल भुत सुविधा शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी पर काम करती है जिसमे वर्तमान की बिजेपी जेजेपी सरकार पूर्ण तरह से विफल है। साथ ही कहा वर्तमान सरकार जनता के हर मुद्दो पर विफल है। सोहना मे सरेआम लूट, चोरियां रोजाना देखने को मिल रहा है। भष्टाचार ओर मंहगाई अपनी चरम सीमा पर है। वही राम गौतम सोहना विधान सभा अध्यक्ष ने कहा की सोहना मे नगर परिषद चुनाव की तैयारी पुरी हो चुकी है और हर वार्ड पर प्रभारी नियुक्त किए जा चुके है। राम गौतम ने पंकज गुप्ता और मुकेश डागर को आश्वासन दिया की सोहना नगर परिषद चुनाव मे आम आदमी पार्टी की जीत पक्की है।

इस चुनाव मे जित दर्ज कराने के लिए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और साऊत जोन अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष जावेद अहमद एवम जिला पार्षद आप वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र खटाना अपनी सारी ताकत लगा रहे है।ईस बैठक मे वरिष्ठ पदाधिकारी नारायण वर्मा, अजय बैंसला, जितेन्द्र मित्तल, सीमा डागर, मुकेश कुमार, नरेश, अनिता रानी, कर्मवीर बोकन एवम कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

धींगड़ा सोसायटी अलग-अलग मुद्दों पर डीसी व एसडीएम को सौंपेगी ज्ञापन

पलवल, प्रात : किरण संवाददाता

मुलाकात

● मुख्यमंत्री से भी करेंगे मुलाकात

शहीद धींगड़ा वेलफेयर सोसायटी पलवल 5 मई गुरुवार को जिला उपायुक्त व एसडीएम को अलग-अलग मुद्दों पर ज्ञापन सौंपेगी। सोसायटी के अध्यक्ष लव ढींगरा ने बताया कि जवाहर नगर कैंप में सोसायटी की मांग पर साढ़े 3 करोड़ रुपए की लागत से राजकीय उच्च विद्यालय के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। सोसायटी की मांग है कि इस स्कूल का नाम महान देशभक्त अमर शहीद मदनलाल धींगड़ा के नाम से रखा जाए।

सोसायटी की ओर से इस मांग व प्रार्थना को लेकर डीसी कृष्ण कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा इस बारे सोसायटी की ओर से एक प्रार्थना पत्र सीएम विंडो पर भी लगाया जाएगा। अध्यक्ष ढींगरा ने बताया कि जवाहर नगर कैंप में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। नालियां गंदगी से अटी रहती हैं तथा गंदे पानी की निकासी ठीक से नहीं होती। निकासी न होने के कारण गंदा पानी गलियों की नालियों से बाहर निकलकर बहता रहता है। सभी गलियों के नुक्कड़ पर गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। घर-घर से कूड़ा तो उठाया जाता है, लेकिन गंदगी के लगे ढेरों के कारण घर-घर से कूड़ा उठवाना भी निरर्थक प्रतीत हो रहा है। एलके ढींगरा ने कहा कि इस बारे एसडीएम वैशाली सिंह को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा तथा सफाई व्यवस्था में सुधार करने तथा कठोर कदम उठाने की मांग की जाएगी। ढींगरा ने बताया कि जवाहर नगर कैंप के लिए अन्य बड़ी जरूरतों व मांगों को लेकर सोसायटी का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात करेगा। ढींगरा ने बताया कि पहले भी हमारी सोसायटी की मांग व प्रयासों से माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जवाहर नगर कैंप को ढेरों सौगातें देकर समस्याओं का समाधान किया है।

बच्चों की कहासुनी पर दो पक्ष भिड़े

पुन्हाना। बच्चों की आपसी कहासुनी को लेकर गांव सिंगार में दो पक्ष के लोग आपस मे भिड़ गए। झगड़ा इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष में जमकर लाठी, डंडे व पथराव हुआ। झगड़ो के दौरान वहां उपस्थित कुछ लोगो ने झगड़े की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी, जिसकी पूरे जिले में इस झगड़े की चचाएं घूमती रही। बताया जा रहा है कि इस झगड़े में लगभग आधा दर्जन लोग घायल भी हुए है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर झगड़े को शांत कराया। पुलिस घटना की कार्यवाही में जुट गई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की छानबीन भी लगी हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईद पर्व के दौरान गांव सिंगार में दो बच्चों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। बच्चों की कहासुनी के बाद दोनों पक्षो में झगड़ा बढ़ गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran

संक्षिप्त खबरें

अप्रैल में भारत का निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 38 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। भारत का वस्तुओं का निर्यात अप्रैल, 2022 में 24.22 प्रतिशत बढ़कर 38.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पेट्रोलियम उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक और रसायन उत्पादों जैसे क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से अप्रैल में निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले माह के दौरान देश का आयात भी 26.55 प्रतिशत बढ़कर 58.26 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं अप्रैल, 2022 में व्यापार घाटा बढ़कर 20.07 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 15.29 अरब डॉलर पर था।

आईटीसी ने शोध के लिए आईआईटी दिल्ली के साथ समझौता किया

नई दिल्ली। आईटीसी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसने आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में शोध को बढ़ावा दिया जाएगा। आईटीसी ने एक बयान में कहा कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने की दिशा में भारत के प्रयासों को तेज करने के लिए यह समझौता किया गया। इस संबंध में आईटीसी और आईआईटी दिल्ली ने एक सहमति पत्र (एमओयू) पर दस्तखत किए। आईटीसी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और सामाजिक निवेश प्रमुख प्रभाकर लिंगारेड्डी ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य आईआईटी जैसे संस्थानों की तकनीकी विशेषज्ञता का लाभ उठाना और चिन्हित क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

अटकी गेहूं की खरीद, तो क्या अब राशन में मिलेगा ज्यादा चावल?

नई दिल्ली। सरकारी आंकड़े के मुताबिक इस साल अप्रैल महीने के दौरान गेहूं की सरकारी खरीद पिछले साल के मुकाबले 45 फीसदी पीछे है। ऐसे में संकेत मिलने लगे हैं कि राशनसे मिलने वाले अनाज में गेहूं की मात्रा कम कर चावल की मात्रा बढ़ाई जा सकती है। बीते एक मई को जारी गेहूं की सरकारी खरीद) के आंकड़े के मुताबिक उस समय तक देश भर में 162 लाख टन खरीद हुई थी। जबकि, पिछले साल की इसी अवधि तक कुल 288.40 लाख टन गेहूं की खरीद हो चुकी थी। इस साल सरकार ने कुल 444 लाख टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल, यह पूरा होता नहीं दिख रहा है। सेंट्रल पूल में सर्वाधिक गेहूं की भागीदारी करने वाले पंजाब में अब तक 89.14 लाख टन गेहूं की ही खरीद हुई है। जबकि, पिछले साल की इसी अवधि तक कुल 112.30 लाख टन गेहूं की खरीद हो गई थी। इसी तरह हरियाणा में पिछले रबी मार्केटिंग सीजन में हुई 80.24 लाख टन के मुकाबले चालू सीजन में केवल 37.24 लाख टन गेहूं ही खरीदा जा सका है। यहां की मंडियों में निजी व्यापारिक प्रतिष्ठान भी आगे बढ़कर गेहूं की खरीद कर रहे हैं।

एलआईसी ने घरेलू संस्थानों की अगुवाई में एंकर निवेशकों से 5,627 करोड़ रुपये जुटाए

नयी दिल्ली, एजेंसी

बीमा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलआईसी ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने आईपीओ से पहले घरेलू संस्थानों की अगुवाई में एंकर निवेशकों से 5,627 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। बीमा कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि एंकर निवेशकों (एआई) के हिस्से (5,92,96,853 इक्विटी शेयर) को 949 रुपये प्रति इक्विटी शेयर पर पूरा अभिदान मिला। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक एआई को लगभग 5.9 करोड़ शेयरों के आवंटन में से 4.2 करोड़ शेयर (71.12 प्रतिशत) 15 घरेलू म्यूचुअल फंडों को आवंटित किए गए थे। ये आवंटन कुल 99 योजनाओं के माध्यम से किया गया।

इसके अलावा कुछ घरेलू बीमा कंपनियों और पेंशन फंडों द्वारा निवेश किया गया था। निवेश करने वाले घरेलू संस्थानों में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस, पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई पेंशन फंड और यूटीआई रिटायरमेंट सॉल्यूशंस पेंशन फंड स्कीम शामिल हैं। विदेशी भागीदारों में सिंगापुर सरकार, सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण, गवर्नमेंट पेंशन फंड ग्लोबल और बीएनपी इनवेस्टमेंट एलएलपी शामिल हैं। प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के दस्तावेज के मुताबिक बिक्री के लिए पेश किए गए 22.13 करोड़ शेयरों में 5.93 करोड़ शेयर एंकर निवेशकों के लिए आरक्षित थे।

- निवेश करने वाले घरेलू संस्थानों में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस, पीएनबी मेटलाइफ इंश्योरेंस, एसबीआई पेंशन फंड और यूटीआई रिटायरमेंट सॉल्यूशंस पेंशन फंड स्कीम शामिल हैं।

अडाणी विल्मर ने 'कोहिनूर' सहित कई ब्रांड खरीदे, खाद्य कारोबार को मजबूत करने का इरादा

मुंबई। अडाणी विल्मर लिमिटेड (एडब्ल्यूएल) ने मंगलवार को मैककॉर्मिक स्विट्जरलैंड जीएमबीएच से प्रसिद्ध 'कोहिनूर' ब्रांड सहित कई ब्रांडों के अधिग्रहण की घोषणा की।

कंपनी ने खाद्य कारोबार को मजबूत करने के इरादे से किए गए इन सौदों की रकम का ब्यौरा नहीं दिया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस अधिग्रहण से एडब्ल्यूएल को भारत में कोहिनूर ब्रांड के तहत 'रेडी टू कुक', 'रेडी टू ईट' करी और खाद्य पोर्टफोलियो के साथ 'कोहिनूर' बासमती चावल ब्रांड पर विशेष अधिकार मिल जाएगा।

कोहिनूर के घरेलू ब्रांड पोर्टफोलियो से एफएमसीजी श्रेणी में एडब्ल्यूएल की स्थिति मजबूत होगी।

इस अधिग्रहण से एडब्ल्यूएल चावल और अन्य मूल्य वर्धित खाद्य व्यवसायों में अधिक उत्पादों की पेशकश कर सकेगी।

एडब्ल्यूएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक अंगशु मल्लिक ने कहा, हम फॉर्च्यून परिवार में कोहिनूर ब्रांड का स्वागत करते हुए प्रसन्न हैं। यह अधिग्रहण उच्च मार्जिन वाले ब्रांडेड स्टेपल और खाद्य उत्पाद खंड में हमारे पोर्टफोलियो का विस्तार करने की हमारी व्यावसायिक रणनीति के अनुरूप है।

उन्होंने कहा कि कोहिनूर ब्रांड के पास मजबूत ब्रांड पहचान है और इससे खाद्य एफएमसीजी श्रेणी में कंपनी की स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

दो साल बाद इस अक्षय तृतीया पर गुलजार हो गया आभूषण बाजार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अक्षय तृतीया पर 15 हजार करोड़ का बिक गया सोना

लगातार दो अक्षय तृतीया घरों में काटने के बाद आज लोगों ने खुल कर खरीदारी की। देश भर के सराफा बाजारों में आज सुबह से ही गहमागहमी थी। इस वजह से सराफा बाजार में खूब बिक्री हुई। कारोबारियों का कहना है कि अक्षय तृतीया के दिन देश भर में करीब 15 हजार करोड़ रुपये के जेवर बिके हैं।

बाजार में मांग हल्के जेवरों की दिल्ली बुलियन एंड ज्वैलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल गोयल का कहना है कि आज सुबह से ही सराफा बाजार गुलजार था। दरअसल, पिछले दो वर्ष कोरोना काल में बीत गए। हालांकि सोने का दाम आसमान पर पहुंचने से भारी जेवरों की डिमांड कम है। इसलिए अक्षय तृतीया पर ग्राहकों को लुभाने के लिए ज्वैलर्स ने हल्के जेवरों की अच्छी रेंज उतारी। इसका असर दिखा और खूब खरीदारी हुई।

15,000 करोड़ रुपये के बिके जेवरात: कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स के महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल के मुताबिक आज देश भर में सोने चांदी का लगभग 15 हजार करोड़ का व्यापार हुआ। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पहले साल 2019 में अक्षय तृतीया के मौके पर सोने और चांदी के भाव में ज्यादा अंतर नहीं था। सोना तब 32,700 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी 38,350 रुपये प्रति किलो थी। वहीं, इस वर्ष अक्षय तृतीया के पांच दिन पहले सोना 53 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी 66,600 रुपये प्रति किलो के आस-पास चला गया। तब भी लोगों ने खूब खरीदारी की।

दो साल पहले हुई थी 10 हजार करोड़ की बिक्री: खंडेलवाल के मुताबिक साल 2019 में देश भर में सिर्फ अक्षय तृतीया पर ही लगभग 10 हजार करोड़ रुपये के सोने की बिक्री हुई थी। लेकिन, 2020 में अक्षय तृतीया पर मई माह में लॉकडाउन होने के कारण सोने की बिक्री शगुन के रूप में महज 5 फीसदी यानी करीब 500 करोड़ के आसपास ही हुई थी। लगातार दो साल लॉकडाउन में ही अक्षय तृतीया का त्योहार बीता। अब जाकर स्थिति सुधरी है।

ढाई लाख करोड़ हो सकती है फर्टिलाइजर पर सब्सिडी: केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र ने सोमवार को जोर देकर कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन के दौरान फर्टिलाइजर की उपलब्धता अनुमानित मांग से अधिक है। सरकार ने यह भी कहा है कि इस वित्तीय वर्ष में फर्टिलाइजर सब्सिडी बढ़कर लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये हो सकती है। केंद्र ने आगे कहा कि मिट्टी में डाले जाने वाले पोषक तत्वों की जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। उसने राज्यों से फर्टिलाइजर की आवाजाही पर नजर रखने को कहा है।

उर्वरक की उपलब्धता को लेकर कोई संदेह नहीं हो: केंद्र ने राज्यों से कहा है कि वह किसानों को सही जानकारी दें, जिससे उन्हें उर्वरक की उपलब्धता को लेकर कोई संदेह नहीं हो। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और रसायन और उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने संयुक्त रूप से राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के साथ उर्वरकों की स्थिति पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

निर्यात में अप्रैल में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर कोई दिक्कत नहीं है: इस दौरान मांडविया ने कहा कि यूरिया, डीएपी और एनपीके सहित अन्य उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर कोई दिक्कत नहीं है और मौजूदा समय में मांग के सापेक्ष आपूर्ति के लिए अधिक स्टाक है। उन्होंने कहा कि महामारी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद केंद्र सब्सिडी बढ़ाकर उर्वरकों की कीमत कम रखने में सफल रहा है।

इस साल किसानों को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी: मांडविया ने कहा कि इस साल किसानों को करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। ऐसे में हमें ऐसी योजना बनानी चाहिए, जिससे जमीनी स्तर पर संतुलित तरीके से उर्वरकों का इस्तेमाल सुनिश्चित हो सके महामारी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद, मंडाविया ने कहा कि केंद्र ने सब्सिडी बढ़ाकर उर्वरक की कीमतें सस्ती रखने में कामयाबी हासिल की है ताकि किसानों को नुकसान न हो।

अमेरिका शेयर बाजार के लिए आठ दशक में सबसे खराब शुरूआत, क्या यह मंदी का संकेत है!

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी अमेरिका में कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। महंगाई 40 साल के पीक पर है, शेयर बाजार का बुरा हाल है, पहली तिमाही में जीडीपी में गिरावट आई है और ब्याज दरों में लगातार तेजी आ रही है। जानकारों का कहना है कि देश मंदी की ओर बढ़ रहा है। एसएंडपी 500 (S&P 500) इस साल की शुरूआत करीब आठ दशक में सबसे खराब रही है। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच इसमें 13 फीसदी से अधिक गिरावट आई। यह 1939 के बाद इस इंडेक्स के लिए साल की सबसे खराब शुरूआत है। हालांकि आज के स्टॉक मार्केट की 83 साल पहले के स्टॉक मार्केट से तुलना करना ठीक नहीं है क्योंकि तब इसमें केवल 90 कंपनियां शामिल थीं। लेकिन आज तक साल की सबसे खराब शुरूआत है। अप्रैल में डाउ में भी नौ फीसदी गिरावट आई है जबकि टेक वाली नैसडैक में 21 फीसदी गिरावट आई है। सोमवार को 525 अंक की गिरावट के बाद डाउ 84 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। एसएंडपी 500 में 0.6 फीसदी और नैसडैक ने 1.6 फीसदी तेजी आई।

निवेशकों के लिए यह तब से लेकर

- इस साल एसएंडपी 500 इंडेक्स में 13 फीसदी से अधिक गिरावट आई है।

बेचो और भागो वॉल स्ट्रीट में पुरानी कहावत है कि मई में बेचो और चले जाओ। माना जाता है कि बुलिश ट्रेडर्स गर्मियों और पतझड़ के शुरूआती महीनों में ब्रेक लेते हैं जिससे शेयरों में गिरावट आती है। यह गिरावट सर्दियों की छुट्टियों से पहले तक जारी रहती है। लेकिन इस साल यह गिरावट पहले ही शुरू हो गई। बाजार में घबराहट के कई कारण हैं। महंगाई से निपटने के लिए फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को आक्रामक तरीके से बढ़ाने की तैयारी में हैं।

चीन के कई इलाकों में लॉकडाउन से पहले ही दुनियाभर के निवेशकों के हाथपांव फूले हुए हैं। रही सही कसर रूस ने यूक्रेन पर हमला करके पूरी कर ली। इस सब कारणों से अमेरिका में मंदी की आशंका बढ़ रही है। ऐमजॉन, मेटा (फेसबुक) और नेटफ्लिक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। कभी निवेशकों की आंख का तारा रहा नेटफ्लिक्स इस साल अब तक 68% गिर चुका है।

LIC IPO को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। LIC का IPO कल पब्लिक के लिए ओपन हो रहा है। इससे पहले कांग्रेस ने सरकार पर LIC की कीमत को कम करके आंकने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि LIC की असली वैल्यू सरकार की तरफ से बताई गई कीमत से कहीं ज्यादा है। इससे पहले भी विनिवेश को लेकर कांग्रेस केंद्र पर हमला बोलती रही है। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि कंपनी की वैल्यू जो इस साल फरवरी में 12 से 14 लाख करोड़ रुपए थी उसे 2 महीने में ही घटाकर 6 लाख करोड़ कर दिया गया। ऐसा क्यों हुआ? उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए आगे कहा कि देश की सबसे बड़ी कंपनी जिसमें 30 करोड़ देशवासियों का हिस्सा है, ऐसी कंपनी को इसकी कीमत से कम पर आंका जा रहा है। इस कंपनी को 1 सितंबर 1956 शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया पर जब लोग नया बिजनेस शुरू करते हैं तब मोदी जी देश कह बड़ी कंपनी में हिस्सेदारी बेच रहे हैं।

टाइटन को मार्च तिमाही में 491 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

ज्वैलरी कंपनी टाइटन ने मार्च 2022 तिमाही के लिए नतीजें जारी कर दिए हैं। मार्च समाप्त तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन मुनाफा घटा है और यह सालाना आधार पर 7.18 प्रतिशत घटकर 529 करोड़ रुपये से 491 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, ऑपरेशन बिक्री से रेवेन्यू 3.46 प्रतिशत गिरकर 6,749 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की मार्च तिमाही में 6,991 करोड़ रुपये था। इस तिमाही में कंपनी का टोटल इनकम 7,352 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले साल इस तिमाही में 7,169 करोड़ रुपये था। यानी साल दर साल के हिसाब से इस तिमाही कंपनी की आय में 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बता दें कि सोमवार को टाइटन का शेयर 3% तक गिरकर 2,386 रुपये पर बंद हुआ था।

अन्य सेगमेंट से कंपनी को फायदा टाइटन को मार्च 2022 तिमाही में घड़ियां और वियरेबल बिजनेस से फायदा हुआ है। इस बिजनेस से कंपनी को 12 प्रतिशत का लाभ हुआ है। टाइटन को इस सेगमेंट से पिछले साल के 555 करोड़ रुपये के मुकाबले इस साल मार्च तिमाही में 622 करोड़ रुपये का इनकम हुआ है। वहीं, आईकेयर बिजनेस से कंपनी को सालाना आधार पर 6 फीसदी का फायदा हुआ है और इस सेगमेंट से 134 करोड़ रुपये का रेवेन्यू जेनरेट हुआ है। टाइटन ने कहा कि मार्च तिमाही के दौरान आंशिक लॉकडाउन, सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव और रूस यूक्रेन जंग की वजह से उत्पन्न हुई अनिश्चितता के बावजूद तिमाही संतोषजनक रहा।

समस्या

- राकेश झुनझुनवाला ने भी घटाई हिस्सेदारी, अब क्या करें निवेशक?

राकेश झुनझुनवाला के पास है शेयर : मार्च 2022 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, राकेश झुनझुनवाला के पास अब टाइटन कंपनी में 5.05 फीसदी हिस्सेदारी है यानी करीब 44,850,970 इक्विटी शेयर हैं। मार्च तिमाही में बिग बुल ने टाइटन के शेयरों में अपनी हिस्सेदारी 0.04 फीसदी घटाई है।

अप्रैल में बेरोजगारी दर 7.83% पर पहुंची

नई दिल्ली। देश में बेरोजगारी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। अप्रैल महीने में देश की बेरोजगारी दर बढ़कर 7.83% पर पहुंच गई। इससे पहले मार्च में ये 7.60% पर थी। उटक्स के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2022 में शहरी बेरोजगारी की दर 9.22% और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यह 7.18% रही है। मई में बेरोजगारी दर 11.84% पर पहुंच गई थी। CMIE के मुताबिक 2021 में मई में बेरोजगारी दर 11.84% पर पहुंच गई थी। हालांकि इसके बाद इसमें गिरावट देखने को मिली और ये जनवरी 2022 में 6.57% पर आई थी, लेकिन फरवरी में ये फिर 8.10% पर पहुंच गई थी जो अब 7.83% पर है। इकोनॉमी की हेल्थ को दशार्ती है बेरोजगारी दर CMIE के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था की सेहत को बेरोजगारी दर सही तरह से दशार्ती है, क्योंकि यह देश की कुल जनसंख्या में कितने बेरोजगार हैं, इसको बताती है।

अप्रैल में निर्यात में 24 फीसद की दमदार बढ़ोतरी

नई दिल्ली, एजेंसी

नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत अप्रैल में 38.19 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निर्यात के साथ हुई है। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान और रसायन क्षेत्र की बदौलत निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। भारत ने अप्रैल 2022 में 38.19 अरब डॉलर का निर्यात किया है, जो अप्रैल 2021 में 30.75 अरब डॉलर से 24.22% अधिक है।

गैर-पेट्रोलियम निर्यात का मूल्य 30.46 अरब डालर: अप्रैल 2022 में गैर-पेट्रोलियम निर्यात का मूल्य 30.46 अरब डालर था, जिसमें अप्रैल 2021 में 27.12 अरब डालर के गैर-पेट्रोलियम निर्यात पर 12.32% की सकारात्मक वृद्धि दशार्ता है।

अप्रैल 2022 में व्यापार घाटा बढ़कर 20.07 अरब डॉलर हो गया कामर्स मिनिस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक समीक्षाधीन अवधि के दौरान आयात 26.55 प्रतिशत बढ़कर 58.26 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल 2022 में व्यापार घाटा बढ़कर 20.07 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 15.29 बिलियन डॉलर था।

गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न और आभूषण निर्यात का मूल्य 27.16 अरब डॉलर: अप्रैल 2022 में गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात का मूल्य 27.16 अरब डॉलर था, जो अप्रैल 2021 में 23.74 अरब डॉलर के गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात में 14.38% की सकारात्मक वृद्धि दशार्ता है। पेट्रोलियम उत्पादों (113.21%), इलेक्ट्रॉनिक सामान (64.04%) और रसायन (26.71%) के कारण अप्रैल, 2022 के दौरान निर्यात में उच्च वृद्धि दर्ज हुई।

अप्रैल 2021 में गैर-तेल, गैर सोना, चांदी और कीमती धातुओं के आयात का मूल्य 34.43 अरब डॉलर था, जो अप्रैल 2021 में गैर-तेल और गैर सोना, चांदी और कीमती धातुओं का आयात 26.55 अरब डॉलर की तुलना में 29.68% की सकारात्मक वृद्धि को दशार्ता है।

एसी की बिक्री अप्रैल महीने में 17 .5 लाख यूनिट की रिकार्ड ऊंचाई पर

नई दिल्ली, एजेंसी

गर्मी के शुरूआती आगमन और अप्रैल महीने में तेज गर्मी पड़ने से आवासीय एयर कंडीशनर निमार्ता इस साल लगभग 90 लाख इकाइयों की रिकार्ड बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं। यह जानकारी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण निमार्ता संघ ने मंगलवार को दी। पहले ही अप्रैल में उद्योग ने लगभग 17.5 लाख इकाइयों की बिक्री देखी है, जोकि महीने के लिए अब तक का उच्चतम स्तर है।

हालांकि, कुछ उत्पादों अगले कुछ महीनों में एक समस्या हो सकती है क्योंकि निमार्ता बाजार की मांग को पूरा करने के लिए अपने माडल की पूरी श्रृंखला की आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं हो सकते हैं। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एरिक ब्रागांजा ने कहा कि विशेष रूप से उच्च स्तर पर ऊर्जा कुशल 5 स्टार एसी की उपलब्धता में कमी, नियंत्रकों और कम्प्रेसर जैसे घटकों की मांग और आपूर्ति की कमी देखी जा रही है।

ब्रागांजा ने बताया कि उद्योग के स्तर पर अप्रैल 2022 के महीने में आवासीय एसी (एयर कंडीशनर) की अनुमानित बिक्री लगभग

17.5 लाख यूनिट है। यह बिक्री अप्रैल 2021 की तुलना में दोगुनी है और अप्रैल 2019 के आंकड़ों की तुलना में 30-35 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यह महामारी के पूर्व स्तर की तुलना में चौंकाने वाला डेवलपमेंट प्रदर्शित करता है। ब्रागांजा ने कहा कि इसके लिए देश भर में प्रचंड गर्मी की लहर के साथ बाजारों के खुलने के लिए डेवलपमेंट को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इसकी प्रवृत्ति के अनुसार, मई और जून में भी एयर कंडीशनर की मांग अच्छी रहेगी। 2022 के लिए उम्मीदों के बारे में उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और पहले चार महीनों में बिक्री के रुझान के आधार पर इस साल एसी बाजार 85 लाख से 90 लाख यूनिट के बीच रहने की उम्मीद है। यह अब तक का सबसे अधिक होगा। हालांकि, ब्रागांजा ने आगाह किया कि अगले कुछ महीनों में कुछ उत्पादों की उपलब्धता एक मुद्दा हो सकता है और उद्योग को कमी का अनुभव हो सकता है क्योंकि विशेष रूप से चीन से नियंत्रकों और कंप्रेसर की आपूर्ति के एक मुद्दा है, जबकि अधिक ऊर्जा कुशल एसी की मांग बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा कि निमार्ता बाजार की मांग को पूरा करने के लिए विशेष रूप से ऊर्जा कुशल 5 स्टार रेंज के माडल की पूरी श्रृंखला की आपूर्ति करने की स्थिति में नहीं हो सकते हैं। इसके अलावा सीईएमए अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मार्जिन की रक्षा के लिए कीमतों में लगभग 4-5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है क्योंकि मार्केट में इनपुट लागत में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले 18-20 महीनों में कंज्यूमर प्रोडक्ट और टिकाऊ सामान उद्योग ने 15 प्रतिशत तक की कीमतों में वृद्धि देखी है। आने वाले महीनों में कच्चे माल, क्रूड आयल और वैश्विक माल ढुलाई दरों में निरंतर वृद्धि के साथ कई निमार्ता अपने मूल्य निर्धारण में 2-4 प्रतिशत की सीमा तक वृद्धि करेंगे। वोल्टास, पैनासोनिक, हिताची, एलजी और हायर जैसे निमार्ताओं ने अप्रैल में रिकार्ड बिक्री दर्ज की।

टाटा समूह की फर्म वोल्टास के प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रदीप बख्शी ने कहा कि इस साल एसी की बिक्री में 'अभूतपूर्व वृद्धि' देखी और अप्रैल 2019 के वाल्यूम स्तर को लगभग छू लिया, जो कि दशक की सबसे गर्म गर्मियों में से एक थी। बख्शी ने कहा कि अप्रैल 2022 के महीने में एसी उद्योग ने पिछले साल की तुलना में बहुत तेज गर्मी और 2021 के कम आधार के कारण अभूतपूर्व वृद्धि देखी है। हमने पूरे क्षेत्र में उच्च ट्रिपल अंकों की वृद्धि देखी है। इसी तरह पैनासोनिक इंडिया ने कहा कि उसने एयर कंडीशनर के लिए रिकार्ड मांग देखी है और महीने के दौरान एक लाख से अधिक इकाइयों की बिक्री की है। एयर कंडीशनर्स ग्रुप पैनासोनिक इंडिया के बिजनेस हेड गौरव साह ने कहा कि हम एयर कंडीशनर की रिकार्ड मांग देख रहे हैं। इस अप्रैल में पैनासोनिक इंडिया ने एक लाख से अधिक इकाइयों की बिक्री की, पिछले अप्रैल (2021) की तुलना में 83 प्रतिशत की वृद्धि और अप्रैल 2019 की तुलना में 67 प्रतिशत की वृद्धि। हम इस अभूतपूर्व का श्रेय मांग में वृद्धि और गर्मी के मौसम की शुरूआत को देंगे।

वैकल्पिक ईंधन का उत्पादन करने वाली कंपनियों को प्राथमिकता पर मिले ऋण

नई दिल्ली, एजेंसी

- एलन मस्क भारत में कार बनाते हैं तो उसमें किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बायो- एथनाल, सीएनजी और एलएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उत्पादन और कारोबार करने वाली कंपनियों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की तरह ऋण देने की वकालत की है। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि एथनाल के कैलोरी मान को पेट्रोल के बराबर लाने का इंडियन आयल कारपोरेशन (आइओसी) का परीक्षण सफल रहा है।

संस्थाओं को आसान शर्तों पर बैंकों से ऋण मिलने में मदद मिलेगी

उन्होंने कहा, 'वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन या कारोबार से जुड़े लोगों को प्राथमिकता वाले क्षेत्र की ऋण श्रेणी में शामिल किया जाना चाहिए। मैं इस मुद्दे पर वित्त मंत्री और रिजर्व बैंक गवर्नर से बात करूंगा।' प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दी जाने वाली ऋण सुविधा मिलने से वैकल्पिक ईंधन उत्पादन या व्यवसाय में लगी संस्थाओं को आसान शर्तों पर बैंकों से ऋण मिलने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि वह सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री से मिलने पर उन्हें सुझाव देंगे कि वह दूरसंचार कंपनियों को आइटी टावर डीजल के बजाय एथनाल से चलने वाले जनरेटर से चलाने का निर्देश दें।

भारत में कार बनाने से टेस्ला को होगा फायदा: सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एलन मस्क द्वारा ट्विटर का अधिग्रहण किए जाने के बाद उनकी कंपनी टेस्ला को भारत में कार बनाने का प्रस्ताव दिया है। गडकरी ने कहा कि अगर अमेरिका स्थित ईवी कंपनी टेस्ला भारत में अपने इलेक्ट्रिक वाहन बनाती है, तो इससे कंपनी को भी फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब देश में सभी इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत, पेट्रोल वाहनों की कीमत से कम होगी। इससे पहले गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा था कि अगर एलन मस्क भारत में कार बनाते हैं तो उसमें किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी। हालांकि उनका चीन से कार आयात करके भारत में बेचने का इरादा ठीक नहीं है।

संक्षिप्त खबरें

धोनी, विराट और रोहित शर्मा समेत 6 सेलिब्रिटीज के खिलाफ जनहित याचिका दायर

आईपीएल 2022 इस समय अपने चरम पर है. लेकिन इस बीच टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर मध्य प्रदेश हाइकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआइएल) दायर की गयी है धौनी के अलावा विराट कोहली रोहित शर्मा बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान समेत छह लोगों पर पीआइएल दायर की गयी है। पीआइएल में क्या है धोनी सहित 6 खिलाड़ियों पर दायर याचिका में सेलिब्रिटीज पर ऑनलाइन बेटिंग और गैंबलिंग (ऑनलाइन सट्टा व जुआ) को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है. यह याचिका विनोद द्विवेदी नाम के वकील ने दायर की है. दायर याचका में कहा गया है कि बिहार, तेलंगाना, कर्नाटक समेत देश के कई राज्यों ने इस तरह के ऑनलाइन बेटिंग व गैंबलिंग पर बैन लगा दी है, लेकिन मध्य प्रदेश में ऐसा नहीं किया गया है.

राशिद खान ने अफगानी डिश बनाकर साथी खिलाड़ियों को दी मुबारकबाद

नई दिल्ली। आज पूरे देश में धूम-धाम से ईद मनाई जा रही है और इससे आईपीएल भी अछूता नहीं है। गुजरात टाइटंस के लेग स्पिनर राशिद खान ने अपने सोशल मीडिया पर अपने साथी खिलाड़ियों के साथ ईद मनाते हुए तस्वीरें शेयर की हैं। यही नहीं, ईद के खास मौके पर इस अफगानी खिलाड़ी ने बायो-बबल में अपने होटल के किचन में खुद से ही खाना बनाकर अपने साथियों को खिलाया। 'राशिद भाई के हाथ का खाना, इसे कहते हैं ईद मनाना' गुजरात टाइटंस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से किए गए ट्वीट में राशिद ने अपने होटल के किचन में अफगानी डिश गोश्त तैयार की और अपने साथियों को खिलाया। राशिद के मुताबिक ये डिश काफी कम मसाले और तेल वाली है पर इसका स्वाद काफी बेहतरीन होता है। वीडियो के अंत में डेविड मिलर समेत टीम के अन्य खिलाड़ी राशिद की इस डिश की तारीफ करते दिखे। फ्रेंचाइजी ने भी अपने वीडियो कैप्शन में लिखा कि 'राशिद भाई के हाथ का खाना, इसे कहते हैं ईद मनाना।'

33 रिटेन या ड्रॉफ्ट किए गए खिलाड़ियों में से 17 रहे फेल

नई दिल्ली।।IPl में रविवार तक 74 में से 47 मैच हो चुके हैं। ऑक्शन से पहले टीमों ने कई खिलाड़ियों को रिटेन किया था। लेकिन अधिकांश रिटेन खिलाड़ी टीम के लिए महंगे साबित हो रहे हैं। पंजाब के दोनों रिटेन खिलाड़ी अभी तक फ्लॉप रहे हैं। कप्तान मयंक का एक रन टीम के लिए 7 लाख रुपए का पड़ रहा है, जबकि अर्शदीप का एक विकेट 1.33 करोड़ रुपए का है। चेन्नई के जडेजा भी अभी तक कुछ खास नहीं कर पाए हैं। उनका एक रन 14 लाख का है। रोहित शर्मा का एक रन मुंबई के लिए 10 लाख का और कोहली का एक रन बेंगलुरु के लिए 8 लाख रुपए का पड़ रहा है। सीजन में सबसे तेज गेंद डालने वाले हैदराबाद के उमरान मलिक का एक विकेट करीब 26.66 लाख रुपए का है।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी की साई सुदर्शन की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन बनाए

गुजरात ने पंजाब किंग्स को दिया जीत के लिए 144 रनों का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

IPL 2022 हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटंस की टीम मयंक अग्रवाल की पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम पर आइपीएल 2022 के 48वें लीग मैच में खेल रही है। गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टास जीतकर इस मैच में बल्लेबाजी करने का फैसला किया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साई सुदर्शन की संघर्षभरी नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में 8 विकेट पर 143 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए पारी की शुरूआत जानी बेयरस्टो और शिखर धवन ने की। खबर लिखे जाने तक पंजाब ने बिना किसी नुकसान के 1 ओवर में 2 रन बना लिए हैं।

गुजरात की पारी, साई सुदर्शन का अर्धशतक

पंजाब के खिलाफ गुजरात की शुरूआत निराश करने वाली रही और ओपनर बल्लेबाज शुभमन गिल का खराब फार्म जारी रही। वो 9 रन बनाकर रन आउट हो गए तो वहीं उनके जोड़ीदार साहा को रबादा ने 21 रन पर मयंक अग्रवाल के हाथों कैच आउट कर दिया। हार्दिक पांड्या को ऋषि धवन ने एक रन पर जितेश शर्मा के हाथों कैच आउट करवा दिया। डेविड मिलर ने 14 रन की पारी खेली और उन्हें लियाम लिविंगस्टोन ने रबादा के हाथों कैच करवा दिया। राहुल तेवतिया को रबादा ने 11 रन पर कैच आउट करवा दिया और उनका कैच संदीप शर्मा ने पकड़ा तो वहीं राशिद खान खाता भी नहीं खोल पाए और गोल्डन डक पर आउट हो गए। राशिद खान को रबादा ने जितेश शर्मा के हाथों कैच करवा दिया।

साई सुदर्शन ने 42 गेंदों पर छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं प्रदीप सांगवान को अर्शदीप सिंह ने 2 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। लाकी फर्ग्यूसन को 5 रन के स्कोर पर रबादा ने कैच आउट करवा दिया। साई सुदर्शन ने इस मैच में 50 गेंदों का सामना करते हुए एक छक्का और 5 चौकों की मदद से नाबाद 64 रन की पारी खेली। वहीं पंजाब की तरफ से कगिसो रबादा ने 4 ओवर में 34 रन देकर सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए।

गुजरात टाइटंस की प्लेइंग इलेवन

रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुभमन गिल, साई सुदर्शन, हार्दिक पांड्या (कप्तान), डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, अल्जारी जोसेफ, प्रदीप सांगवान, लाकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद शमी।

पंजाब किंग्स की प्लेइंग इलेवन

मयंक अग्रवाल (कप्तान), शिखर धवन, जानी बेयरस्टो, भानुका राजपक्षे, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), ऋषि धवन, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, संदीप शर्मा।

जूनियर विश्व चैम्पियनशिप: ज्ञानेश्वरी को रजत, रितिका को कांस्य

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की ज्ञानेश्वरी यादव ने यूनान में चल रही आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में महिलाओं के 49 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि वी रितिका तीसरे स्थान पर रही । छत्तीसगढ की ज्ञानेश्वरी ने 156 किलो (73 और 83 किलो) वजन उठाया । वहीं 18 वर्ष की रितिका ने 150 किलो (69 किलो और 81 किलो) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता । इस वर्ग में 10 ही प्रतिस्पर्धी उतरे थे । तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की विंडी सी ऐसाह ने 185 किलो वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता । उनके और ज्ञानेश्वरी के प्रदर्शन के बीच 29 किलो का अंतर था । इस टूनामेंट में चीन, उत्तर कोरिया और थाईलैंड जैसे दिग्गज देशों ने भाग नहीं लिया है । यह वही वजन वर्ग है जिसमें तोक्यो ओलंपिक में मीराबाई चानू ने 202 किलो वजन उठाकर रजत पदक जीता था । चानू के नाम क्लीन एंड जर्क वर्ग का विश्व रिकॉर्ड है जब उन्होंने पिछले साल एशियाई चैम्पियनशिप में 119 किलो वजन उठाया था । भारत के इस टूनामेंट में तीन पदक हो गए हैं ।इससे पहले सोमवार को हर्षदा शरद गरूड़ ने स्वर्ण पदक जीता था । रूस और बेलारूस को आईडब्ल्यूएफ प्रतिस्पधाओं में भाग लेने से रोक दिया गया है । पिछले सत्र में रूस ने सर्वाधिक नौ पदक जीते थे।

आईटीटीएफ रैंकिंगः मनिका करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर

नई दिल्ली, एजेंसी

रैंकिंग

- साथियान 34वें पायदान पर

स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा ने अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) की नवीनतम रैंकिंग में महिला एकल में 10 स्थान की छलांग के साथ करियर की सर्वश्रेष्ठ 38वीं रैंकिंग हासिल की जबकि जी साथियान 34वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी हैं।

अनुभवी अचंता शरत कमल भी एक स्थान के फायदे से 37वें पायदान पर पहुंच गए हैं। नवीनतम रैंकिंग में अधिकतर भारतीय खिलाड़ियों को फायदा हुआ है। दुनिया के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शरत और साथियान के अलावा कोई अन्य भारतीय पुरुष खिलाड़ी शामिल नहीं है जबकि महिला एकल में मनिका के अलावा तीन अन्य खिलाड़ियों को इस सूची में जगह मिली है। अर्चना कामत 26 स्थान की लंबी छलांग के साथ 66वें स्थान पर पहुंच गई हैं। युवा श्रीजा अकुला को भी नवीनतम रैंकिंग में 39 स्थान का फायदा हुआ है और वह अब दुनिया की 68वें नंबर की खिलाड़ी हैं। रीत टेनिसन ने भी शीर्ष 100 खिलाड़ियों की सूची में पहली बार जगह बनाई है। उन्हें 197 स्थान का फायदा हुआ है और वह 97वें पायदान पर हैं। पुरुष युगल में साथियान और हरमीत देसाई की विश्व रैंकिंग 28वीं है जबकि साथियान और शरत 35वें पायदान पर हैं।

महिला युगल में मनिका और अर्चना दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी हैं। सुतीर्था मुखर्जी और आयहिका मुखर्जी की जोड़ी 29वें स्थान पर है।

मिश्रित युगल में मनिका और साथियान विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज हैं जबकि मानव ठक्कर और अर्चना की जोड़ी 22वें स्थान पर है।

चोटिल होने से बाल-बाल बचे बोल्ट

नई दिल्ली। IPL 2022 के सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मुकाबले में राजस्थान के गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट अपने ही साथी खिलाड़ी के थ्रो पर गिर गए। दरअसल कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी के तीसरे ओवर में राजस्थान की ओर से तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट गेंदबाजी कर रहे थे। बोल्ट की पहली गेंद को डडफके बल्लेबाज बाबा इंद्रजीत ने मिड ऑन की तरफ खेला और एक रन के लिए दौड़ लगा दी। फील्डिंग कर रहे प्रसिद्ध कृष्णा तेजी से गेंद पर लपके और बल्लेबाज को रन आउट करने के लिए विकेटकीपर वाले छोर पर जोरदार थ्रो फेंका, लेकिन गेंद विकेट पर लगने के बजाए बीच में खड़े ट्रेंट बोल्ट को जा लगी। वह नीचे गिर गए। गनीमत ये रही कि गेंद उनके जूते पर लगी। अगर डायरेक्ट बोल्ट को लगता तो शायद उन्हें गहरी चोट लग सकती थी। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। ट्रेंट बोल्ट ने 4 ओवर में 25 रन देकर एक विकेट लिया। इसके अलावा, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीपसेन को भी 1-1 विकेट मिले।

चेन्नई की कमजोर गेंदबाजी और आरसीबी की लचर बल्लेबाजी का मुकाबला

पुणे, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कमजोर गेंदबाजी में और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को अपनी लचर बल्लेबाजी में सुधार करना होगा जब खराब फॉर्म से जूझ रही दो दिग्गज टीमें आईपीएल के महत्वपूर्ण मुकाबले में बुधवार को आमने सामने होंगी। क्रिकेट में दो मजबूत और फॉर्म में चल रही टीमों का मुकाबला रोचक रहता है लेकिन जब ऐसे दो दिग्गज सामने हैं जिनकी कमजोर कड़ियां जगजाहिर है तो मुकाबला और दिलचस्प रहेगा ।

अब तक दस मैचों में आरसीबी के लिये छह ही अर्धशतक बन सके हैं जिनमें से दो कप्तान फाफ डु प्लेसी ने बनाये हैं। इससे साबित होता है कि उसकी बल्लेबाजी किस स्तर की रही है। वहीं चेन्नई ने अभी तक नौ मैच खेले हैं और उसके किसी भी गेंदबाज की किफायत दर 7.50 प्रति ओवर से कम नहीं रही है । महेश तीक्षणा ने 7 . 54 की औसत से गेंदबाजी की है जबकि ड्वेन ब्रावो और मुकेश चौधरी का औसत क्रमशः 8.73 और 9.82 रहा है। पिछले मैच में विराट कोहली के अर्धशतक के बाद यह मैच और रोमांचक होगा । वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई की कमान फिर संभालने के बाद जीत दर्ज की है तो यह भी देखना होगा कि क्या वह जीत की लय कायम रख पाते हैं ।

खराब फॉर्म से जूझ रहे रविंद्र जडेजा के कप्तानी छोड़ने के बाद धोनी को फिर कमान सौंपी गई जिसके बाद सीएसके ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया । हैदराबाद के नौ मैचों में छह अंक है ।

आरसीबी के नौ मैचों में दस अंक है और वह पांचवें स्थान पर है हालांकि उसे लगातार तीन मैचों में पराजय झेलनी पड़ी। आरसीबी ने सत्र का न्यूनतम स्कोर 68 रन अपने नाम किया और एक अन्य मैच में 145 रन के आसान लक्ष्य का पीछा नहीं कर सके ।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में कोहली ने 53 गेंद में 58 रन बनाये लेकिन उनकी टीम 170 रन ही बना सकी जो बल्लेबाजों की मददगार पिच पर कम स्कोर था ।

कोहली ने दस मैचों में 186 और डु प्लेसी ने नौ मैचों में 278 रन बनाये हैं । दोनों हालांकि अपने चिर परिचित फॉर्म में नहीं है । कोहली ने 58 रन बनाने में करीब नौ ओवर लिये जिससे उनकी टीम बड़ा स्कोर बनाने से चूक गई ।

दिनेश कार्तिक (दस मैचों में 218 रन) और ग्लेन मैक्सवेल (सात मैचों में 157 रन) को और प्रयास करने होंगे । अब उनका सामना कमजोर गेंदबाजी आक्रमण से है । चेन्नई के चौधरी या सिमरजीत सिंह के पास अनुभव नहीं है तो अनुभवी जडेजा बहुत खराब दौर से जूझ रहे हैं ।

टीमें : रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोरः विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, फाफ डुप्लेसी, हर्षल पटेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

चेन्नई सुपर किंग्सः महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा (कप्तान), मोइन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, दीपक चाहर, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दुबे , ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्षणा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीसन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी।

एक छोर पर टिककर खेलने की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहा हूंः नितीश राणा

मुंबई, एजेंसी

उम्मीदें

- राणा ने मैच के बाद आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, काफी चीजें इस पर निर्भर करती हैं कि विरोधी टीम कौन सी है

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज नितीश राणा ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग में पर्याप्त समय बिताने के बाद अब वह एक छोर पर डटे रहने (एंकर की भूमिका) की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं और यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को उन्होंने इसकी झलक पेश की।

राणा की नाबाद 48 रन की पारी की बदौलत केकेआर ने वानखेड़े स्टेडियम की धीमी पिच पर रॉयल्स के 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट से जीत दर्ज की और लगातार पांच हार के क्रम को तोड़ा।

राणा ने मैच के बाद आनलाइन प्रेस कांफ्रेंस में कहा, काफी चीजें इस पर निर्भर करती हैं कि विरोधी टीम कौन सी है, हम कितने लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं और मैं कौन से क्रम पर बल्लेबाजी कर रहा हूं। मैं सात-आठ साल से आईपीएल खेल रहा हूं और अब एक छोर पर टिके रहने या मुख्य खिलाड़ी की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं अब तक सफल रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि आगामी मुकाबलों में मैं टीम के लिए इस तरह की पारियां खेलूंगा। राणा ने कहा, टीम मैच स्थिति के अनुसार मुझे जो भी भूमिका देगी मैं उसके अनुसार बल्लेबाजी करने का प्रयास करूंगा। आज मुझे एक छोर पर टिककर खेलना था। राणा ने युवा रिंकू सिंह की भी तारीफ की जिन्होंने 23 गेंद में नाबाद 42 रन की तेज पारी खेली। उन्होंने कहा, उसने (रिंकू) जिस तरह बल्लेबाजी की उससे मुझे बहुत खुशी है क्योंकि मैं उसे पांच-छह साल से जानता हूं और उसने अपने खेल पर काफी काम किया है, वह प्रत्येक घरेलू सत्र में रन बनाता है। वह जिस तरह बल्लेबाजी कर रहा था, मुझे पता था कि मौका मिलने पर वह हमारी टीम के लिए कुछ बड़ा करेगा। राणा ने कहा, जब वह बल्लेबाजी के लिए आया तो मैंने उसे शांत करने का प्रयास किया क्योंकि जहां तक मुझे पता है कि वह थोड़ा हाइपर हो जाता है और मैंने उसे कहा कि अगर हम दोनों बल्लेबाजी करते रहे तो किसी भी ओवर में मैच जीत सकते हैं। मुझे उसके लिए बहुत खुशी है और उम्मीद करता हूं कि वह केकेआर और अपने लिए इस तरह की बल्लेबाजी जारी रखेगा। राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा को मलाल है कि पिछले दो मैच में टीम की हार के दौरान उनके बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रहें।

उन्होंने कहा, पिछले दो मैच में हम पर्याप्त स्कोर खड़ा नहीं कर पाए। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ हमने 130 रन बना लिए जबकि चार ओवर बचे थे, 170 रन बनाने चाहिए थे। आज हम बीच के ओवरों में उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल पाए। संगकारा ने कहा, संजू (सैमसन) ने अच्छी बल्लेबाजी की और अंत में शिमरोन हेटमार ने हमें कुछ सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। दोनों मैच में गेंदबाजों ने अपना पूरा प्रयास करते हुए मुकाबले को अंतिम ओवर तक खींचा लेकिन अगले मैच से पहले काफी सुधार और काफी सोच विचार करने की जरूरत है।

डेनियल विटोरी और इमरान ताहिर ने की ये डिमांड, खिलाड़ियों को मिलने चाहिए ऐसे रिव्यू

नई दिल्ली, एजेंसी

- न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी और दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि वाइड और हाइट नो बॉल भी डीआरएस के दायरे में आनी चाहिए

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी और दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर इमरान ताहिर का मानना है कि वाइड और हाइट नो बॉल भी डीआरएस के दायरे में आनी चाहिए, क्योंकि कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए आईपीएल 2022 के 47वें मैच के अंपायर्स कॉल पर नई बहस छिड़ गई है। अंतिम दो ओवरों में 18 रन का बचाव करते हुए राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन सोमवार को अंतिम ओवर में अंपायर नितिन पंडित के वाइड कॉल से परेशान थे।

सैमसन ने तब रिव्यू के लिए कहा जब गेंद बल्ले से मीलों दूर थी। इसने रिव्यू के लिए वाइड और कमर की ऊंचाई वाली नो-बॉल के लिए एक नई बहस छेड़ दी, जिसमें कीवी पूर्व ऑलराउंडर ने एक बार फिर इस मुद्दे पर बात की। आरसीबी के पूर्व कोच डेनियल विटोरी ने कहा, मुझे नहीं लगता कि उस गेंद पर कोई आउट था, बिल्कुल (खिलाड़ियों को वाइड्स की रिव्यू करने की अनुमति दी जानी चाहिए)। खिलाड़ियों को ऐसे महत्वपूर्ण मामलों में निर्णय लेने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज यह थोड़ा अलग है जहां हमेशा ऐसा लग रहा था कि केकेआर जीतने वाली है, लेकिन हम यहां कई बार बैठे हैं और देखा है कि निर्णय गेंदबाजों के खिलाफ जाते हैं जो इतने करीब हैं और अंपायर ने गलत फैसला दिया है। इसलिए खिलाड़ियों के पास उन गलतियों को सुधारने के लिए कुछ रास्ते होने चाहिए। इसलिए डीआरएस लाया गयाः गलतियों को सुधारने के लिए। मैं ऐसा होते देखना चाहता हूं। खिलाड़ी इसके बहुत अच्छे जज होते हैं। वे इसे अधिक बार ठीक कर लेते हैं।

आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में गैर ओलंपिक स्पर्धा

14 निशानेबाजों का खर्चा उठाएगा एनआरएआई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने जर्मनी के सुहल में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में गैर ओलंपिक स्पर्धा के 14 निशानेबाजों का खर्चा उठाने का फैसला किया है।

जर्मनी के शहर में नौ से 20 मई तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय जूनियर निशानेबाजी कैलेंडर की इस शीर्ष प्रतियोगिता में भारत 51 सदस्यीय मजबूत दल उतारने की तैयारी कर रहा है। एनआरएआई महासचिव के सुलतान सिंह ने बयान में कहा, शीर्ष तीन रैंकिंग के आधार पर एनआरएआई ने 51 निशानेबाजों का चयन किया था। इनमें से ओलंपिक स्पर्धाओं के 37 निशानेबाजों का प्रायोजन भारतीय खेल प्राधिकरण करेगा और गैर ओलंपिक स्पर्धाओं के 14 निशानेबाजों का प्रायोजन एआरएआई करेगा। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि कम उम्र में स्तरीय अनुभव मिलने से भविष्य में उन्हें ओलंपिक स्पर्धाओं के लिए कौशल के विकास में मदद ही मिलेगी। अतीत में भी ऐसे कई उदाहरण देखे गए हैं। साथ ही आपको नहीं पता कि भविष्य में कौन सी स्पर्धा ओलंपिक का हिस्सा होगी और कौन सी नहीं।

सौरभ चौधरी और मनु भाकर जैसे बड़े नामों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के साथ 15 सदस्यीय सहयोगी स्टाफ भी जाएगा जिसमें कोच, फिजियो और ट्रेनर शामिल हैं।

खराब अंपायरिंग पर झल्लाए संजू सैमसन

नई दिल्ली। IPL 2022 का 47वां मैच सोमवार को राजस्थान और कोलकाता के बीच खेला गया। मैच में एक मजेदार वाकया देखने को मिला। KKR की पारी के दौरान 13वें ओवर में श्रेयस अय्यर ट्रेंट बोल्ट की लेग स्टंप से बाहर जाती गेंद पर पुल करना चाहते थे, लेकिन वो बीट हो गए। बॉल संजू सैमसन के ग्लव्स में गई और उन्होंने जोरदार अपील की।

अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया और गेंद को वाइड करार दिया। संजू ने तुरंत DRS ले लिया। रीप्ले में साफ नजर आया कि अंपायर से गलती हुई थी। बॉल अय्यर के ग्लव्स से लग कर गई थी और वो क्लियर आउट थे। अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा। श्रेयस 32 गेंद में 34 रन बनाकर आउट हुए। संजू सैमसन के इस फैसले की तारीफ कॉमेंट्री कर रहे मोहम्मद कैफ और सुरेश रैना ने भी की।

नीतीश राणा ने साथी खिलाड़ी रिंकू सिंह की तारीफ की

कहा- मुझे पता था वह बड़ा प्रदर्शन करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज नीतीश राणा ने कहा है कि आईपीएल में पर्याप्त समय बिताने के बाद अब वह एक छोर पर डटे रहने (एंकर की भूमिका) की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं और यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को उन्होंने इसकी झलक पेश की। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज नीतीश राणा ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग में पर्याप्त समय बिताने के बाद अब वह एक छोर पर डटे रहने (एंकर की भूमिका) की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं अब तक सफल रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि आगामी मुकाबलों में मैं टीम के लिए इस तरह की पारियां खेलूंगा। टीम मैच स्थिति के अनुसार मुझे जो भी भूमिका देगी मैं उसके अनुसार बल्लेबाजी करने का प्रयास करूंगा। राणा ने युवा रिंकू सिंह की भी तारीफ की जिन्होंने 23 गेंद में नाबाद 42 रन की तेज पारी खेली। उन्होंने कहा, रिंकू ने जिस तरह बल्लेबाजी की उससे मुझे बहुत खुशी है क्योंकि मैं उन्हें पांच-छह साल से जानता हूं और उन्होंने अपने खेल पर काफी काम किया है, वह प्रत्येक घरेलू सत्र में रन बनाते हैं। वह जिस तरह बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे पता था कि मौका मिलने पर वह हमारी टीम के लिए कुछ बड़ा करेंगे। राणा ने कहा, जब वह बल्लेबाजी के लिए आया तो मैंने उसे शांत करने का प्रयास किया क्योंकि जहां तक मुझे पता है कि वह थोड़ा हाइपर हो जाता है और मैंने उसे कहा कि अगर हम दोनों बल्लेबाजी करते रहे तो किसी भी ओवर में मैच जीत सकते हैं। मुझे उनके लिए बहुत खुशी है और उम्मीद करता हूं कि वह केकेआर और अपने लिए इस तरह की बल्लेबाजी जारी रखेंगे।

संक्षिप्त खबरें

नरेश कुमार कॉर्बेट के नए निदेशक बने

ऋषिकेश। भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी नरेश कुमार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है । एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। प्रदेश के वन सचिव विजय कुमार यादव की ओर से यहां जारी एक आदेश के अनुसार, 1999 बैच के वनाधिकारी नरेश कुमार को राहुल के स्थान पर सीटीआर के नए निदेशक की जिम्मेदारी दी गयी है । राहुल को हाल में रिजर्व के कोर क्षेत्र में अवैध निर्माण एवं पेडों के अवैध कटान के मामले में राज्य वन मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। नरेश इससे पूर्व प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण में कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे हैं। उत्तराखंड सरकार ने अप्रैल के आखिरी हफ्ते में वन सेवा के अधिकारी किशन चंद तथा जे एस सुहाग को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में अवैध निर्माण तथा अवैध रूप से पेड़ काटने के आरोपों के चलते निलंबित कर दिया था, जबकि राहुल को प्रदेश वन मुख्यालय से संबद्ध कर दिया था। सुहाग के विरुद्ध प्रदेश के वन प्रमुख को क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण कोष (कैम्पा फंड) का हिसाब किताब नहीं देने का भी आरोप था । उनकी जगह कैम्पा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी का प्रभार अब अतिरिक्त प्रमुख मुख्य वन संरक्षक गिरिजा शंकर पाण्डे को दे दिया गया है ।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा का आरंभ

देहरादून। उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट छह माह बंद रहने के बाद मंगलवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और इसी के साथ इस साल की चारधाम यात्रा का आरंभ हो गया। उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट क्रमशः पूर्वाह्न 11:15 और अपराह्न 12:15 पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद खोल दिए गए । गंगोत्री मंदिर के कपादोद्घाटन के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे । मंदिर खोले जाने के बाद पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से की गयी । मुख्यमंत्री ने मां गंगा को समर्पित गंगोत्री मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद कहा, ह्य आज से चारधाम यात्रा विधिवत रूप से शुरू हो रही है । मैं सभी श्रद्धालुओं का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर स्वागत करता हूं । यह यात्रा ऐतिहासिक हो, सबकी यात्रा सरल और सुगम हो, सबके मंगल की कामना करता हूं । हमारी सरकार सुगम एवं सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिये वचनबद्ध है । धामी ने फोन के माध्यम से यमुनोत्री धाम के मुख्य पुजारियों एवं वहां उपस्थित समस्त श्रद्धालुजनों को भी मंदिर के कपाट खुलने के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दीं । चारधाम के नाम से प्रसिद्ध दो अन्य धामों– केदारनाथ और बदरीनाथ के कपाट क्रमशः छह मई और आठ मई को खुलेंगे । पिछले दो साल से कोविड महामारी के कारण बाधित रही चारधाम यात्रा में रिकार्ड श्रद्धालुओं के आने की संभावना के मद्देनजर राज्य सरकार ने जहां प्रत्येक धाम में प्रतिदिन दर्शन करने के लिए तीर्थयात्रियों की संख्या निर्धारित कर दी है, वहीं इसका निर्विघ्न संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने भी सत्यापन अभियान चलाकर करीब ढाई हजार संदिग्धों की पहचान कर उनमें से 10 को गिरफ्तार किया है ।

दुनियाभर में मुसलमान हिंसा का शिकार हो रहें : जो बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोमवार को कहा कि दुनियाभर में मुसलमान हिंसा का शिकार हो रहे हैं। साथ ही, उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय हर दिन अमेरिका को मजबूत बना रहा है यद्यपि वह खुद समाज में वास्तविक चुनौतियों और खतरों का सामना कर रहा है।

व्हाइट हाउस में ईद-उल-फितर के मौके पर बाइडन ने यह बात कही।

बाइडन ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए दूतावास प्रभारी के पद पर पहली बार किसी मुस्लिम को नियुक्त किया है।

उन्होंने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि आज, दुनिया भर में हम देख रहे हैं कि बहुत से मुसलमान हिंसा का शिकार हो रहे हैं। किसी को भी, उसकी धार्मिक आस्थाओं के लिए प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए।

इस कार्यक्रम में प्रथम महिला जिल बाइडन, मस्जिद मोहम्मद के इमाम डॉ. तालिब एम शरीफ और पाकिस्तानी गायिक एवं संगीतकार अरूज आफताब ने भी शिरकत की।

बाइडन ने कहा, आज, हम उन सभी को याद करते हैं जो इस पाक दिन का जश्न नहीं मना पा रहे हैं, जिनमें उइगर, रोहिंग्या समुदाय के लोगों सहित वे सभी शामिल हैं जो अकाल, हिंसा, संघर्ष और बीमारी से पीड़ित हैं।

उन्होंने कहा, दुनिया में आशा और प्रगति के संकेतों का सम्मान करें, जिसमें युद्धविराम भी शामिल है, जिससे यमन में लोगों को छह वर्षों में पहली बार शांति से रमजान और ईद मनाने का मौका मिला है।

बाइडन ने कहा, लेकिन साथ ही, हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि विदेशों में और यहां देश में बहुत काम किया जाना बाकी है। मुसलमान हमारे देश को हर दिन मजबूत बनाते हैं, भले ही वे अब भी हमारे समाज में वास्तविक चुनौतियों और खतरों का सामना कर रहे हैं, जिसमें लक्षित हिंसा और इस्लामोफोबिया (इस्लाम से भय) शामिल है।

समारोह के बाद एक ट्वीट में बाइडन ने कहा, जिल और मैं व्हाइट हाउस में आज रात ईद-उल-फितर का पर्व मनाकर काफी सम्मानित महसूस कर रहे हैं और हम दुनिया भर में यह पर्व मनाने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। ईद मुबारक।

इस बीच, अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने ट्वीट किया, डगलस और मैं ईद-उल-फितर मनाने वाले सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं....ईद मुबारक। हैरिस के पति का नाम डगलस एमहॉफ है।

ईद पर बीएसएफ और पाकिस्तान रेंजर्स ने बांटीं मिठाइयां

जम्मू, एजेंसी

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पाकिस्तान रेंजर्स ने मंगलवार को ईद के मौके पर जम्मू क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। बीएसएफ के उपमहानिरीक्षक एस पी एस संधू ने कहा, बीएसएफ और पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों ने आज ईद के मौके पर जम्मू फ्रंटियर के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित विभिन्न चौकियों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सांबा, कठुआ, आरएस पुरा और अखनूर में सीमा चौकियों पर मिठाइयां बांटी गईं। उपमहानिरीक्षक ने कहा कि बीएसएफ ने रेंजर्स को मिठाई बांटी और बाद में रेंजर्स ने बीएसएफ को मिठाई भेंट की।

संधू ने कहा, सीमा पर वर्चस्व कायम रखते हुए शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में बीएसएफ हमेशा आगे रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सद्भावना दोनों बलों के बीच सीमा पर शांतिपूर्ण माहौल और सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने में मदद करती है। बीएसएफ भारत-पाकिस्तान के बीच लगभग 2,290 किलोमीटर अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करता है जो जम्मू, पंजाब, राजस्थान से गुजरात तक जाती है।

जोधपुर में पथराव के बाद तनाव

जोधपुर। राजस्थान के जोधपुर शहर में सांप्रदायिक तनाव के बाद मंगलवार को 10 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की तथा उच्च स्तरीय बैठक के बाद हालात पर काबू पाने के लिए गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव सहित आला अधिकारियों को तत्काल जोधपुर जाने के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विवाद की शुरूआत सोमवार आधी रात के बाद हुई जब अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोग ईद पर जालोरी गेट के पास एक चौराहे पर धार्मिक झंडे लगा रहे थे, इन लोगों ने चौराहे में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी बालमुकुंद बिस्सा की प्रतिमा पर झंडा लगाया जिसका हिंदू समुदाय के लोगों ने विरोध किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंदू समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि वहां परशुराम जयंती पर लगाए गए ध्वज को हटाकर इस्लामी ध्वज लगाया गया, इसको लेकर दोनों समुदाय के लोग आमने सामने आ गए और झड़प हो गई। पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनुसार स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन पथराव में पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए।

पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए इलाके में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं। हालात काबू में कर लिए गए और मंगलवार सुबह जालोरी गेट के पास ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की गई,लेकिन नमाज के बाद कुछ लोगों ने वहां खड़े वाहनों पर पथराव किया। इसमें कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालात पर काबू पाने के लिए जोधपुर के कार्यपालक मजिस्ट्रेट राजकुमार चौधरी ने शहर के दस थाना क्षेत्रों, उदयमंदिर, सदर कोतवाली, सदर बाजार, नागोरी गेट, खांडा फलसा, प्रतापनगर, प्रतापनगर सदर, देवनगर, सूरसागर व सरदारपुरा में मंगलवार दोपहर एक बजे से बुधवार मध्यरात्रि तक कर्फ्यू लगाने के आदेश जारी किए।

न्यूजीलैंड में रॉकेट को हेलीकॉप्टर से पकड़ने का अभियान आंशिक रूप से सफल

वेलिंगटन, एजेंसी

रॉकेट लैब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर बेक का कहना है कि उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने के बाद पृथ्वी की ओर लौटते रॉकेट को हेलीकॉप्टर से पकड़ने का काम बेहद जटिल है। उन्होंने इस काम की तुलना सुपरसोनिक बैले से की है। रॉकेट लैब ने मंगलवार को अपने छोटे इलेक्ट्रॉन रॉकेटों को पुनः इस्तेमाल करने योग्य बनाने की कोशिश की। इस मुहिम के तहत उपग्रहों को अंतरिक्ष में पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किए गए एक रॉकेट को हेलीकॉप्टर की मदद से पकड़ने की कोशिश की गई, लेकिन उसे पकड़ते ही हेलीकॉप्टर के चालक दल के सदस्यों को सुरक्षा कारणों के चलते उसे छोड़ना पड़ा और रॉकेट प्रशांत महासागर में गिर गया।



M. 9899415499
MEHRA DIESEL & SERVICES
AUTHORISED DEALER
Lucas TVS DRIVEN | HOLSET | Honeywell Garrett
H.Off. 36 Mile Stone, NH-8, Near Subway,Near IOL Petrol Pump, Opp. Naharpur, Delhi Jaipur Road, Gurgaon (Haryana) India
Mobile: 9399415499 | Email.: mehra.diesel99@gmail.com

M2M DIESEL SERVICE
Authorised Service Dealer DTVS-FIE
Delphi-TVS | LIS
KULDEEP MEHRA
PROPRIETOR
+91- 9899755499
m2m.dieselservice@gmail.com
Ground Floor, Near Sisothya Automobiles Tata Motors, NH-8, V-Khaliawas, Rewari, Haryana-123106

Saraswati International School
Sec -74, B.P.Khatola Gurugram
Affiliated to C.B.S.E
(Aff. No. 530935)
Admission open for Nursery to XII Session 2022-23
Welcome back to School
Contact: 7065005743/0124-2971377
Web: www.saraswatiinternational.co.in
Email: saraswatiinternational12@gmail.com

LIC health insurance car insurance
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Sumit Malhotra
Ph. 92158 52222
99966 39991
Shop Number 9 Deep Plaza Near District Court Gurgaon

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DAYS (Acupressure Yoga Science), DY (Yoga), DEMS (Electrohomeopathy Medicine Science)
DEGREE COURSE: MBBA (Bachelor of Magnet & Acupressure), BAYS (Bachelor of Acupressure Yoga Science), BEMS, MBAS (Bachelor of Medicine in A.C.T. Science), MD (Acupuncture), MD (TM), MD (EH) BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course
PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL: MA HINDI | POLITICAL SCIENCE | SOCIOLOGY | HISTORY | MSW
Proposed Campus
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Facilities: Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Online Examination | Experienced Faculties | OPD | Free WiFi | CCTV Camera | Computer Lab
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारो विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. अजय प्रकाश रजिस्ट्रार
Apply Online: www.bayc.in
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष
9304942855, 9572607696, 9334278279
परीक्षा सूचना: एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसीन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय से सम्पर्क करें।
Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

SAPNA MOTORS
BUY | SALE | EXCHANGE PRE OWNED CARS
PURUSHOTAM SAINI
+91 9810545350
Purushotam5350@gmail.com
SECTOR 31, SHOP NO. 706-2 HUDA MARKET, GURUGRAM (HR)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129